जबलपुर
बुधवार 15 जुलाई 2026

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **CHHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हरियाणा बना आधुनिक रेल क्रांति का अग्रदूत



विकसित भारत
विकसित हरियाणा
नायब सिंह सैनी

देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन का संचालन जींद-सोनीपत रेलखंड से होगा



भारत आज विकास के ऐसे स्वर्णिम दौर से गुजर रहा है, जहां आधुनिक तकनीक, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। रेलवे क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा है। आज भारतीय रेल विश्वस्तरीय तकनीक, अत्याधुनिक सुविधाओं और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी विकास यात्रा में हरियाणा को एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन का संचालन हरियाणा के जींद-सोनीपत रेलखंड पर किया जाना केवल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह परियोजना विकसित भारत और ग्रीन इंडिया के संकल्प को नई मजबूती प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने सदैव इस बात पर बल दिया है कि भारत का विकास आधुनिक तकनीक, नवाचार और आत्मनिर्भरता पर आधारित होना चाहिए। इसी सोच का परिणाम है कि आज भारत स्वदेशी तकनीक के बल पर नई-नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। जींद-सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना भारतीय रेलवे के इतिहास में एक परिवर्तनकारी पहल है। यह परियोजना दर्शाती है कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि नई तकनीकों का निर्माता और विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र बन रहा है। पूर्णतः स्वदेशी डिजाइन, निर्माण और रूपांतरण के साथ तैयार यह ट्रेन भारतीय इंजीनियरों की क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का जीवंत उदाहरण है। यह हाइड्रोजन ट्रेन ब्रॉड गेज पर संचालित होने वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक होगी। लगभग 141 करोड़ की लागत से तैयार इस ट्रेन में दो ड्राइविंग पावर कार और आठ यात्री कोच होंगे। लगभग 2400 किलोवाट की शक्ति क्षमता के साथ यह रेलवे की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल होगी। इसका सफल ट्रायल पूरा हो चुका है तथा मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। इससे स्पष्ट है कि भारत अत्याधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल रेल परिवहन की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है। हरियाणा के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यह परियोजना प्रदेश को आधुनिक रेलवे तकनीक का केंद्र बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगी। लगभग 89 किलोमीटर लंबे जींद-सोनीपत रेलखंड पर संचालित होने वाली यह ट्रेन प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को नई पहचान देगी। इससे न केवल यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। आज हरियाणा में जो विकास दिखाई दे रहा है, वह केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान की है। चाहे राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार हो, रेलवे अवसंरचना का आधुनिकीकरण, हवाई सेवाओं का विस्तार, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में नई परियोजनाएं हों या आधुनिक सार्वजनिक सुविधाओं का विकास-हर क्षेत्र में हरियाणा निरंतर आगे बढ़ रहा है। जींद-सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना भी इसी समन्वित विकास दृष्टि का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रधानमंत्री नका स्पष्ट विजन रहा है कि भारत का विकास केवल बड़े शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि देश के प्रत्येक राज्य और प्रत्येक क्षेत्र तक आधुनिक सुविधाएं पहुंचें। इसी सोच के अनुरूप हरियाणा में रेलवे, सड़क, ऊर्जा, उद्योग और डिजिटल अवसंरचना को अभूतपूर्व गति मिली है। प्रदेश में आधुनिक परियोजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन यह दर्शाता है कि डबल इंजन सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। हाइड्रोजन ऊर्जा भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा मानी जाती है। इसका उपयोग न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा, बल्कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक सिद्ध होगा। रेलवे द्वारा हाइड्रोजन तकनीक को अपनाना इस बात का प्रमाण है कि देश भविष्य की चुनौतियों के लिए आज से ही तैयारी कर रहा है। आज भारत दुनिया के सामने एक ऐसे राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, जो परंपरा और आधुनिकता का संतुलित समन्वय करते हुए विकास की नई इबारत लिख रहा है। हरियाणा इस परिवर्तनकारी यात्रा का सक्रिय सहभागी है। यह परियोजना प्रदेश के युवाओं, इंजीनियरों और उद्योग जगत के लिए भी नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी तथा आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में रोजगार और निवेश के नए अवसर सृजित करेगी।डबल इंजन सरकार के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश इसी प्रकार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत, हरित विकास, आधुनिक तकनीक और विकसित भारत के संकल्प का सशक्त प्रतीक है।

(लेखक हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं)

## खबर संक्षेप

### शिअद को बड़ा झटका महासचिव ने छोड़ी पार्टी



**तरनतारन।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) को मंगलवार बड़ा झटका लगा, जब पार्टी के महासचिव इकबाल सिंह संधू ने प्रथम सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया। वे लंबे समय से पार्टी के साथ जुड़े हुए थे व तरनतारन हलके से टिकट के प्रबल दावेदार रहे हैं। संधू गांव मथरेवाल से संबंधित हैं। वे एसएस बोर्ड के सदस्य भी रहे हैं।

### मंडी गोबिंदगढ़ में बेअदबी के आरोपी की हत्या



**गोबिंदगढ़।** पंजाब के मंडी गोबिंदगढ़ से सनसनीखेज खबर है। यहां गांव तुर्रा में सोमवार देर रात श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के आरोपी की घर में घुसकर हत्या कर दी है। मृतक मेवा सिंह तुरां गांव का रहने वाला था। 6 साल पहले श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी का आऱोप है।आरोपी ने घुसकर तलवार से हमला किया।

### राष्ट्रपति आज करेंगी 'सौश्रुतम ' का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू15 जुलाई को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में 3 दिनी अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 'सौश्रुतम 2026' का उद्घाटन करेंगी। आयुष मंत्रालय के तहत यह 15-17 जुलाई तक चलेगा, जबकि 14 जुलाई को पूर्व-कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह शल्य चिकित्सा के जनक आचार्य सुश्रुत की जयंती पर हो रहा है।

### रामनगर-देहरादून रेल सेवा 18 जुलाई से



**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि उत्तराखंड में रामनगर से देहरादून के बीच ट्रेन सेवा 18 जुलाई को शुरू होगी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया।

बलूनी ने कहा कि यह देहरादून आने-जाने वाले स्थानीय लोगों की यात्रा को बहुत आसान बना देगी।

## अदालत के 10 दिन के अंदर हलफनामा पेश करने को कहा

# चाहे कितनी ही भाषाएं थोप दें पर न तो इसके शिक्षक हैं और न किताबें

**त्रिभाषा नीति का मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा**

**याचिकाकर्ताओं ने किया दावा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्रिभाषा नीति को लेकर चल रहा विवाद अब सुप्रीमकोर्ट तक पहुंच गया है। इस विवाद पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि सरकार छात्रों को पर्याप्त विकल्प देने के बजाए उन पर भाषाएं थोपना चाहती है। वहीं सरकार की ओर से यह तर्क रखा गया कि नई शिक्षा नीति के तहत भारतीय और स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है।

- सुनवाई के दौरान सीजेआई ने की एक बड़ी टिप्पणी

यह पूरा मामला सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) के उस सर्कुलर से जुड़ा है, जिसमें छठी कक्षा से त्रिभाषा के फार्मूले को लागू करने की बात कही गई है। इस फार्मूले के तहत छात्रों को भारत की 2 स्थानीय भाषाएं पढ़ना अनिवार्य होगा। इस दौरान सीजेआई ने कहा कि किसी की नौकरी नहीं जाएगी। इस सर्कुलर के खिलाफ कुछ याचिकाकर्ताओं ने ने दावा था कि यह फैसला अधिकार क्षेत्र से बाहर लिया है। इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।


◀ अब 29 जुलाई को होगी सुनवाई




### मजबूर किया जा रहा

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद ग्रोवर पेश हुए। उन्होंने कहा कि सीबीएसई के पास ऐसा सर्कुलर जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। यह अधिकार केवल नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के पास है। उनका आरोप था कि छात्रों को बिना विकल्प दिए भाषाएं पढ़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। ग्रोवर ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर कोई छात्र संस्कृत की जगह पंजाबी पढ़ना चाहता है तो उसके लिए न तो पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हैं और न ही किताबें।

### 9वीं में अनिवार्य करने पर केंद्र, सीबीएसई और एनसीईआरटी से जवाब मांगा



सुप्रीम कोर्ट ने कक्षा 9 के छात्रों के लिए तीन भाषाओं की पढ़ाई अनिवार्य करने वाली सीबीएसई की नई नीति पर केंद्र सरकार, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने इस मामले में दाखिल दो नई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। अदालत ने सभी पक्षों से 10 दिन के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम इस मामले पर 29 जुलाई को सुनवाई करेंगे।

### कोर्ट ने उठाया 'स्थानीय भाषा' शब्द पर सवाल

सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने 'स्थानीय भाषा' शब्द पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कोर्ट यह समझना चाहता है कि 'नेटिव' या स्थानीय भाषा से सरकार का क्या मतलब है? वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने भी छात्रों की परेशानी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अगर कोई छात्र अब तक फ्रेंच पढ़ता रहा है और नौवीं कक्षा में अचानक उससे तमिल जैसी कोई दूसरी भाषा पढ़ने और परीक्षा देने के लिए कहा जाए, तो यह व्यावहारिक नहीं होगा। उन्होंने यह भी सवाल किया कि दिल्ली के कितने स्कूलों में ऐसी भाषाएं पढ़ाने के लिए शिक्षक उपलब्ध हैं?

### रोजगार दिलाने वाली भाषाएं ही पढ़ाएं

ग्रोवर ने कहा कि हर बच्चे को ऐसी भाषा सीखने का मौका मिलना चाहिए, जिससे भविष्य में उसे रोजगार मिलने में मदद मिल सके। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने सरकार के हलफनामे का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार का दावा है कि नई पाठ्यपुस्तकें तैयार की जा रही हैं। छात्रों से उम्मीद की जा रही है कि वे अंग्रेजी और दूसरी विदेशी भाषाओं के बजाए भारतीय और स्थानीय भाषाओं को अपनाएं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कक्षाओं के लिए नियमों में कुछ ढील दी गई है।

### नौकरी से हटाया तो बहाल करेंगे

शंकरनारायणन ने अदालत से अनुरोध किया कि अंतिम फैसला आने तक इस नीति को लागू न किया जाए। उनका तर्क था कि इस सर्कुलर को लागू करने से शिक्षकों की नौकरियों पर भी असर पड़ सकता है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि किसी शिक्षक को इस वजह से नौकरी से हटाया जाता है, तो अदालत जरूरत पड़ने पर उसे वापस बहाल भी करवा सकती है।

### इन्होंने दायर की याचिका

नई याचिकाएं अमनदीप कौर और अर्पण रॉय चौधरी की ओर से दायर की गई हैं। याचिकाओं में केंद्र , सीबीएसई, एनसीईआरटी को पक्षकार बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद ग्रोवर और गोपाल शंकरनारायणन ने अदालत के सामने कई व्यावहारिक और कानूनी मुद्दा उठाए।



## 4 पत्रावलियों पर बातचीत हुई

# मध्यस्थता कोर्ट में वार्ता विफल दोनों पक्षों का समझौता से मना

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

ज्ञानवापी मामले में मध्यस्थता कोर्ट में सुनवाई मंगलवार को पूरी हो गई। दोनों पक्षों ने मध्यस्थता से इनकार कर दिया है। 4 पत्रावलियों पर ये बातचीत हुई है।

चारों पत्रावलियों के पक्षकार आए थे और सभी ने इस मामले में किसी भी प्रकार की मध्यस्थता से इनकार किया और कोर्ट के निर्णय को सर्वमान्य मानने की बात कही।

सभी पक्षों ने अपनी-अपनी बातों पर दृढ़ता दिखाई कि कोई समझौता नहीं करेंगे, अपनी लड़ाई लड़ेंगे। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार समझौते की वार्ता विफल हो गई।

**ज्ञानवापी मामलेकी सुनवाई पूरी**

### श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर बनाम ज्ञानवापी मस्जिद

वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़ा ऐतिहासिक और कानूनी विवाद है। मंदिर पक्ष का मानना है कि ज्ञानवापी के नीचे आदि-विश्वेश्वर का मंदिर मौजूद है। 1669 में औरंगजेब द्वारा इसे तोड़े जाने के ऐतिहासिक साक्ष्य दिए जाते हैं। मस्जिद पक्ष का दावा है कि यह जमीन सदियों से वक्फ की संपत्ति है और यहां नियमित नमाज होती रही है।

**पूजा स्थल अधिनियम 1991' का हवाला दिया:** वह 'पूजा स्थल अधिनियम 1991' का हवाला देता है, जो धार्मिक स्थल के 1947 वाले स्वरूप को बदलने से रोकता है।

### यह आदिकाल से बना मंदिर था

मंदिर पक्ष से रेखा पाठक, शैलेंद्र पाठक आदि अधिवक्ताओं के साथ आए थे। हिंदू पक्ष ने कहा कि मेरा मंदिर है, मुझे मंदिर चाहिए और कोई समझौता नहीं हो सकता, वहां मंदिर है, आदिकाल से चला आ रहा है। हमें मंदिर में पूजा पाठ करना है। शैलेंद्र पाठक ने कहा कि ज्ञानवापी परिसर के तलगृह अंदर पूजा चल भी रही है।

**प्रदेश सरकार बोली-सहमति नहीं बनी:** प्रदेश सरकार के अधिवक्ता राजेश मिश्र ने बताया कि समझौते के लिए दोनों पक्ष मौजूद रहा, लेकिन समझौते के लिए सहमति नहीं बनी है। उन्होंने बताया कि सभी पक्षों अपने-अपने दावे को लेकर दृढ़ता दिखाई है और कहा कि वे अपनी लड़ाई लड़ेंगे।

## मांडविया ने दी सौगात

# देशभर में सात कर्मचारी राज्य बीमा स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने तेलंगाना के सनथनगर स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल से देशभर में सात कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मांडविया ने सनथनगर स्थित ईएसआईसी अस्पताल के नए ओपीडी ब्लॉक का प्रत्यक्ष उद्घाटन किया और 6 परियोजनाओं का वर्चुअल शुरुआत की। ये हैं: असम के बेल्टोला में उन्नत 200 बिस्तरों वाला ईएसआईसी अस्पताल, तमिलनाडु के श्रीपेरुम्बुदुर में 100 बिस्तरों वाला ईएसआईसी अस्पताल, आंध्र प्रदेश के राजामहेंद्रवरम में ईएसआईसी अस्पताल; गुजरात के सुरेंद्रनगर में ईएसआई औषधालय और शाखा कार्यालय, कोटा के उद्योग नगर में ईएसआई औषधालय और शाखा कार्यालय और राजस्थान के भवानी मंडी में ईएसआईऔषधालय।

## केतन की मां की प्रधानमंत्री को चिट्ठी

# मोदी जी... मैं मां हूं, बेटे के लिए लड़ रही, इंसाफ दिलाएं



एजेंसी ▶▶ पुणे

यहां के रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की हत्या के मामले में उनकी मां राखी अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक भावुक ईमेल लिखा। उन्होंने पीएम मोदी से अपने बेटे के लिए न्याय सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने बेटे की मौत के लिए जिम्मेदारों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। पत्र में राखी ने कहा कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि एक दिन उन्हें अपने बच्चे के लिए न्याय मांगने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखना पड़ेगा। जिस दिन केतन की मृत्यु हुई, उसी दिन मेरी दुनिया खत्म हो गई। घर का हर कोना, उसका कमरा, कपड़े और तस्वीरें, उन्हें उस क्षति की याद दिलाती हैं। उन्होंने कहा कि हर मां की तरह, मैंने भी केतन को एक खूबसूरत जिंदगी बनाते, शादी करते और हमारे साथ बूढ़ा होते देखने का सपना देखा था।

### महिला से छेड़छाड़, परिवार का 25 किमी तक किया पीछा, हमला... 9 गिरफ्तार

**नासिक।** यहां के इगतपुरी स्थित भवली बांध पर पिकनिक मनाने गए एक परिवार की महिला से कथित छेड़छाड़ का विरोध करने पर कुछ युवकों ने परिवार पर हमला कर दिया। आरोपियों ने कार में तोड़फोड़ की और 25-30 किलोमीटर तक उनका पीछा किया। इस मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर वीडियो और तकनीकी जांच के आधार पर 9 आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि एक आरोपी की तलाश जारी है। खास बात यह है कि घटना में शामिल एक आरोपी पर पहले से हत्या का मामला दर्ज है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ 2026)

अपनी अधिसूचित फसल का बीमा
31 जुलाई 2026 तक अवश्य कराएं

प्रिय किसान भाइयो एवं बहनो,

वर्ष 2026 में एल-नीनो (El Niño) के संभावित प्रभाव से वर्षा में अनियमितता एवं प्राकृतिक आपदाओं की संभावना को देखते हुए अपनी खरीफ फसल की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

फसल बीमा प्राकृतिक आपदा, सूखा, अतिवृष्टि एवं अन्य मौसम जनित जोखिमों से होने वाली आर्थिक हानि से सुरक्षा प्रदान करता है।

अंतिम तिथि का इंतजार न करें

आज ही निकटतम बैंक शाखा, ग्राहक सेवा केन्द्र, फसल बीमा पोर्टल, फसल बीमा ऐप एवं अधिकृत बीमा कंपनी के मध्यस्थ के माध्यम से फसल बीमा कराएं।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मध्यप्रदेश शासन

D-11060/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

# श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में सीईओ पद के लिए अमिताभ ने दिया आवेदन

मुखर छवि और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के लिए नामी पूर्व आईपीएस अधिकारी ने किया आवेदन: उधर, दिल्ली में चढ़ावा चोरी पर कांग्रेस ने किया सुदरकांड

एजेंसी ▶▶ अयोध्या



अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला सामने आने के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और अनिल मिश्रा इस्तीफा दे चुके हैं। अब ट्रस्ट ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश के पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने भी आवेदन किया है। अमिताभ उत्तरप्रदेश में कई विवाद और मामलों के लिए काफी चर्चा में रहते हैं। वे 1992 बैच के एक पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं। अमिताभ ठाकुर को मार्च 2021 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी गई थी। वह अपनी मुखर छवि और प्रशासनिक कार्यप्रणाली के लिए जाने जाते हैं। सेवा निवृत्ति के बाद, उन्होंने अपनी एक राजनीतिक पार्टी, 'आजाद अधिकार सेना' का गठन किया है और वे इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।

**आवेदकों के साक्षात्कार 18 जुलाई को होंगे**

### चढ़ावा चोरी मामला 'गुरुकमल' के बाहर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने रोका



कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ कहा-सुनी

**गुरुग्राम।** यहां मंगलवार को राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय 'गुरुकमल' के बाहर सुंदरकांड पाठ करने की कोशिश की। हाथों में हनुमान चालीसा लेकर पहुंचे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने कार्यालय के पास ही रोक दिया। पहले से लागू धारा 144 के चलते पुलिस ने बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोका। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। बाद में कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले जाया गया, जहां उन्होंने सुंदरकांड का पाठ शुरू कर दिया। प्रदर्शन में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वर्धन राव और पंकज डावर समेत कई नेता शामिल रहे। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार धार्मिक आस्था के नाम पर भी विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन 15 जुलाई 2026
कूपन नं. 3

inh छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### थोक महंगाई दर जून में बढ़कर 9.87% पर



**नई दिल्ली।** देश में महंगाई की मार और तेज हो गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जून में थोक महंगाई दर बढ़कर 9.87% पर पहुंच गई है, जो मई में 9.68% था। इस उछाल की मुख्य वजह कच्चे तेल, ईंधन और खाद्य पदार्थों की कीमतों में आई भारी तेजी है। खनिज तेल की महंगाई दर रिकॉर्ड 46.48% और कच्चे तेल की महंगाई दर 34.75% दर्ज की गई है।

### मन्नत विवादः शाहरुख को सुप्रीम कोर्ट से राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान के मुंबई (बांद्रा) स्थित बंगले मन्नत के रेनोवेशन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। सीजेआई ने कहा कि मन्नत एक निजी घर है और लोग अपने घरों का रेनोवेशन कर सकते हैं। कोर्ट ने मामले को एनजीटी भेजने की अपील भी नामंजूर कर दी।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.11% बढ़कर 7.74 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में देश का सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह मजबूत गति से आगे बढ़ रहा है। जारी आंकड़ों के अनुसार, 13 जुलाई 2026 तक कर संग्रह सालाना आधार पर 16.11 प्रतिशत बढ़कर 7.74 लाख करोड़ रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इस दमदार बढ़ोतरी में कॉरपोरेट टैक्स, पर्सनल इनकम टैक्स और सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स की मुख्य भूमिका रही है।

**कैबिनेट बैठक** मोहन सरकार ने टेक होम राशन व्यवस्था आजीविका मिशन से ली वापस

# महिला व बाल विकास विभाग को दी टेक होम राशन व्यवस्था की जिम्मेदारी

*पिछले करीब छह महीने से टेक होम राशन की व्यवस्था चरमरा गई थी। यह व्यवस्था प्रदेश भर की आंगनवाड़ियों में बंद हो गई थी*



सीएम डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने टेक-होम राशन व्यवस्था को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संस्था आजीविका मिशन से वापस ले लिया है। पिछले करीब छह महीने से टेक होम राशन की व्यवस्था चरमरा गई थी। यह व्यवस्था प्रदेश भर के आंगनवाड़ियों में बंद हो गई थी। इस वजह से आशंका जताई जाने लगी थी कि कहीं इसे बंद तो नहीं किया जा रहा है। हालांकि, कैबिनेट ने एक बड़ा निर्णय लेकर इसे आजीविका मिशन से वापस लेकर महिला व बाल विकास विभाग को सौंप दिया। अभी त्वरित रूप से अल्पकालीन निविदा, इसके बाद टेंडर के जरिए संचालन होगा। कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए। सरकार ने तात्कालिक रूप से अंतरिम व्यवस्था के रूप में स्व सहायता समूह से पूरक पोषण आहार प्रदाय के लिए महिला व बाल विकास विभाग को अधिकृत किया है।

**टेक-होम राशन का उत्पादन एवं वितरण दोनों की व्यवस्था स्व सहायता समूहों को दी**



▶▶ *मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लॉन्च किया दृष्टि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म*

▶▶ *पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल होगी*

## पंचायत दर्पण पोर्टल पर पेमेंट गेटवे का भी हुआ शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 23 हजार पंचायतों के लिए ऑडिट प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विकसित दृष्टि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लांच किया है। इसके साथ ही पंचायत दर्पण पोर्टल पर पेमेंट गेटवे की सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक के दौरान इसकी लांचिंग की गई। इससे पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल होगी। यह व्यवस्था देश में पंचायतों के पूर्णतः डिजिटल रिमोट वित्तीय ऑडिट की दिशा में अपनी तरह की अभिनव पहल है। पंचायत दर्पण पोर्टल पर शुरू पेमेंट गेटवे पंचायतराज संचालनालय दकी ओर से एनआईसी, जल निगम एवं यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से विकसित किया गया है।

### दृष्टि की एक खासियत यह भी

इस ऑनलाइन प्लेटफार्म की एक खासियत यह भी है कि प्रदेश के सभी पंचायतों में प्रत्येक माह की 5 तारीख को सभी पंचायतें सभी तरह के बिल व कार्य का विवरण अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे। ऑडिटर पहले बिलों का सत्यापन उसी समय कर लेगा, इसके बाद भौतिक सत्यापन करेगा। हर हाल में प्रत्येक 5 तारीख को इसे अपलोड करना होगा। इस पर अपलोड के बाद उसे बदलने की गुंजायश समाप्त हो जाएगी। जबकि दर्पण पोर्टल पर पेमेंट की व्यवस्था होगी।

### *प्रदेश की 23,011 ग्राम पंचायतों में ऑडिट प्रक्रिया होगी तेज*

सरकार ने कहा कि केंद्रीय वित्त आयोग से प्राप्त होने वाले अनुदान की राशि के लिए त्रिस्तरीय पंचायतों के समयबद्ध ऑडिट की अनिवार्यता है। भारत के महालेखाकार के निर्देशन में पंचायती राज संचालनालय की ओर से एनआईसी के तकनीकी सहयोग से ऑनलाइन ऑडिट के लिए दृष्टि नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर जाकर ऑडिटर अपने घर या ऑफिस से किसी भी पंचायत के सभी प्रकार के आय व्यय संबंधी अभिलेख देख सकते हैं। उनकी जांच कर सकते हैं। यह ऑडिट प्रक्रिया प्रदेश की 23,011 ग्राम पंचायतों के वित्तीय ऑडिट को तेज, सरल एवं पारदर्शी बनाएगी। इसके उपयोग से सीमित कर्मचारियों की ओर से समस्त पंचायतों का ऑडिट समय पर किया जा सकेगा।

**मप्र में प्रमोशन में आरक्षणः हाईकोर्ट का फैसला**

# कर्मचारियों का डेटा सरकारी है सीक्रेट नहीं, याचिकाकर्ताओं को दें

**कोर्ट ने कहा**

*जब तक पूरा सर्वे और डेटा नहीं मिलेगा, तब तक याचिकाकर्ता आपति कैसे दर्ज करेंगे?*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के 'प्रमोशन में आरक्षण' के बेहद संवेदनशील और बहुप्रतीक्षित मामले पर मंगलवार को हाईकोर्ट में एक अहम सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस द्वारा गठित स्पेशल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार द्वारा तैयार किया गया कर्मचारियों का क्वांटिफिएबल डेटा (पिछड़ेपन और प्रतिनिधित्व के आंकड़े) कोई सरकारी सीक्रेट नहीं है। इसे तुरंत याचिकाकर्ताओं के साथ साझा किया जाए। अगर याचिकाकर्ता को पूरा डेटा ही उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, तो वे उस पर अपनी कानूनी आपत्ति कैसे दर्ज करेंगे?



■ अब 21 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

### राज्य सरकार को आदेशों का पालन न करने पर नसीहत

जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 21 जुलाई दोपहर 2:30 बजे का समय तय किया है। सुनवाई के दौरान जब हाईकोर्ट ने मामले के पुराने रिकॉर्ड खंगाले, तो पाया कि 16 अक्टूबर 2025 को राज्य सरकार को अध्ययन और सर्वे का पूरा डेटा अदालत में पेश करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद 28 अक्टूबर को सरकार ने केवल एक सीलबंद लिफाफे में कुछ चुनिंदा डेटा पेश किया और बाकी दस्तावेज बाद में जमा करने की बात कही।

### सीलबंद लिफाफे पर महाधिवक्ता की दलील खारिज

- सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता (एजी) प्रशांत सिंह ने दलील दी कि कोर्ट के पिछले निर्देशों के अनुसार ही यह डेटा सीलबंद लिफाफे में पेश किया गया था और इसे प्रतिवादियों से साझा नहीं किया गया था।
- इस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता की दलील को खारिज करते हुए कहा कि जिस तरह महाधिवक्ता का कोई मौखिक आश्वासन रिकॉर्ड पर दर्ज नहीं होता, ठीक उसी तरह डेटा साझा न करने का कोई लिखित आदेश भी रिकॉर्ड में मौजूद नहीं है।

**सीबीआई ने आरोपियों को लेकर किया बड़ा दावा**

# वॉयस सैंपल देने से किया इनकार न्यायिक हिरासत 28 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में मंगलवार को भोपाल जिला न्यायालय में अहम सुनवाई हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के जरिए हुई इस सुनवाई के दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आरोपियों के वकीलों के बीच तीखी बहस देखने को मिली। वॉयस सैंपल (आवाज के नमूने) लेने की प्रक्रिया को लेकर दोनों पक्षों के दावों में बड़ा टकराव सामने आया है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों मुख्य आरोपियों, गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह की न्यायिक हिरासत 21 जुलाई से बढ़ाकर 28 जुलाई तक कर दी है। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि 6 जुलाई को उनकी एक विशेष टीम दोनों आरोपियों के वॉयस सैंपल लेने जेल पहुंची थी। लेकिन आरोपियों ने इसमें सहयोग नहीं किया। जांच एजेंसी के मुताबिक आरोपी गिरिबाला सिंह ने केवल एक बार सैंपल दिया।

▶▶ बचाव पक्ष बोला- पूरा सहयोग कर रहे हैं

▶▶ भोपाल एम्स ने अलग से पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने से किया मना दिल्ली एम्स के जवाब का इंतजार



गिरिबाला सिंह

### राजा के भाई का आरोपः जब से सोनम जेल से बाहर आई, तब से पतियों के मर्डर बढ़े



**नई दिल्ली/इंदौर।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में एक नया मोड़ आया है। आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी की जमानत रद्द करवाने के लिए मेघालय सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। इस अति-संवेदनशील मामले पर सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई कुछ अपरिहार्य कारणों से टल गई है, जो अब 21 जुलाई को होगी। इधर, मृतक कारोबारी के भाई विपिन रघुवंशी ने न्यायपालिका पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि सोनम की जमानत रद्द होना जरूरी है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि जब से सोनम रघुवंशी जमानत पर बाहर आई है।

**'बेकाबू' सांड का तांडवः खरगोन में कुत्ते के काटने के बाद सांड में आए रैबीज के लक्षण**

# एसपी दफ्तर में घुसा... फिर 6 फीट ऊंचे गेट को लांघकर शहर की सड़कों पर मचाया गदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

खरगोन में मंगलवार दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई, जब कुत्ता काटने से बेकाबू हुआ एक सांड सीधे पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय परिसर में जा घुसा। सांड ने करीब दो घंटे तक एसपी दफ्तर में जमकर उत्पात मचाया। उस वक्त कार्यालय में जनसुनवाई चल रही थी और बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। इस दौरान सांड साइबर शाखा के ठीक सामने अड़ गया, जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों और आवेदकों में दहशत फैल गई। सांड को काबू करने के लिए तुरंत गो माता सेवा संस्थान के गो रक्षकों को बुलाया गया। सांड बाहर न भाग सके, इसके लिए पुलिसकर्मियों ने एसपी ऑफिस का करीब 6 फीट ऊंचा मुख्य गेट बंद कर दिया। लेकिन जैसे ही गो रक्षकों ने सांड को रस्सी का फंदा डालकर पकड़ने की कोशिश की, सांड और भड़क गया। उसने बंद पड़े 6 फीट ऊंचे लोहे के गेट को फांदने के लिए जोरदार छलांग लगा दी। सांड को गंभीर चोट न आए, इसलिए गो रक्षकों ने फुर्ती दिखाते हुए तुरंत गेट खोल दिया और सांड वहां से भाग निकला। एसपी ऑफिस से निकलकर सांड टीआईटी कॉम्प्लेक्स होते हुए सीधे नगर पालिका कार्यालय की ओर भागा।

**सड़क पर बाइक सवार और फल के ठेले को मारी टक्कर, फायर फाइटर की मदद से पाया काबू**



गेट को लांघता सांड

### फायर फाइटर के पानी से किया शांत

इसके बाद बेकाबू सांड नगर पालिका की जल शाखा के परिसर में जा घुसा और खुद को अंदर बंद कर लिया। फायर फाइटर के पानी से किया शांत जल शाखा में सांड को काबू करना बेहद मुश्किल साबित हो रहा था। उसे शांत करने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई गई। सांड पर ठंडे पानी की बौछारें छोड़ी गईं, जिससे उसका गुस्सा कुछ शांत हुआ। इसके बाद सतीश राठौड़ और उनके साथी गो रक्षकों ने सूझबूझ से फंदा डालकर सांड को बांधा और रेस्क्यू वाहन में चढ़ाकर सुरक्षित स्थान पर भेजा।




1 जॉर्डन ने ईरान की चार मिसाइलें मार गिराईं

2 बहरीन पर अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर हमला

अमेरिका ने ईरान के सीमावर्ती इलाकों पर नए हमले किए

# माहशहर और अबादान को बनाया निशाना बंदरगाहों की फिर से शुरू की 'नाकेबंदी'

ट्रंप ने कहा है होर्मुज स्ट्रेट खुला है और ईरान के साथ या उसके बिना भी खुला रहेगा। केवल ईरान के जहाजों या उसके ग्राहकों को ही इस मार्ग से आने-जाने से रोका जाएगा। बाकी सभी देशों को इस स्ट्रेट का निष्पक्ष और खुला उपयोग करने की पूरी अनुमति होगी

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

अमेरिका ने इराक और कुवैत के पास ईरान के सीमावर्ती इलाकों पर नए हमले किए हैं। खुजेस्तान प्रांत के डिप्टी गवर्नर वलीओल्लाह हयाती ने बताया कि अबादान शहर (जहां पश्चिम एशिया की सबसे पुरानी तेल रिफाइनरी है) और बंदरगाह शहर माहशहर पर हमले किए गए। वहीं, अमेरिका की सेंट्रल कमांड ने बताया है कि कमांडर इन चीफ के निर्देश पर अमेरिकी सेंट्रल कमांड बल ने ईरानी बंदरगाहों पर समुद्री नाकेबंदी फिर से शुरू कर दी है। इन हमलों से बौखलाए ईरान ने यूएई, बहरीन और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं।


ईरान के बंदर अब्बास पर अमेरिका हमला

## जॉर्डन पर हमले का ईरान ने किया दावा

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने जॉर्डन में स्थित एक अमेरिकी एयरबेस को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया जिसका इस्तेमाल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए किया जा रहा था।

## ईरान का बहरीन में मिसाइल हमला

आईआरजीसी ने दावा किया है कि उसने बहरीन स्थित अमेरिकी नौसेना के फिफ्थ फ्लीट मुख्यालय पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। इस हमले में नौसैनिक अड्डे के ईंधन डिपो में आग लग गई। साथ ही अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस रडार, फ्लीट का एयर कंट्रोल रडार, सी-रैम अर्ली वार्निंग रडार सिस्टम और मानव रहित सतही जहाजों के नियंत्रण एवं निगरानी केंद्र को भी निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया।

## ओमान के पास टैंकर में धमाका

टैंकर 'स्टोल्ट मैग्नीशियम' के मैनेजर, 'स्टोल्ट टैंकर्स' का कहना है कि अरब सागर में ओमान के पास चलते समय किसी अज्ञात बाहरी चीज के धमाके के बाद टैंकर में आग लग गई। यह घटना सोमवार की रात 12:40 बजे हुई और इससे जहाज के इंजन रूम में आग लग गई। जहाज पर मौजूद सभी नाविक सुरक्षित हैं और सभी का पता चल गया है, साथ ही क्रू ने आग बुझाने का काम भी शुरू कर दिया है।

## खाड़ी देशों के पास उड़ान नहीं भरें: ईएएसए

यूरोपीय एविएशन सेफ्टी एजेंसी (ईएएसए) ने चेतावनी दी है कि एयरलाइंस को बहरीन, कुवैत, कतर, यूएई और ओमान की खाड़ी के पास उड़ान नहीं भरनी चाहिए। सैन्य गतिविधियों में अप्रत्याशित बदलाव और साथ ही मिसाइल, ड्रोन, लड़ाकू विमान और एयर-डिफेंस सिस्टम के इस्तेमाल की संभावना के कारण, संबंधित हवाई क्षेत्र में सभी ऊंचाइयों और उड़ान स्तरों पर नागरिक उड़ानों के लिए बहुत ज्यादा खतरा पैदा हो गया है।

होर्मुज पर अमेरिका-ईरान आमने-सामने

## ट्रंप ने मांगा 20% सुरक्षा शुल्क तेहरान बोला- 'गार्डियन' हम



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा होर्मुज स्ट्रेट को 'गार्डियन' बनने और वहां से गुजरने वाले कार्गो पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा पर ईरान ने प्रतिक्रिया दी है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की यह बात सही है कि सुरक्षा देने वाले को मुआवजा मिलना चाहिए, लेकिन 20 प्रतिशत शुल्क बहुत अधिक है। साथ ही उसने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट का वास्तविक 'गार्डियन' ईरान है। ट्रंप ने कहा था कि होर्मुज स्ट्रेट खुला है और ईरान के साथ या उसके बिना भी खुला रहेगा। हम 'ईरानी नाकाबंदी' को फिर से लागू कर रहे हैं। इसका मतलब है कि केवल ईरान के जहाजों या उसके ग्राहकों को ही इस मार्ग से आने-जाने से रोका जाएगा। बाकी सभी देशों को इस स्ट्रेट का निष्पक्ष और खुला उपयोग करने की पूरी अनुमति होगी।

## खबर संक्षेप


### बायजू रवींद्रन की 6 माह की सजा बरकरार

**नई दिल्ली।** सिंगापुर हाईकोर्ट ने संकटग्रस्त एजुकेशन टेक स्टार्टअप बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ सुनाई गई छह महीने की सजा को पलटने की मांग की थी। सजा के इस आदेश के कारण बायजू तभी सिंगापुर जा सकते हैं जब वे अदालत की ओर से सुनाई गई सजा पूरी करें। अदालत ने बीते 9 जुलाई को रवींद्रन की याचिका खारिज कर दी। रविंद्रन ने याचिका में सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। बायजू रविंद्र के लॉ फर्म लजारेफ रे बार्स ने यह जानकारी दी है।



### पीओके में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग, 6 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के रावलकोट में पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाई है, जिससे 6 लोगों की मौत हुई है। रावलकोट के नए बस टर्मिनल के पास मंगलवार को हिंसक झड़पें हुई है। बलूच सुधोनति में भी सुरक्षाबलों और आम लोगों के बीच टकराव हुआ है। बलूच सुधोनति और रावलकोट में जाहिद, जफर, अर्सलान अकबर और वाजिद नाम के लोगों की मौत की खबर है। रालवकोट और आसपास ताजा हिंसा ने तनाव और बढ़ा दिया है।



यूएन सुरक्षा परिषद 2028-29 की अस्थायी सदस्यता के लिए भारत का अभियान शुरू

# जयशंकर बोले- भरोसे और ईमानदारी से विकास सुनिश्चित करने का भारत पक्षधर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*जयशंकर ने कहा कि भारत का नजरिया बातचीत, सहयोग और मतभेदों को दूर करने पर आधारित होगा। 'महिला, शांति और सुरक्षा' एजेंडा से प्रेरित होकर, हम हमेशा महिला शांति-रक्षकों की भूमिका का समर्थन करेंगे*

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 2028-29 के कार्यकाल के लिए अस्थायी सदस्यता के लिए भारत उम्मीदवारी जता रहा है। इसे लेकर समर्थन जुटाने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर न्यूयॉर्क में हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत के अभियान की शुरुआत करते हुए अधिक प्रतिनिधित्व वाले, प्रभावी और भविष्य के अनुरूप वैश्विक व्यवस्था के लिए भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने दुनिया भर से आए राजनयिकों और प्रतिनिधियों को संबोधित किया। उन्होंने एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि यहां मैंने 'शांति' यानी नियमों, भरोसे और ईमानदारी के जरिए सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने-पर आधारित भारत के नजरिए को रेखांकित किया। जयशंकर ने कहा कि भारत की प्राथमिकताओं में ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करना और अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा पर उनकी चिंताओं को ध्यान में रखना। हमारे साझा भविष्य को तय करने में ग्लोबल साउथ को बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुधार गए बहुपक्षवाद को आगे बढ़ाना, इसे लोकतांत्रिक, प्रतिनिधित्वपूर्ण और असरदार बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत का नजरिया बातचीत, सहयोग और मतभेदों को दूर करने पर आधारित होगा। भविष्य के लिए तैयार शांति-रक्षा व्यवस्था, जो बेहतर संसाधनों से लैस हो, तकनीकी रूप से सक्षम हो, जिसके लक्ष्य यथार्थवादी हों और जो मुख्य उद्देश्यों पर केंद्रित हो। 'महिला, शांति और सुरक्षा' एजेंडा से प्रेरित होकर, हम हमेशा महिला शांति-रक्षकों की भूमिका का समर्थन करेंगे।

ग्लोबर साउथ की शांति और सुरक्षा पर ध्यान देगा भारत

समुद्री व्यापार का सुरक्षित और निर्बाध प्रवाह बनाए रखेगा



## स्लोवाकिया ने यूएनएससी में भारत की दावेदारी के लिए जताया समर्थन


स्लोवाकिया के विदेश मंत्री जुराज ब्लानार और जयशंकर

स्लोवाकिया के विदेश और यूरोपीय मामलों के मंत्री जुराज ब्लानार ने न्यूयॉर्क में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने यूएनएससी में अस्थायी सदस्यता की भारत की उम्मीदवारी का समर्थन दोहराया। दोनों नेताओं ने भारत और स्लोवाकिया के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की। उन्होंने स्लोवाकिया की वी4 अध्यक्षता, वी4+इंडिया प्रारूप की तैयारियों, प्रभावी बहुपक्षवाद, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार तथा वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर सहयोग सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## सुरक्षा और जनहित पर केंद्रित होगा एआई

जयशंकर ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समावेशित, सुरक्षा और जनहित पर केंद्रित होगा। भारत इसके दुरुपयोग और अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए खतरों से निपटने के लिए भी उतने ही प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून, खासकर यूएनसीएलओएस के अनुसार एक स्वतंत्र, खुले और नियमों पर आधारित समुद्री व्यवस्था को बढ़ावा देना। समुद्री व्यापार का सुरक्षित और निर्बाध प्रवाह बनाए रखना, समुद्री डकैती का मुकाबला करना, नाविकों की सुरक्षा और एचएडीआर मिशनों को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता होगी।

## जयशंकर ने यूएन प्रमुख गुटेरेस से की मुलाकात



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने दुनिया की अहम घटनाओं पर चर्चा की, जिसमें पश्चिम एशिया, यूक्रेन और सूडान में चल रहे संघर्ष शामिल थे। जयशंकर ने कहा कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के सेक्रेटरी जनरल एंटोनियो गुटेरेस से मिलकर खुशी हुई। वेस्ट एशिया, यूक्रेन और सूडान समेत दुनिया भर की घटनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही, भारत और संयुक्त राष्ट्र के बीच सहयोग की मजबूती को भी सराहा गया।

## भारत ने फिलिस्तीन की यूएन सदस्यता की मांग का किया समर्थन

भारत ने फिलिस्तीन की संयुक्त राष्ट्र में पूर्ण सदस्यता की मांग का फिर से समर्थन किया है। साथ ही, इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान के लिए 'दो-राष्ट्र समाधान' पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्रालय की सचिव श्रीप्रिया रंगनाथन ने ब्रुसेल्स में 'फिलिस्तीन डोनर ग्रुप' की मंत्री-स्तरीय बैठक में भारत का आधिकारिक रुख रखा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत फिलिस्तीन की यूएन पूर्ण सदस्यता का समर्थन करता है और अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर इजराइल और फिलिस्तीन दोनों देशों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का समर्थन करता है।

स्पेन दौरे पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

# व्यापार, निवेश सहित कई क्षेत्रों में साझेदारी और मजबूत करेंगे


जोर्डी हेरेउ बोहर और पीयूष गोयल

*भारत और स्पेन के राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे*

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को आधिकारिक स्पेन दौरे की शुरुआत की। यात्रा के पहले दिन उन्होंने भारत-स्पेन आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से कई उच्च स्तरीय बैठकों में भाग लिया। दोनों देशों ने व्यापार, निवेश, नवाचार, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ाने के साथ-साथ नए आर्थिक अवसरों की तलाश पर जोर दिया। पीयूष गोयल ने स्पेन के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं अर्थव्यवस्था, व्यापार और व्यवसाय मंत्री कार्लोस कुएर्पो कैबालेरो से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत बनाने, बाजार पहुंच बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, उन्नत विनिर्माण, डिजिटल प्रौद्योगिकी, अवसंरचना और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर भी विचार-विमर्श किया तथा नए निवेश को बढ़ावा देने के लिए फास्ट ट्रैक तंत्र का प्रभावी उपयोग करने और इस वर्ष के अंत में भारत-स्पेन संयुक्त आयोग की बैठक आयोजित करने पर सहमति जताई।

## उद्योग और पर्यटन सहयोग पर हुई विस्तृत बातचीत

गोयल ने स्पेन के उद्योग एवं पर्यटन मंत्री जोर्डी हेरेउ बोहर से भी मुलाकात की। बैठक में सतत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, गतिशीलता, उन्नत विनिर्माण, पर्यटन, ऑटोमोटिव, रेलवे और स्मार्ट बुनियादी ढांचे में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने 'मेक इन इंडिया' के तहत सी-295 कार्यक्रम को औद्योगिक साझेदारी का सफल उदाहरण बताया और वर्ष 2026 को भारत-स्पेन संस्कृति, पर्यटन एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्ष के रूप में मनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। बता दें, भारत और स्पेन अपने राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं और वर्ष 2026 को भारत-स्पेन द्विभाषी संस्कृति, पर्यटन एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्ष के रूप में मना रहे हैं। दौरे का प्रमुख आकर्षण भारत-स्पेन व्यापार मंच रहा, जिसका आयोजन एफआईसीसीआई, स्पेन चैंबर ऑफ कॉमर्स, सीईओई और आईसीईएक्स स्पेन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट ने संयुक्त रूप से किया। मंच में दोनों देशों के सरकारी अधिकारियों, उद्योगपतियों और व्यापारिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पीयूष गोयल ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए स्पेनिश कंपनियों को विनिर्माण, अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल अर्थव्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### रूममेट ने सिल दिए महिला के होंठ, अरेस्ट

**टोक्यो।** जापान के इबाराकी में 49 साल की मसाए सकुराई पर आरोप है कि उसने अपनी ही रूममेट के होंठ सुई धागे से सिल दिए। मामले का खुलासा तब हुआ जब महिला अपनी जान बचाने के लिए किसी तरह रूम से निकलकर पास की एक दुकान तक पहुंची। दर्द से कराहती महिला ने अपनी आपबीती दुकानदार को लिखकर बताई। जिसके बाद दुकानदार ने पुलिस को फोन कर बुलाया। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़ित की रूममेट को गिरफ्तार कर लिया।



महाराष्ट्र एटीएस की जांच में खुलासा

## पाक गैंगस्टर भट्टी के संपर्क में थे पुणे के 66 लोग!, डिजिटल साक्ष्य जुटाए

एजेंसी ▶▶ पुणे

पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शहजाद भट्टी के नेटवर्क पर एटीएस ने सोमवार को पुणे जिले में बड़ा अभियान चलाया। एटीएस की टीमों ने शहजाद भट्टी के संपर्क में आए 66 लोगों से पूछताछ की। यह कार्रवाई पुणे शहर पुलिस, पुणे ग्रामीण पुलिस और पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस की मदद से जिले के विभिन्न इलाकों में एक साथ की गई। एटीएस ने बताया कि शुरुआती जांच में इन लोगों के सोशल मीडिया के जरिए शहजाद भट्टी के संपर्क में आने के संकेत मिले हैं। पूछताछ के दौरान संबंधित लोगों के मोबाइल फोन, सोशल मीडिया खाते, चैट, कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि कहीं इन लोगों का इस्तेमाल कट्टरपंथी विचारधारा की ओर धकेलने, राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए उकसाने या किसी संगठित नेटवर्क से जोड़ने के लिए, तो नहीं किया।





न्यूजीलैंड मंत्री टॉड मैक्ले का दावा

## भारत-न्यूजीलैंड एफटीए साल के अंत तक लागू, 1-2 साल में शुरू होंगी सीधी उड़ानें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने भरोसा जताया है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) इस साल के अंत तक लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार को तेज गति देने के साथ ही अगले 1-2 साल में सीधी उड़ानों की शुरुआत का रास्ता भी तैयार करेगा। टॉड मैक्ले ने एफटीए को दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाई देने वाला पहला और सबसे अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए पर हस्ताक्षर करना हमारे द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हमने सिर्फ नौ महीनों में इस समझौते पर बातचीत पूरी कर ली। समझौते के लागू होते ही भारतीय निर्यातक न्यूजीलैंड को जीरो ड्यूटी पर सामान भेज सकेंगे। कृषि मशीनरी, ऑटोमोबाइल, केमिकल्स और कई सेवाओं में भारत से निर्यात बढ़ेगा। वहीं, न्यूजीलैंड के 90-95% निर्यात पर टैरिफ खत्म हो जाएगा।



## 'शौर्य विजय यात्रा' को किया रवाना




**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस 2026 के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से लद्दाख के द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक तक आयोजित 13 दिवसीय 'शौर्य विजय यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा में सेवारत और सेवानिवृत्त रक्षा बलों के 28 बाइक सवार अपने परिवारों के साथ 1,900 किमी की दूरी तय कर 1999 के कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। यात्रा का आदर्श वाक्य 'एक सवारी, एक राष्ट्र, एक सलाम' रखा गया है। राजनाथ सिंह ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि 1999 की विजय भारत के उस अटूट संकल्प का प्रतीक है कि देश अपनी भूमि, पहचान और सम्मान पर किसी भी शत्रुतापूर्ण दुस्साहस का पूरी शक्ति से जवाब देगा। लगभग 20,000 फीट की ऊंचाई और माइनस 40 डिग्री सेल्सियस पर तिरंगे का गौरव रखा।

विदेश मंत्रालय के पूर्व अधिकारी का दावा

# अख्तर-आसिफ भारत में लाते थे ड्रग्स, कोच वूल्मर की मौत भी शायद इसी कारण हुई थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय के पूर्व अंडर सेक्रेटरी आरवीएस मणि ने दावा किया कि भारत दौरे पर आने वाली पाकिस्तान क्रिकेट टीम और उसके प्रतिनिधिमंडल के कुछ सदस्य कथित तौर पर ड्रग्स तस्करी में शामिल होते थे। उन्होंने इस गतिविधि के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का भी हाथ होने का आरोप लगाया। मणि ने कहा कि इस मामले की रिपोर्ट हुई थी कि शोएब अख्तर और मोहम्मद आसिफ, जो क्रिकेटर हैं, उन्होंने पाकिस्तानी हाई कमिशन के सामने खुद स्वीकार किया था कि वे ड्रग्स लेकर आए हैं। इसके बाद उन्हें वापस भेज दिया गया था।


शोएब अख्तर


आसिफ


मणि

## आतंकवाद की फंडिंग भी ड्रग्स तस्करी से

*मणि ने कहा कि शोएब-आसिफ की घटना के करीब छह महीने बाद पाकिस्तान टीम के इंग्लिश कोच बॉब वूल्मर, जो पाकिस्तानियों द्वारा ड्रग्स तस्करी का विरोध कर रहे थे, उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मणि ने कहा कि इन सभी डॉट्स को कनेक्ट किया जाना चाहिए और यह तय है कि पाकिस्तानी दल ड्रग्स लाते थे। उन्होंने कहा कि भारत में होने वाले लगभग 30 फीसदी आतंकी हमलों की फंडिंग ड्रग्स तस्करी से होती थी। भारत में ड्रग्स भेजना पाक की नीति रही है।*

## हर बाधा को पार करना ही 'ऑपरेशनल एक्सीलेंस'

# 'ऑब्सटेकल ट्रेनिंग' के बाद ही तैयार होते हैं अग्निवीर

*आज पार की गई हर बाधा कल के लिए एक योद्धा को मजबूत बना रही*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने अग्निवीरों को ट्रेनिंग देने की जानकारी साझा की है। भारतीय सेना ने कहा कि हर बाधा को पार करना ऑपरेशनल एक्सीलेंस (काम में बेहतरीन प्रदर्शन) की दिशा में एक कदम है। डोगरा रेजिमेंटल सेंटर में अग्निवीरों को कठिन बाधा-पार प्रशिक्षण (ऑब्सटेकल ट्रेनिंग) से गुजरना पड़ता है। इससे उनमें सहनशक्ति, फुर्ती, मानसिक मजबूती और दबाव में काम करने का आत्मविश्वास पैदा होता है। युद्ध के मैदान की शारीरिक और मानसिक चुनौतियों का अनुभव कराने के लिए डिजाइन की गई यह ट्रेनिंग तेजी से फैसला लेने, टीमवर्क और मुश्किल हालात में डटे रहने की क्षमता को बढ़ाती है।


ट्रेनिंग के दौरान बाधा पार करते अग्निवीर

## ट्रेनिंग युद्ध की हकीकत के करीब

सेना ने कहा कि हकीकत के करीब, चरणबद्ध और मिशन पर केंद्रित ट्रेनिंग के जरिए, युवा रंगरूटों को ऐसे आत्मविश्वासी और युद्ध के लिए तैयार सैनिकों में बदल रहा है, आज पार की गई हर बाधा कल के लिए एक योद्धा को और मजबूत बनाती है।

## मजबूत टीमवर्क जरूरी

*सेना ने बताया कि हर चरण में असली ऑपरेशन जैसे हालात में तेजी, तालमेल, सटीकता और मजबूत टीमवर्क की जरूरत थी। ऐसे में असल और मिशन पर केंद्रित ट्रेनिंग से तेजी से कार्रवाई करने की क्षमता मजबूत होती है और लड़ने की कुशलता बढ़ती है। इससे यह भी पक्का होता है कि भारतीय सेना के पैराट्रूपर्स किसी भी आपात स्थिति में तेजी और असरदार ढंग से कार्रवाई करने के लिए तैयार रहें। कड़ी ट्रेनिंग, सटीक हमला, मिशन पूरा करना।*

## आतंकवाद विरोधी मिशन का अभ्यास किया

वहीं, भारतीय सेना ने शत्रुजीत ब्रिगेड के पैराट्रूपर्स के 'स्पेशल हेलीबोर्न ऑपरेशंस' के बारे में जानकारी दी। इसमें अग्निवीरों ने ज्यादा जोखिम वाले आतंकवाद-विरोधी मिशनों के लिए अपनी ऑपरेशनल तैयारी को बेहतर बनाने के मकसद से, शहरी इलाके में बंधकों को छुड़ाने जैसे मुश्किल हालात का अभ्यास किया। इस अभ्यास में टैक्टिकल हेलीकॉप्टर इंसर्शन (जैसे स्लिदरिंग, एसटीआईई और लो-होवर ड्रिल) के जरिए जमीन और हवा के बीच बेहतरीन तालमेल दिखाया गया। इसके बाद छत पर सटीक तरीके से उतरने और कमरे के अंदर तेजी से और सटीक कार्रवाई (सीक्यूबी) करने का अभ्यास किया गया।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026

## समान नागरिक संहिता बिल को मिलेगी मंजूरी



सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई ने ड्राफ्ट तैयार करने से लेकर प्रस्तुत करने तक एक भी पैसा नहीं लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैबिनेट की आगामी बैठक 18 जुलाई शनिवार को भोपाल जिले के जगदीशपुर (पूर्व के इस्लाम नगर) में होने जा रही है। इसमें मुख्य रूप से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पर चर्चा होगी। मप्र के इस ड्राफ्ट के लिए सभी 55 जिलों में बैठकें हुई। इसमें आने वाले सुझावों के आधार पर ड्राफ्ट तैयार किया गया। इसकी एक खासियत यह भी है कि इस उच्च स्तरीय कमेटी की अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई ने ड्राफ्ट तैयार करने से लेकर प्रस्तुत करने तक एक भी पैसा नहीं लिया। सदस्यों ने भी खर्चों के अलावा कुछ नहीं लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 20 जुलाई से विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट की समय रैना को फटकार, लगाया 3 लाख रुपए का जुर्माना

# पता नहीं... ये किस तरह के यूथ आइकन हैं? लोगों को नीचा दिखाना इनका 'फैशन' बना


समय रैना ने कोर्ट को गुमराह किया है और हमारे आदेशों का खुलेआम उल्लंघन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉमेडियन समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। मंगलवार को



समय रैना



रणवीर



उनके केस पर सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने उन्हें पिछले आदेश का पालन न करने पर फटकार लगाई है। अदालत ने समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया पर 3-3 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर यह रकम जमा नहीं की गई, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों को फटकार लगाते हुए कहा कि ये खुद को यूथ आइकॉन कहते हैं। मुझे नहीं पता कि वह किस तरह का यूथ आइकॉन हैं। यह सोचकर ही मुझे घबराहट होती है। अदालत ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में, आप दूसरों का जितना सम्मान करते हैं, उतना ही सम्मान पाते हैं। हम उन्हें छूट देते रहे हैं। हमने सोचा था कि आप सम्मानित परिवारों से ताल्लुक रखने वाले युवा हैं। मगर लोगों को नीचा दिखाना आपके लिए फैशन बन गया है। हमें लगता है कि (कॉमेडियन) समय रैना ने कोर्ट को गुमराह किया है और हमारे आदेशों का खुलेआम उल्लंघन किया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि रैना पहले दिए गए निर्देशों का पालन करने में नाकाम रहे। कोर्ट ने गौर किया कि बेंच के सामने भरोसा दिलाने के बावजूद, उनका बाद का व्यवहार रिकॉर्ड पर दर्ज किए गए वादों के मुताबिक नहीं था। सीनियर वकील अपराजिता सिंह का कहना है कि समय रैना शो तो कर रहे हैं लेकिन कोर्ट के आदेश के बावजूद उन्होंने एसएमए फाउंडेशन या पीड़ित लोगों से संपर्क नहीं किया है।

### क्या था मामला?

दरअसल, पिछले साल अगस्त में, सुप्रीम कोर्ट ने इंडियाज गॉट लेटेंट के होस्ट समय रैना और उनके साथी कॉमेडियनों को विकलांगता और दुर्लभ आनुवंशिक विकारों वाले लोगों का मजाक उड़ाने के लिए बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि ऐसी हरकतों के लिए इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के तहत सजा हो सकती है। अपने पॉडकास्ट वगैरह पर जाकर माफी मांगें। फिर हमें बताएं कि आप कितना जुर्माना या हर्जाना भरने को तैयार हैं।

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में देश की पहली सरकारी एआई यूनिवर्सिटी


**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भारत की पहली सरकारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) यूनिवर्सिटी खुलने जा रही है। यहां आयोजित गूगल आईओ कनेक्ट इंडिया 2026 इवेंट में सीएम डीके शिवकुमार ने ऐलान किया।



उन्होंने बताया कि इस पहल से कर्नाटक वैश्विक स्तर पर एआई रिसर्च और नवाचार का केंद्र बनकर उभरेगा। यह विवि न सिर्फ एआई टैलेंट तैयार करेगी, बल्कि कॉर्पोरेट और सरकार के बीच एक कड़ी का काम करेगी।

### नवोदय विद्यालय के दो छात्रों की तालाब में डूबने से मौत

**उज्जैन।** घट्टिया स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के दो छात्रों की तालाब में डूबने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।



मृतकों की पहचान कक्षा 10वीं के प्रज्ञान विमल और 9वीं के रोशन बरेठा के रूप में हुई है। दोनों सोमवार शाम से लापता थे। मंगलवार सुबह स्कूल परिसर के पीछे स्थित तालाब में एक छात्र का शव तैरता हुआ मिला। पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने दोनों के शव भी बरामद किए।

### नकली चांदी चढ़ावा विवाद में जम्मू की कोर्ट सख्त

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी मंदिर से जुड़े 500 करोड़ रुपए से अधिक के नकली चांदी चढ़ावा विवाद में जम्मू की अदालत ने सख्त रुख अपनाया है।



चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मुनीश कुमार मन्हास की अदालत ने क्राइम ब्रांच के जांच अधिकारी को मामले के सभी रिकॉर्ड के साथ 29 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। यह निर्देश एडवोकेट दीपक शर्मा की याचिका पर आया है।

## होर्मुज स्ट्रेट में एक बार फिर तनाव | यूएई के दो तेल टैंकरों पर ईरान ने किया हमला

# एक भारतीय की मौत, भारत का कड़ा विरोध, ईरानी राजदूत को किया तलब



रणधीर जायसवाल

एजेंसी ▶▶ दुबई/मस्कट/नई दिल्ली

भारत ने होर्मुज स्ट्रेट में मंगलवार सुबह दो व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास के उप प्रमुख (डिप्टी चीफ ऑफ मिशन) को तलब कर भारत का कड़ा विरोध दर्ज कराया। मंत्रालय ने इन हमलों की निंदा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर इस तरह के हमले तुरंत बंद होने चाहिए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक हमले का शिकार बने दोनों जहाजों पर कुल 30 भारतीय नाविक सवार थे। इनमें एक भारतीय की मौत हो गई, जबकि 10 घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि भारत से जुड़े 11 जहाज और 148 भारतीय नाविक फिलहाल फारस की खाड़ी में फंसे हुए हैं। ये भी जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने का इंतजार कर रहे हैं।

**भारत बोला** होर्मुज में जहाजों को निशाना बनाना बंद कर करें



फाइल फोटो

***भारत आ रहे 11 जहाज और 148 भारतीय नाविक फारस की खाड़ी में फंसे***

***दोनों जहाजों पर कुल 30 भारतीय नाविक सवार थे***

### मोम्बासा और अल बहियाह टैंकरों पर मिसाइल टकराई

रिपोर्ट के मुताबिक मोम्बासा और अल बहियाह नामक ये दोनों तेल टैंकर होर्मुज स्ट्रेट के दक्षिणी मार्ग से गुजर रहे थे, तभी मिसाइलें इनसे टकराईं और दोनों टैंकरों में भीषण आग लग गई, जिससे उनके कार्गो को भी भारी नुकसान पहुंचा। हालांकि, बाद में सुरक्षाकर्मियों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया। इस हमले में मुख्य रूप से मोम्बासा टैंकर प्रभावित हुआ, जिस पर सवार एक भारतीय नागरिक ने अपनी जान गंवा दी। घायलों में छह भारतीय और दो यूक्रेनी नागरिक शामिल हैं, जिनमें से चार की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है।

### यूएई बोला- अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन

इस बीच, यूएई के रक्षा और विदेश मंत्रालयों ने संयुक्त रूप से हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन और क्षेत्रीय सुरक्षा व स्थिरता के लिए एक बड़ा खतरा करार दिया है। यूएई सरकार ने सख्त लहजे में कहा है कि बढ़ते तनाव के मद्देनजर उसे इस हमले का उचित जवाब देने का पूरा अधिकार है।

### अमेरिका और ईरान के बीच चौतरफा सैन्य टकराव

1 **कुवैत:** यहां अमेरिकी पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम, एक एम्युनिशन डिपो (गोला-बारूद भंडार) और एक रडार सुविधा को निशाना बनाया गया।

2 **बहरीन:** बहरीन में मौजूद अमेरिकी सैन्य संचार केंद्र और रडार स्टेशन पर हमले किए गए। इसके बाद बहरीन के गृह मंत्रालय ने अपने नागरिकों से शांत रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है।

3 **कतर:** ईरान ने कतर में स्थित प्रसिद्ध अमेरिकी सैन्य हवाई अड्डे अल उदीद एयरबेस पर बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी हैं।

## टीकमगढ़ में पीडीएस गेहूं की बोरी से निकलीं जानवर की हड्डियां

# गरीबों की थाली में 'कंकाल'

***प्रशासन ने दुकान की सील***

***विदिशा के वेयरहाउस से टीकमगढ़ पहुंचा था 163 क्विंटल राशन***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गरीबों को बांटे जाने वाले राशन की बदहाली का एक ऐसा खौफनाक चेहरा सामने आया है, जिसने पूरे सरकारी तंत्र को कठघरे में खड़ा कर दिया है। यहां एक उचित मूल्य दुकान में वितरण के लिए खोली गई गेहूं की बोरी से एक मृत जानवर के सिर और पैरों की हड्डियां (कंकाल) निकली हैं। यह मामला जिले के ग्राम लक्ष्मणपुरा के हितग्राहियों के सामने आया।

### टीकमगढ़ में लापरवाही का पुराना इतिहास

टीकमगढ़ में घटिया और अमानक सरकारी अनाज पहुंचने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले दमोह जिले से भेजी गई 6265 बोरियों (3132 क्विंटल गेहूं) में जीवित कीड़े, घुन, मिट्टी और बदबूदार सड़ा हुआ गेहूं पाया गया था।




## छतरपुर पुलिस ने जांच शुरू की

# धीरेंद्र शास्त्री के भाई पर किसान को गोली मारने का लगा आरोप



भाई शालिग्राम गर्ग जमीन बेचने का दबाव बना रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़ा में मंगलवार को गोली चलने की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां के किसान मोतीलाल कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि बागेश्वर धाम के कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भाई शालिग्राम गर्ग ने उन पर गोली चलाई है। गोली लगने से घायल किसान को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां फिलहाल उसका उपचार चल रहा है। कुशवाहा का कहना है कि क्षेत्र के किसानों पर लंबे समय से जमीन बेचने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। आरोप है कि जो भी किसान अपनी जमीन बेचने से मना करता है, उसके साथ मारपीट और धमकी जैसी वारदात की जाती हैं। पीड़ित के अनुसार इसी जमीन विवाद के चलते उन पर यह जानलेवा हमला किया गया। छतरपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि घायल किसान के आरोपों की पूरी निष्पक्षता के साथ पड़ताल की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हरदा में भीषण सड़क हादसा

# कार की टक्कर से एसी मैकेनिक तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत डगावानीमा गांव के पास फोरलेन पर सोमवार रात करीब 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों युवक एसी सुधारने का काम करते थे और देर रात काम खत्म कर घर लौट रहे थे। पुलिस ने मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। दुर्घटना में जान गंवाने वालों में संदीप



सुनील सिंह | संदीप खरबड़े | गोपाल राजपूत

खरबड़े, सुनील सिंह एवं गोपाल राजपूत सभी हरदा निवासी शामिल हैं। थाना टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि बैतूल की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार बाइक को टक्कर मारने के बाद पलट गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।





## अजीब मौसम : प्रदेश में अब तक औसत सामान्य से 7 प्रतिशत कम बारिश हुई

कुछ जिलों में 4 से 5 दिन में झमाझम भोपाल भी भीगेगा

# पहली बार सुबह से शाम तक सूखा रहा प्रदेश अब 3 दिन बाद बारिश पकड़ सकती है रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार पहला ऐसा दिन रहा जब मानसून ऑनसेट के बाद सुबह से शाम 5 बजे तक कहीं भी एक बूंद तक नहीं गिरी। प्रदेश में 24 जून को मानसून ऑनसेट हुआ है। प्रदेश में अभी कोई सिस्टम नहीं होने और खाड़ी में मानसूनी करंट कम होने से अभी प्रदेश में बारिश की कमी बनी हुई है, लेकिन 17 जुलाई से बारिश का एक दौर फिर शुरू होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश के आसपास तीन सर्कुलेशन हैं।



राजधानी का वन विहार, शाम 7 :10 बजे का दृश्य

### आज यहां बादल-बारिश की उम्मीद

मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार तक आलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, उज्जैन, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, मैहर जिलों में हल्की बारिश की उम्मीद है।

### पहले पूर्वी मप्र फिर पूरा प्रदेश

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार लंबे अंतराल के बाद अब 17 जुलाई से फिर बारिश में तेजी आने की उम्मीद है। अगले 5 से 6 दिन में पूरे प्रदेश में बारिश का दौर शुरू हो जाएगा, जो चार से पांच दिन मध्यम से तेज बारिश का रहेगा। कल से पहले पूर्वी मप्र में बारिश शुरू होगी, जो दो से तीन दिन के बाद पश्चिमी मप्र के अधिकांश हिस्सों तक शुरू होगी। इस बीच भोपाल में भी बारिश होगी।

## खबर संक्षेप

### विविड इलेक्ट्रोमेक के राजस्व में 36% का उछाल

**मुंबई।** विविड इलेक्ट्रोमेक लिमिटेड डेटा सेंटर, इंफ्रास्ट्रक्चर, नवीकरणीय ऊर्जा और औद्योगिक परियोजनाओं में मजबूत निष्पादन के जरिए अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। साथ ही, कंपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, उत्पाद क्षमताओं को सशक्त बनाने और प्रमुख ओईएम साझेदारों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने पर केंद्रित है। वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में राजस्व बढ़कर 32.68 करोड़ रहा।

### सॉटेफिन भारत का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** रोबोटिक एवं ऑटोमेटेड पार्किंग समाधानों की टर्नकी प्रदाता सॉटेफिन भारत लिमिटेड का आईपीओ गुरुवार 16 जुलाई, 2026 को खुलने जा रहा है। कंपनी का लक्ष्य ऊपरी प्राइस बैंड पर 89.76 करोड़ रुपए जुटाने का है। कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। यह इश्यू 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 48,00,000 तक इक्विटी शेयरों का है। आईपीओ 20 जुलाई 2026 को बंद होगा।

### दो शोध पत्रिकाओं का किया विमोचन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने नई दिल्ली स्थित आवास पर भारतीय लोकतंत्र की 75 वर्षीय यात्रा पर आधारित पुस्तक 75 इयर्स ऑफ इंडियन डेमोक्रेसीः द इंडियन इलेक्शन स्टोरी इन फैक्ट्स एंड फिगर्स 1950-2025 का विमोचन किया। दो त्रैमासिक शोध पत्रिकाओं इंडियन जर्नल ऑफ इलेक्टोरल स्टडीज और इंडियन जर्नल ऑफ सोशियो-इकोनॉमिक स्टडीज के प्रथम अंकों का भी लोकार्पण किया।

### नथिंग फोन (4बी) की बिक्री शुरू हुई

**नई दिल्ली।** लंदन स्थित कंज्यूमर टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग ने अपने नए स्मार्टफोन फोन (4बी) की बिक्री शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, यह सीरीज का पहला स्मार्टफोन है और नथिंग इकोसिस्टम का अनुभव लेने का सबसे किफायती विकल्प है। फोन के 8जीबी+ 128जीबी वेरिएंट की प्रभावी शुरुआती कीमत 29,999 रुपए और 8जीबी + 256जीबी वेरिएंट की कीमत 33,699 रुपए रखी गई है।

# अडाणी ग्रुप पहली बार भारत के टॉप-10 सबसे मूल्यवान ब्रांड्स में शामिल, ब्रांड वैल्यू बढ़कर 8.48 अरब डॉलर हुई

**अडाणी ग्रुप ने एक वर्ष में 13वें स्थान से छलांग लगाकर 8वां स्थान हासिल किया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अडाणी ग्रुप ने पहली बार भारत के सबसे मूल्यवान ब्रांड्स की सूची में शीर्ष-10 में जगह बना ली है। दुनिया की अग्रणी स्वतंत्र ब्रांड वैल्यूएशन कंसल्टेंसी ब्रांड फाइनेंस की ब्रांड फाइनेंस इंडिया 100 रिपोर्ट-2026 के अनुसार, अडाणी ग्रुप ने एक वर्ष में 13वें स्थान से छलांग लगाकर 8वां स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही वह महज तीन वर्षों में टॉप-10 में पहुंचने वाला सबसे तेज़ भारतीय कॉर्पोरेट ब्रांड बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अडाणी ग्रुप की ब्रांड वैल्यू बढ़कर 8.48 अरब डॉलर हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 31.3 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि भारत के शीर्ष 20 ब्रांड्स में सबसे तेज़ वार्षिक बढ़ोतरी मानी गई है। पिछले एक वर्ष में समूह की ब्रांड वैल्यू में 2.02 अरब डॉलर का इजाफा हुआ, जो वर्ष 2022 में उसकी कुल ब्रांड वैल्यू से भी अधिक है।

*पिछले वर्ष की तुलना में 31.3 प्रतिशत अधिक*

*देश के शीर्ष पांच एनर्जी ब्रांड्स में शामिल हुए*

"ब्रांड वैल्यू में 152 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज, यह बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पहुंच गई"

#### अडाणी पावर बना देश का नंबर-1 एनर्जी ब्रांड



रिपोर्ट में सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि अडाणी पावर की रही, जिसकी ब्रांड वैल्यू में 152 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पहुंच गई। इसके साथ ही अडाणी पावर भारत का नंबर-1 एनर्जी ब्रांड बन गया। वहीं अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस भी देश के शीर्ष पांच एनर्जी ब्रांड्स में शामिल हुए हैं, जबकि अडाणी टोटल गैस ने भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

#### ब्रांड स्ट्रेंथ में भी बड़ा सुधार

ब्रांड फाइनेंस के अनुसार, अडाणी ग्रुप का ब्रांड स्ट्रेंथ इंडेक्स बढ़कर 84 पर पहुंच गया है। इस श्रेणी में समूह ने आठ स्थानों की छलांग लगाई और भारत के शीर्ष 20 ब्रांड्स में सबसे तेज सुधार दर्ज किया। ब्रांड फाइनेंस एशिया-प्रशांत के प्रबंध निदेशक एलेक्स हेग ने कहा कि अडाणी ग्रुप का टॉप-10 में पहुंचना इस बात का संकेत है कि समूह भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में उसका विस्तार उसकी ब्रांड पहचान को लगातार मजबूत कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2026 में भारत के टॉप-100 ब्रांड्स की कुल ब्रांड वैल्यू बढ़कर 252.8 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जो देश की तेज आर्थिक और औद्योगिक प्रगति को दर्शाती है।

**व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लिंकिंग पर एआईएमटीसी ने उठाए सवाल**

# ट्रांसपोर्टरों ने जताई सरकार की नीतियों पर नाराजगी, चक्का जाम की दी चेतावनी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) की आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी के चेयरमैन सीएल मुकाती ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव महमूद अहमद को पत्र लिखकर राजस्थान में वीएलटीडी को वाहन पोर्टल से लिंक न किए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

एआईएमटीसी की 219वीं मैनेजिंग कमेटी बैठक में देशभर से जुटे ट्रक-बस ऑपरेटरों ने परिवहन उद्योग पर बढ़ते आर्थिक बोझ और सरकार की अव्यवहारिक नीतियों को लेकर गहरी नाराजगी जताई। एआईएमटीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरीश सबरवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में डीजल वाहनों पर बढ़ते प्रतिबंध, महंगे टोल, ई-चालान का दुरुपयोग और वीएलटीडी की अनिवार्यता मुख्य मुद्दे रहे।

वाहन पोर्टल से लिंक न किए जाने पर की गंभीर चिंता व्यक्त | वीएलटीडी की अनिवार्यता, ई-चालान का दुरुपयोग मुद्दे रहे

#### आर्थिक शोषण ने वाहन मालिकों की मुश्किलें बढ़ा दी



मुकाती ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और कानूनों का पालन ट्रांसपोर्ट जगत हमेशा करता आया है, लेकिन कानून के नाम पर राज्यों में व्याप्त अव्यवस्था और कथित आर्थिक शोषण ने वाहन मालिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वाहन पोर्टल का संचालन केंद्र सरकार के अधीन है तो राज्यों को अपनी मर्जी से पोर्टल ब्लॉक करने या वीएलटीडी लिंकिंग रोकने की अनुमति क्यों दी गई है। केंद्र सरकार को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि देशभर में वीएलटीडी डिवाइस की कीमतों में भारी अंतर है। कुछ राज्यों में यह डिवाइस 5 से 6 हजार रुपए में उपलब्ध है।

**10 सूत्रीय मांगें, नहीं तो चक्का जाम**

बैठक में डॉ. हरीश सबरवाल सी.एल. मुकाती, सरदार बल मलकीत सिंह, जीआर शानमुगप्पा, बाल मुकुंद शर्मा, चरणजीत सिंह और शंभू गुप्ता समेत कई पदाधिकारियों ने सरकार के सामने 10 मांगें रखीं। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो देशव्यापी चक्का जाम किया जाएगा।

#### मंत्रालय से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील

एआईएमटीसी ने आरोप लगाया कि कुछ राज्यों में चुनिंदा कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए कथित रूप से एकाधिकार की स्थिति बनाई गई है, जिससे वाहन मालिकों को बाजार मूल्य से अधिक कीमत पर डिवाइस खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। साथ ही, संगठन ने यह भी कहा कि वाहन निर्माता कंपनियों द्वारा नए वाहनों में लगाई गई इनबिल्ट वीएलटीडी डिवाइस को भी कई राज्यों में मान्यता नहीं दी जा रही, जिसका नुकसान ट्रांसपोर्टरों को उठाना पड़ रहा है। कर्मचारियों के वेतन का भारी आर्थिक बोझ पड़

**आंतरिक लोकपालों को दिए निर्देश**

# ग्राहकों की शिकायतों के समाधान में तेजी लाने पर आरबीआई का जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंकने ग्राहकों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए वित्तीय संस्थाओं के आंतरिक लोकपालों को अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने सोमवार को बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और अन्य विनियमित संस्थाओं के आंतरिक लोकपालों से शिकायतों का निष्पक्ष, सार्थक और प्रभावी निपटारा सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि आंतरिक लोकपालों को बार-बार सामने आने वाली शिकायतों और समस्याओं की पहचान करनी चाहिए। साथ ही, शिकायतों के मूल कारणों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम उठाने में संस्थाओं की मदद करनी चाहिए।

आरबीआई द्वारा आयोजित आंतरिक लोकपालों के तीसरे वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वामीनाथन जे ने कहा कि एक मजबूत आंतरिक लोकपाल व्यवस्था से बाहरी शिकायतों की संख्या कम होगी। उन्होंने बैंकों और



वित्तीय संस्थाओं के बोर्ड तथा वरिष्ठ प्रबंधन से इस व्यवस्था को और मजबूत बनाने का आग्रह किया।

आंतरिक लोकपाल किसी भी विनियमित संस्था में ग्राहक शिकायतों की समीक्षा का अंतिम स्वतंत्र स्तर होता है। जब ग्राहक की शिकायत संस्था के स्तर पर पूरी तरह हल नहीं हो पाती, तब यह व्यवस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आरबीआई लोकपाल या किसी अन्य बाहरी मंच पर जाने से पहले ग्राहकों को इसी माध्यम से समाधान प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

# आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस ने रीवा में खोली नई शाखा

**रीवा।** आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एबीएचएफएल) ने रीवा में अपनी नई शाखा का शुभारंभ कर मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। नई शाखा के साथ राज्य में कंपनी की कुल शाखाओं की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। कंपनी का उद्देश्य ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुरूप आवास वित्त सेवाएं अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाना है।कंपनी ने लॉन्च ऑफर के तहत 14 से 31 जुलाई 2026 तक शून्य लॉगिन फीस के साथ 50 लाख रुपये तक के होम लोन की मौके पर मंजूरी की सुविधा देने की घोषणा की है। एबीएचएफएल किफायती एवं प्रीमियम होम लोन, निर्माण वित्त और संपत्ति के बदले ऋण जैसी सेवाएं वेतनभोगी, स्वरोजगार पेशेवरों और छोटे व्यवसायियों सहित विभिन्न वर्गों के ग्राहकों को उपलब्ध कराता है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज गाडगिल ने कहा कि मध्य प्रदेश कंपनी के लिए महत्वपूर्ण विकास बाजार है। रीवा एयरपोर्ट जैसी नई आधारभूत परियोजनाओं से क्षेत्र में आवासीय विकास और रियल एस्टेट गतिविधियों को गति मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि कंपनी अपने बढ़ते वितरण नेटवर्क और डिजिटल सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों के लिए गृह ऋण प्रक्रिया को सरल, तेज और सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ADITYA BIRLA CAPITAL
HOME LOANS

**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal–462011 (M.P.)
Website : www.mpsedc.mp.gov.in
Ph. : 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

**NOTICE INVITING TENDER'S (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender :

| S.No. | Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1. | MPSEDC/ MKT/2026/702 | RFP for Supply and Installation of Laptops and Desktops. |

For detail scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on MP Tender Portal (www.mptenders.gov.in).
M.P. Madhyam/126865/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
फोन नं. 07752-273990 E-mail: cmomalhar@rediffimail.com

क्र./969/ ई-निविदा/न.पं./2026-27 — मल्हार, दिनांक 14/07/2026

**अष्ठम ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के यूएसओआर दिनांक 01.06.2020, जल संसाधन विभाग के एसओआर 01.08.2022, लोक निर्माण विभाग के एसओआर (भवन व सड़क निर्माण कार्य) दिनांक 01.01.2015, तथा लोक निर्माण विभाग के एसओआर (विद्युत और यांत्रिकी) दिनांक 01.06.2020 फार्म-एच (लमसम दर) अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 195443 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, MALHAR under SBM 2.0 (RS 273.56 Lac) (form-H) (Lumpsum Rate) (8TH call | 14.07.2026 17.30 बजे से | 24.07.2026 17.30 बजे | 28.07.2026 16.00 बजे | 28.07.2026 17.00 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से संबंन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in अथवा www.cg.uad.gov.in पर उपलब्ध है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार

**केनफिन होम्स लिमिटेड**
Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK)
78, प्रथम तल, जे.आर. सामा काम्पलेक्स, गोरखपुर, कटंगा जबलपुर-482001
फोन : 0755 -4921736 Mob:7625079237
E-mail-jabalpur@canfinhomes.com, CIN : L85110KA1987PLC008699

**कब्जा नोटिस [नियम 8 (1)] (अचल संपत्ति हेतु)**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत केनफिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **06-05-2026** को उधारकर्ता - **श्री आशीष रजक पुत्र हरीश रजक, 2. सहऋणी: श्रीमती बबीता रजक पत्नी आशीष रजक** को मांग सूचना पत्र जारी किया एवं नोटिस में दर्शाई राशि ₹ **1711124/- (रुपये सत्रह लाख ग्यारह हजार एक सौ चौबीस मात्र)** एवं उस पर संविदात्मक दरों पर अतिरिक्त ब्याज के साथ उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है। उधारकर्ताओं/जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 9 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा दिनांक **14-07-2026** को ले लिया है।

उधारकर्ताओं/जमानतदारों को विशिष्टता और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार खाते में वर्णित राशि ₹ **1711124/- (रुपये सत्रह लाख ग्यारह हजार एक सौ चौबीस मात्र)**एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चो के लिए केनफिन होम्स लिमिटेड के अधीन होगा।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**संपत्ति स्थित खसरा नंबर 342/1 (म्यूटेशन के बाद खसरा नंबर 342/1/4) का भाग, एनएच नं. 502, प.ह.नं. 23/79, मौजा - कथोंडा, आरएनएम महाराजपुर ओल्ड, तहसील आधारताल, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश- पिन कोड 482004 कुल क्षेत्रफल- 1250 वर्ग फुट है और प्रस्तावित ग्राउंड फ्लोर का बिल्टअप एरिया 850 वर्गफुट**
**चर्तुसीमाएँ: पूर्वः साइड रोड, पश्चिमः श्रीमती गुड्डी यादव की प्रॉपर्टी, उत्तरः खाली प्लॉट, दक्षिणः मुन्ना साहू का घर।**

दिनांक : 15/07/2026
स्थान : जबलपुर
(हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
केन फिन होम्स लि.




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 6287



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

**शब्द पहेली- 6286 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | ज्ज | त | दा | र | ■ | क | र | त | ब |
| म | त | ■ | क | ■ | ज | टि | ल | ■ | वा | र |
| न | ■ | क | रा | मा | त | ■ | म | य | ■ | ग |
| भा | गी | दा | र | ■ | प | ल | ■ | म | द | द |
| व | ■ | चा | ■ | अ | ट | ल | ■ | ■ | रा | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | मी | ■ | ■ | र | न | र | ■ | इ | ■ | म |
| अ | न | ल | ■ | क | र | ■ | अ | क | ब | र |
| म | ■ | ता | क | ■ | क | त | र | ना | ■ | ख |
| रू | ह | ■ | ह | ल | वा | ■ | दा | ■ | आ | ना |
| द | म | दा | र | ■ | स | न | स | ना | ना | ■ |

## सूडोकू बवाल - 6297

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू बवाल - 6296 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

# 21 साल बाद अर्जेंटीना और इंग्लैंड में भिड़ंत

## सेमीफाइनल में आज मेस्सी और केन होंगे आमने-सामने









एजेंसी ▸▸| अटलांटा

अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल की बहुचर्चित प्रतिद्वंद्विता बुधवार को जब विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में फिर से जीवंत होगी तो सबकी नजर इस पर टिकी रहेगी कि इसमें लियोनेल मेस्सी के पांवों का जादू चलेगा या हैरी केन का करिश्मा। मेस्सी ने अब तक मौजूदा टूर्नामेंट में 8 गोल करके अर्जेंटीना की जीत में अहम भूमिका निभाई है तो केन भी उनसे ज्यादा पीछे नहीं है, जिन्होंने छह गोल दागे हैं। यह दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार आमने-सामने होंगे क्योंकि दोनों टीम के बीच 2005 के बाद कोई मुकाबला नहीं हुआ है।

### अर्जेंटीना को करना पड़ा उतार-चढ़ाव का सामना

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना की टीम को हाल के मैचों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा है। ग्रुप चरण में अपने तीनों मैच जीतने वाले अर्जेंटीना का केप वर्दे के खिलाफ मैच अतिरिक्त समय तक खिंचा। इसके बाद उसे मिस्र और स्विट्जरलैंड को हराने में भी संघर्ष करना पड़ा। अर्जेंटीना विश्व कप में 12 मैचों से अजेय है। इंग्लैंड ने भी अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उसने अंतिम 16 के मैच में मैक्सिको को 3-2 से हराया और फिर नॉर्वे के खिलाफ क्वार्टर-फाइनल मुकाबले में पिछड़ने के बाद बेलिंगहम के दो शानदार गोल की मदद से 3-2 से जीत हासिल की।

### राइट- बैक इंग्लैंड टीम की समस्या

इंग्लैंड की राइट-बैक की समस्या अभी भी बनी हुई है। जेरेल क्वांसा निलंबित हैं और चोटिल रीस जेम्स को शुरुआती लाइनअप में शामिल किए जाने की संभावना बहुत कम है। ऐसे में एजरी कोंसा या जेड स्पेंस को अर्जेंटीना की तरफ से बाएं छोर से होने वाले आक्रमण के खिलाफ मोर्चा संभालना होगा। अर्जेंटीना के सभी खिलाड़ी खेलने के लिए उपलब्ध हैं, जिससे उसके कोच लियोनेल स्कालोनी के लिए शुरुआती एकादश का चयन करना आसान नहीं होगा। उन्हें यह तय करना है कि अपने करिश्माई कप्तान मेस्सी के साथ जूलियन अल्वारेज को खिलाया जाए या लोटारो मार्टिनेज को।

### इंग्लैंड के सामने अर्जेंटीना की रक्षापंक्ति की परीक्षा

केन को जूड बेलिंगहम (छह गोल) का भी अच्छा साथ मिला है। इंग्लैंड की टीम के लिए, जहां मेस्सी को रोकना एक चुनौती होगी वहीं केन और बेलिंगहम के सामने अर्जेंटीना की रक्षापंक्ति की कड़ी परीक्षा होगी। बेलिंगहम बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और अर्जेंटीना को उनसे सतर्क रहना होगा। इन दोनों देशों के बीच वर्षों से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता को देखते हुए मैच के दौरान तनाव भी होने की संभावना है। फिर चाहे वह 1966 में खेले गए विश्व कप में अर्जेंटीना के तत्कालीन कप्तान एंटोनियो रैटिन को बाहर भेजने का मामला हो या फुटबॉल के मैदान से इतर 1982 में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह पर हुआ संघर्ष, इन दोनों देशों के बीच फुटबॉल के मैदान के अंदर और बाहर तनाव देखने को मिला है।

### यादगार है 1986 में माराडोना का 'हैंड ऑफ गॉड' गोल

जब इंग्लैंड और अर्जेंटीना के बीच मैच की बात हो तो फिर विश्व कप 1986 में डिएगो माराडोना के 'हैंड ऑफ गॉड' गोल को कैसे भुलाया जा सकता है। उनके इस गोल के दम पर अर्जेंटीना जीत हासिल करने में सफल रहा था। इसके बाद 1998 में डेविड बेकहम को बाहर भेजे जाने और इसके चार साल बाद इस स्टार खिलाड़ी के फ्री किक पर किए गए गोल ने प्रतिद्वंद्विता को चरम पर पहुंचाया। इन दोनों टीम ने अभी तक अजेय रहकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

### मिडफील्ड में होगा रोमांचक मुकाबला

इस मैच में मिडफील्ड में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। इंग्लैंड को अपना पूरा ध्यान मेस्सी पर लगाने से बचना होगा, जो एंजो फर्नांडीज और एलेक्सिस मैक एलिस्टर के साथ मिलकर इंग्लैंड की रक्षात्मक पंक्ति को भेदने और उनके आक्रामक डिफेंस के पीछे मौजूद खाली जगह का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। इंग्लैंड के कोच थॉमस ट्यूशेल की रणनीति रक्षात्मक चूक को कम करने को प्राथमिकता देनी होगी। डेक्लान राइस और कोबी मैनू की मेस्सी को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## खबर संक्षेप



### स्क्वाश पीएसए चैलेंजर से सान्या वत्स बाहर

**चेन्नई।** भारत की चौथी वरीयता प्राप्त सान्या वत्स एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में मिस्र की शीर्ष वरीयता प्राप्त रुकाइया ओथमान से हार गई। इंडियन स्क्वाश अकादमी में खेले गए मैच में वत्स को मिस्र की खिलाड़ी से 4-11, 2-11, 5-11 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य सेमीफाइनल में कोरिया की ह्वायेओंग ईम ने मिस्र की हाना अलादीन को 11-9, 9-11, 2-11, 11-4, 11-6 से हराया। पुरुष वर्ग का फाइनल मलेशिया के जोआचिम चुआ और मिस्र के अधम रोशडी के बीच खेला जाएगा।

### जूडो महासंघ को मिली सशर्त मान्यता



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारतीय जूडो महासंघ (जेएफआई) के अंतरिम निकाय को सशर्त मान्यता दे दी है, जिसका चुनाव दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पिछले महीने हुआ था। मंत्रालय ने इसके साथ ही चेतावनी दी कि अगर वह अदालत के निर्देशों का पालन नहीं करेगा तो उसे निलंबित कर दिया जाएगा। जेएफआई का संचालन 2022 से अदालत से नियुक्त प्रशासक कर रहे थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस साल फरवरी में अपने फैसले में निकाय को वार्षिक आम बैठक बुलाने और इस साल की शुरुआत में लागू किए गए राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने के लिए कहा था।

## 968 दिन का बाद बुमराह का 'कमाल कमबैक', वनडे में चटकाए 150 विकेट

एजेंसी ▸▸| बर्मिंघम



भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 968 दिन बाद वनडे क्रिकेट में लौटते ही कमाल कर दिया। पहले 4 ओवर में सिर्फ 8 रन और फिर पांचवें ओवर में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक का विकेट लेते ही उन्होंने दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए।

उन्होंने इस विकेट के साथ वनडे इंटरनेशनल में अपने 150 विकेट पूरे किए। साथ ही वह इंग्लैंड में सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बने। जसप्रीत बुमराह ने अपने 90वें मैच और 89वीं पारी में 150वां विकेट लिया और सबसे तेज यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने। जबकि इंग्लैंड में उनका यह 31वां वनडे विकेट था। रविंद्र जडेजा (30) को पीछे छोड़ते हुए इस मामले में बुमराह नंबर 1 भारतीय गेंदबाज बने। भारत के लिए सबसे तेज 150 वनडे विकेट लेने का रिकॉर्ड मोहम्मद शमी के नाम है।

### सबसे तेज 150 वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज

| | |
|---|---|
| मोहम्मद शमी | : 80वां मैच |
| कुलदीप यादव | : 88वां मैच |
| **जसप्रीत बुमराह** | **: 90वां मैच** |
| अजीत अगरकर | : 97वां मैच |
| जहीर खान | : 103वां मैच |

### इंग्लैंड में सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले भारतीय

| | |
|---|---|
| **31 विकेट** | **: जसप्रीत बुमराह*** |
| 30 विकेट | : रविंद्र जडेजा |
| 28 विकेट | : भुवनेश्वर कुमार |
| 27 विकेट | : मदन लाल |
| 26 विकेट | : मोहम्मद शमी |

## 77 रन पर ढेर पूरी टीम, 6 ओवर में खत्म हो गया टी20 मुकाबला

एजेंसी ▸▸| बर्मिंघम

टी20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर मुकाबले में एक बेहद एकतरफा और हैरान करने वाला मैच देखने को मिला। इस मुकाबले में बेल्जियम ने हंगरी के खिलाफ 10 विकेट से एकतरफा और धमाकेदार जीत दर्ज की। हंगरी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 77 रनों पर ढेर हो गई, जिसके बाद बेल्जियम ने महज 6 ओवरों में ही बिना कोई विकेट खोए टारगेट हासिल कर लिया।

बेल्जियम ने हंगरी को 10 विकेट से हराया



### हंगरी की बैटिंग फेल

मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हंगरी की शुरुआत बेहद खराब रही। बेल्जियम के घातक गेंदबाजी आक्रमण के सामने हंगरी का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। टीम की तरफ से जाहिर सफी मोहम्मद ने सबसे ज्यादा 26 गेंदों में 20 रन बनाए। उनके अलावा मोहम्मद माज भाईजी ने 11 और कप्तान विनोद रविंद्रन ने 10 रनों का योगदान दिया। इन तीनों के अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू सका और पूरी टीम 19.3 ओवरों में 77 रन बनाकर पवेलियन लौट गई।

## आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग : मानव-मानुष बने वर्ल्ड नंबर-2, शीर्ष 10 में तीन भारतीय जोड़ियां

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय टेबल टेनिस ने बड़ी उपलब्धि हासिल की जब नवीनतम आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग में भारत की तीन युगल जोड़ियों ने शीर्ष 10 में जगह बनाई। भारतीय युगल जोड़ियों की अगुआई मानव ठक्कर और मानुष शाह कर रहे हैं , जो पुरुष युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं, जो किसी भी युगल वर्ग में किसी भारतीय जोड़ी की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हैं। महिला युगल में दीया चितले और यशस्विनी घोरपडे दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी के रूप में शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं। मिश्रित युगल में दीया और मानुष दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी है। यह पहली बार है जब भारत की तीन जोड़ियों ने विश्व रैंकिंग में एक साथ शीर्ष 10 में जगह बनाई है।



### भारत की जोड़ियां दे रही पारंपरिक दिग्गजों को टक्कर

*यह उपलब्धि युगल खेलने वाले सबसे मजबूत देशों में भारत की बढ़ती अहमियत को दिखाती है क्योंकि भारत की जोड़ियां लगातार चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और चीनी ताइपे जैसे पारंपरिक दिग्गजों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। यह उपलब्धि खेल के लिए एक अहम मोड़ पर भी आई है क्योंकि लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में युगल वर्ग की ओलंपिक कार्यक्रम में वापसी होने वाली है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस स्पर्धा का महत्व बढ़ गया है।*

## 20 से युवा हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप

*नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने मस्कट में 20 से 25 जुलाई तक होने वाली पहली युवा हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीम की घोषणा की। यह चैंपियनशिप इसलिए भी खास है क्योंकि यह पहली एफआईएच अंडर-18 युवा हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए आधिकारिक एशियाई क्वालीफायर है। इस टूर्नामेंट में एशिया के उभरते हुए बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसमें दोनों वर्ग में सात-सात टीम मुकाबला करेंगी। पुरुषों के वर्ग में मेजबान ओमान, भारत, पाकिस्तान, ईरान, इराक, सऊदी अरब और बांग्लादेश की टीम चुनौती पेश करेंगी। महिलाओं के वर्ग में भारत, पाकिस्तान, ओमान, चीन, उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान और ईरान की टीम खेलेंगी। भारतीय टीम का चयन भोपाल (महिलाओं के लिए) और चंडीगढ़ (पुरुषों के लिए) में चल रहे दो राष्ट्रीय शिविर में 15-15 खिलाड़ियों के समूह से किया गया। दस खिलाड़ियों वाली महिला टीम में गोलकीपिंग की जिम्मेदारी खिली कुमारी और महक परिहार को मिली है।*

### लेनोक्स का कहर

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया



एजेंसी ▸▸| प्रोविडेंस

बाएं हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स ने 19 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ कम स्कोर वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 5 विकेट से जीत हासिल करके श्रृंखला बराबर कर ली।

वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय बिना किसी नुकसान के 63 रन था लेकिन आखिर में उसकी टीम 36 ओवर में 138 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड के लिए भी टर्न लेती पिच पर छोटे लक्ष्य तक पहुंचना आसान नहीं रहा। उसका स्कोर भी एक समय पांच विकेट पर 96 रन था। उसके बाद टॉम लैथम (नाबाद 37) ने मार्क ब्रैसवेल (नाबाद 24) के साथ 37 रन की अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड को 104 गेंद शेष रहते लक्ष्य तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड ने 32.4 ओवर में पांच विकेट पर 141 रन बनाए। न्यूजीलैंड की यह वनडे में 400वीं जीत थी जिससे उसने पांच मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर दिया।

### लेनोक्स ने किया 31 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू

वेस्टइंडीज ने पहला मैच सात विकेट से जीता था। लेनोक्स ने 31 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद अपने सातवें वनडे में पहली बार पांच विकेट लिए। उन्होंने एक ऐसे पतन की शुरुआत की, जिससे जॉन कैंपबेल (43) और अकीम ऑगस्ट (18) के बीच पहले विकेट की अच्छी साझेदारी के बावजूद वेस्टइंडीज ने 65 रन के अंदर अपने सभी 10 विकेट गंवा दिए। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंचे। इनमें आमिर जांगू भी शामिल थे, जिन्होंने 24 रन बनाए।

### जापान ओपनः सिंधू ने मलेशिया की चिंग को हराकर दूसरे दौर में बनाई जगह

## सिंधू ने सीधे गेम में मारी बाजी, कोर्ट से हटी स्टार जोड़ी

एजेंसी ▸▸| टोकियो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के कंधे की समस्या के कारण उन्हें और चिराग शेट्टी को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मैच के बीच से हटना पड़ा जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मलेशिया की वोंग लिंग चिंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

सात्विक और चिराग की विश्व में चौथे नंबर की जोड़ी ने सिंगापुर ओपन जीतकर दो साल से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म किया था। इसके बाद उन्होंने इंडोनेशिया ओपन में भाग नहीं लिया था। जापान ओपन में उन्होंने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड से पहला गेम 19-21 से हारने के बाद हटने का फैसला किया।



### कपिला और तनीशा की दूसरे दौर में एंट्री

भारत के ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो ने भी अपने मिश्रित युगल मुकाबले में स्कॉटलैंड के एलेक्जेंडर डन और जूली मैकफर्सन को 21-16, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। हालांकि रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे पहले ही दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 11-21, 10-21 से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

### सिंधू ने बनाए रखा अपना दबदबा

विश्व रैंकिंग में नंबर 10 पर काबिज सिंधू ने अपने सहज खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में विश्व रैंकिंग में नंबर 37 पर काबिज वोंग को 21-14 21-11 से हराया। सिंधू ने शुरुआत से ही खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा और रैलियों की गति को नियंत्रित करते हुए 7-4 की बढ़त हासिल कर ली। हालांकि वोंग ने संघर्ष जारी रखने की कोशिश की, लेकिन उनकी गलतियों ने भारतीय खिलाड़ी को लगातार आगे बढ़ने का मौका दिया। सिंधू ने इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी रैलियों में सहज दिख रही थीं और उन्होंने अपने स्ट्रोक्स को प्रभावी ढंग से लगाकर अपनी बढ़त को 14-9 तक पहुंचा दिया। उनके बैकहैंड नेट ड्रिबल, ड्रॉप शॉट और हाफ-स्मैश सटीक रहे।





## हाईकोर्ट ने कहा, यथास्थिति आदेश का गलत अर्थ निकालकर दायर की गई याचिका

# आदेश भूमि हस्तांतरण पर था, निर्माण पर नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कटनी की सिलिको बाईट शिक्षा उत्कर्ष समिति द्वारा दायर विविध व्यवहार प्रकरण को निरस्त कर दिया। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने स्पष्ट किया कि पूर्व में पारित यथास्थिति आदेश का संबंध भूमि के हस्तांतरण से था, निर्माण कार्य पर रोक से नहीं।

समिति ने कटनी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के पदाधिकारियों सहित पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त, तत्कालीन तहसीलदार व पूर्व थाना प्रभारी के खिलाफ आरोप लगाया था कि हाई कोर्ट के यथास्थिति आदेश के बावजूद विवादित भूमि पर निर्माण कराया गया और प्रशासन ने कारवाई नहीं की।



मामले की सुनवाई के दौरान महाविद्यालय की ओर से अधिवक्ता दीपक पंजवानी व नेहा भाटिया ने बताया कि विवादित भूमि के विक्रय को शून्य घोषित कराने का दीवानी वाद जिला न्यायालय, कटनी पहले ही निरस्त हो चुका है, जिसके विरुद्ध अपील हाई कोर्ट में लंबित है। कोर्ट ने कहा कि अपील में दायर स्थगन आवेदन में केवल भूमि का किसी अन्य के पक्ष में हस्तांतरण रोकने की प्रार्थना की गई थी। लिहाजा, यथास्थिति आदेश का आशय भी केवल हस्तांतरण से था, निर्माण पर रोक से नहीं। इसके आधार पर कोर्ट ने समिति की याचिका निरस्त कर दी।

**हाईकोर्ट ने कहा -आत्मनिर्भर नहीं तो बालिग अविवाहित बेटी भी भरण-पोषण की हकदार**

# गलत कानूनी धारा लिखने से नहीं रुकेगा न्याय

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भरण-पोषण से जुड़े एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि कोर्ट का उद्देश्य तकनीकी आधार पर राहत ठुकराना नहीं, बल्कि न्याय सुनिश्चित करना है। जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने कहा कि यदि किसी आवेदन में गलत कानूनी धारा का उल्लेख हो गया हो, तो महज इसी आधार पर जरूरतमंद व्यक्ति को न्याय से वंचित नहीं किया जा सकता। यदि बालिग अविवाहित बेटी अपनी आय या संपत्ति से स्वयं का भरण-पोषण करने में सक्षम नहीं है, तो वह पिता से भरण-पोषण पाने की हकदार है। कोर्ट ने सतना निवासी गंगा सिंह की पुनरीक्षण याचिका निरस्त करते हुए फैमिली कोर्ट द्वारा बेटी रक्षा सिंह के पक्ष में दो हजार रुपये प्रतिमाह अंतरिम भरण-पोषण देने के आदेश को बरकरार रखा। हालांकि फैमिली कोर्ट ने पत्नी के दावे को प्रथमदृष्टया वैध विवाह सिद्ध नहीं होने के आधार पर अस्वीकार कर दिया था। पिता ने दलील दी थी कि बालिग बेटी को धारा 125 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत भरण-पोषण नहीं दिया जा सकता और उसने पिता के विरुद्ध शिकायतें भी दर्ज कराई हैं। हाई कोर्ट ने यह तर्क निरस्त करते हुए कहा कि फैमिली कोर्ट हिंदू दत्तक ग्रहण व भरण-पोषण अधिनियम, 1956 की धारा 20 (3) के तहत भी राहत प्रदान कर सकता है। गलत धारा का उल्लेख न्याय में बाधा नहीं बन सकता।

# बुरी नीयत से हाथ पकड़ने पर एक वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की कोर्ट ने महिला से छेड़छाड़ और बुरी नीयत से हाथ पकड़कर खींचने के मामले में आरोपित पनागर निवासी होरीलाल कोल उर्फ संजू कोल का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ उसे एक वर्ष के कारावास व दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन के अनुसार 12 मई, 2020 को पीड़िता मनरेगा कार्य से लौट रही थी। इसी दौरान कुलिया के पास आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर अपनी ओर खींचा और बात करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसने गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। अगले दिन भी आरोपी कार्यस्थल पहुंचकर पीड़िता और अन्य लोगों से अभद्रता करने लगा। शिकायत पर पनागर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच के बाद न्यायालय में चालान पेश किया। मामले में उप संचालक अभियोजन केएस मुवेल व सहायक निदेशक हनुमंत किशोर शर्मा के मार्गदर्शन में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी रागिनी जैन ने पैरवी की।

**21 जुलाई को असम, झारखंड और बंगाल के डीजीपी होंगे तलब**

# सायबर जांच पर हाईकोर्ट सख्त...

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने साइबर अपराधों की जांच में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए स्पष्ट किया है कि डिजिटल अपराधों से निपटने के लिए जांच एजेंसियों को अपराधियों से अधिक तेज और तकनीकी रूप से सक्षम होना होगा। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए असम, पश्चिम बंगाल और झारखंड के पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) को 21 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर संबंधित मामलों की जांच की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

> जस्टिस हिमान्शु जोशी की टिप्पणी सायबर अपराधों में हर सेकंड अहम, जांच एजेंसियों को अपराधियों से तेज चलना होगा

### केंद्र, आरबीआई और दूरसंचार विभाग भी बने पक्षकार

जस्टिस हिमान्शु जोशी की एकलपीठ ने केंद्रीय गृह मंत्रालय, दूरसंचार विभाग तथा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को भी पक्षकार बनाते हुए जवाब तलब किया है। अदालत ने कहा कि साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश के लिए बैंक, टेलीकॉम कंपनियां, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और राज्यों की पुलिस के बीच रियल-टाइम सूचना साझा करने की एकीकृत व्यवस्था विकसित करना समय की आवश्यकता है।

### 70 वर्षीय महिला की याचिका पर सुनवाई

मामला जबलपुर निवासी 70 वर्षीय चैताली मित्रा से जुड़ा है, जिनके बैंक खाते से 26 अप्रैल 2025 को करीब 6.25 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई थी। गोराबाजार थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### एसपी ने बताई जांच में आने वाली चुनौतियां

सुनवाई के दौरान जबलपुर पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, गोराबाजार थाना प्रभारी भूपेंद्र आर्मो और विवेचना अधिकारी संजीव कुमार त्रिपाठी अदालत में उपस्थित हुए। एसपी ने बताया कि बैंकों से प्रारंभिक तकनीकी जानकारी मिलने में तीन से पांच दिन लग जाते हैं। वहीं टेलीग्राम जैसे एनक्रिप्टेड प्लेटफॉर्म से आईपी लॉग और अन्य डिजिटल साक्ष्य प्राप्त करने में भी कठिनाई आती है। दूसरे राज्यों की पुलिस से समय पर सहयोग नहीं मिलने के कारण जांच प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में संदिग्ध की लोकेशन असम में मिली है।

### कागजी व्यवस्था से अपराधियों को मिल रहा फायदा

हाईकोर्ट ने कहा कि मौजूदा कागजी प्रक्रिया और धीमा समन्वय साइबर अपराधियों को बढ़त दिला रहा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे अपराधों में हर सेकंड महत्वपूर्ण होता है और जांच तंत्र को अपराधियों से अधिक तेजी से काम करना होगा। मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी।




# Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant in Madhya Pradesh. * This exchange scheme is valid across India till 31st March, 2027 and is available exclusively through authorised TVS main dealers (AMDs) and authorised TVS dealers (ADs). ^ Colours available in TVS XL100 Heavy Duty Alloy variant. + Based on internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com मुख्य अधिकृत विक्रेता – जबलपुर : सिंघई टीवीएस, 7970000165, सिंघई टीवीएस ब्रांच, 7970000191, सिया टीवीएस, 8817400130, 8817400131, नर्मदा टीवीएस, 9644966004, 9644966005, नर्मदा टीवीएस ब्रांच, 9644966022, बालाघाट : सतपुड़ा टीवीएस, 9977700737, 8463876187, कटनी : के 3 टीवीएस, 9425154874, 9407439013, नरसिंह टीवीएस, 6267750761, 9039053881, मंडला : माँ रेवा टीवीएस, 7000415209, 9424140700, नरसिंहपुर : भाटिया टीवीएस, 07792–236299, 9111023411, अर्पित टीवीएस, 9754238888, सिवनी : अर्पित टीवीएस, 7898723789, 8839694100, शहडोल : मनोज टीवीएस, 9826366798, 07652–230912, वैढ़न : प्रिंस टीवीएस, 9826789114, 9098634696, अधिकृत विक्रेता जबलपुर : रांझी 9300122757, 9179612850, वेदी नगर 9993233297, गोसलपुर 9977887566, पनागर 9806240088, सिहोरा 9691022227, 9977973525, मझौली 7898404022, 9827620592, कांचघर 9669328111, अधिकृत विक्रेता डिंडौरी : शाहपुरा 9433027927, गाडासरई 9424508485, अधिकृत विक्रेता बालाघाट : कटंगी 7869691407, अधिकृत विक्रेता कटनी : बहोरीबंद 6260231716, बरही 8349508490, पवई 9425831675, रीठी 6263283508, शाहनगर 9691091510, स्लीमनाबाद 9981827688, उमरिया 9406531622, विजयराघवगढ़ 8251888084, बड़वारा 8770103194, अमरपुर 7582048076, अधिकृत विक्रेता नरसिंहपुर : बरमान 9713721013, 7987583356, गाडरवारा 9406898888, 98266906886, तेंदूखेड़ा 9993618356, 7049545151, गोटेगांव 7049371202, करेली 8889601199, 6264308599, 9926618699, 8720017200, अधिकृत विक्रेता मण्डला : बिछिया 7389911256, 8989607762, नैनपुर 9340547727, 6268900447, अधिकृत विक्रेता सिवनी : बरघाट 8517819200, 9425436764, छपारा 7566040335, 9827676009, केवलारी 9993110847, 9755290608, अधिकृत विक्रेता शहडोल : अमलाई, 9584046909, अनूपपुर 7000656002, ब्योहारी 8861622002, बुढ़ार 9425182091, धनपुरी 9425135035, गोहपारू 7999139906, जयसिंहनगर 9479599510, कोतमा 9424334566, नौरोजाबाद 8319878310, राजेन्द्रग्राम 9770935006, कोतमा 9713923592, मानपुर 9713213171, जैतहरी 8120963160, अधिकृत विक्रेता वैढ़न : निगरी 9630062852, 8085934464, सरई 7470402846, 7697593980, चितरंगी 9407359862, बरगांवा 8085387283, गोनर्रा 9827275805.

dentsu/hb jab/05/26



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## सेंट एलॉयसियस स्कूल में धर्मांतरण के आरोप पर बवाल

### हिंदू संगठन का प्रदर्शन, परिसर में तोड़फोड़, कई थानों का बल पहुंचा

**जबलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित सेंट एलॉयसियस स्कूल में मंगलवार दोपहर धर्मांतरण के आरोपों को लेकर बड़ा हंगामा हो गया। हिंदू संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता स्कूल परिसर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन करते हुए अंदर प्रवेश करने का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की और झड़प की स्थिति बन गई। इस दौरान स्कूल परिसर में तोड़फोड़ की घटना भी हुई। सूचना मिलते ही कैंट, गोरा बाजार और गोरखपुर थाना पुलिस सहित अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया।



हिंदू संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि स्कूल में कार्यरत कुछ हिंदू कर्मचारियों पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जा रहा है। उनका कहना है कि धर्म परिवर्तन से इनकार करने वाले कर्मचारियों को नौकरी से निकालने या प्रताड़ित करने की धमकी दी जाती है। संगठन का दावा है कि कर्मचारियों की शिकायत मिलने के बाद ही कार्यकर्ता स्कूल पहुंचे थे।

#### कर्मचारी ने लगाए गंभीर आरोप

स्कूल में कार्यरत रहे सफाई कर्मचारी राजेश कुमार ने आरोप लगाया कि वह पिछले 12 वर्षों से स्कूल में कार्यरत था। पिछले लगभग तीन माह से उस पर चर्च जाकर प्रार्थना करने और धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया जा रहा था। उसने यह भी आरोप लगाया कि उससे रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में भी काम कराया जाता था। राजेश का कहना है कि धर्म परिवर्तन से इनकार करने पर उसे बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के नौकरी से हटा दिया गया।

#### करीब एक घंटे तक चला हंगामा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रदर्शन के दौरान करीब एक घंटे तक स्कूल परिसर में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की और परिसर में तोड़फोड़ की। पुलिस ने हस्तक्षेप कर प्रदर्शनकारियों को परिसर से बाहर किया और स्थिति को सामान्य बनाया।

#### पुलिस जांच में जुटी

घटना के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं हिंदू संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि धर्म परिवर्तन के ऐसे आरोप दोबारा सामने आए तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## स्टेट बार काउंसिल चुनाव : 40,879 मतों की गिनती पूरी

*कई दिग्गजों ने बनाई बढ़त, अब तक 39,442 मत वैध, 1,437 निरस्त, जबलपुर के सैनी सहित अन्य आगे*

**जबलपुर ।** एमपी स्टेट बार काउंसिल निर्वाचन-2026 की मतगणना मंगलवार को भी पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ जारी रही। इस चरण में अशोकनगर, सबलगढ़, जीरा, तेंदूखेड़ा, गाडरवारा, गोटेगांव, करेली, नरसिंहपुर, रामपुरा, मनासा, नीमच, जावद, शाहनगर, अजयगढ़, गुन्नौर, पवई, पन्ना, सिलवानी व रायसेन की मतपेटियों की गिनती पूरी की गई।करीब 62 हजार मतों में से अब तक 40,879 मतों की गिनती पूरी हो चुकी है। इनमें 39,442 मत वैध पाए गए हैं, जबकि 1,437 मतपत्र निरस्त किए गए। प्रत्येक चरण की मतगणना सभी प्रत्याशियों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कराई जा रही है। अब तक की मतगणना में राकेश सिंह भदौरिया, आरके सिंह सैनी, विवेक सिंह, हितोषी जय हार्डिया और जितेंद्र कुमार जैन बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं महिला प्रत्याशियों में प्रतीका पाठक, अनु पटेल, प्रतिमा बालिया, अंजना कुरसिया और रेशिम ऋतु जैन को बढ़त मिली है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस एसके पालो व वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने बताया कि सहायक रिटर्निंग आफिसर जीएस बघेल और दीपक अवस्थी व हाईपावर इलेक्शन कमेटी के सचिव प्रशांत दुबे की देखरेख में मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है। बुधवार को रायसेन की शेष मतपेटियों के साथ राजगढ़ और रतलाम की मतगणना होगी। इसके बाद समय मिलने पर रीवा जिले की मतपेटियों की गिनती शुरू की जाएगी।

## महाधिवक्ता कार्यालय की नियुक्तियों पर हाईकोर्ट सख्त, कहा- वेरी सीरियस मैटर

*राज्य सरकार से चयन प्रक्रिया का पूरा मूल रिकार्ड तलब किया, महाधिवक्ता को स्वयं पेश होकर स्थिति स्पष्ट करने के दिए निर्देश*

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता कार्यालय में ला आफिसर्स की नियुक्तियों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान मामले को वेरी सीरियस मैटर बताते हुए राज्य सरकार से चयन प्रक्रिया का पूरा मूल रिकार्ड तलब कर लिया। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने निर्देश दिया कि अगली सुनवाई पर महाधिवक्ता स्वयं उपस्थित होकर न्यायालय के समक्ष पक्ष रखें। अगली सुनवाई 10 अगस्त को होगी। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के संयुक्त सचिव अधिवक्ता योगेश सोनी द्वारा दायर याचिका पर अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान कोर्ट नियुक्ति प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाते हुए पूछा कि जब ला ऑफिसर्स की नियुक्तियों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था, तब चयन का निर्धारित मापदंड क्या था और चयनित अधिवक्ताओं का चयन किन मानकों के आधार पर किया गया। कोर्ट ने इन सभी बिंदुओं से संबंधित संपूर्ण मूल अभिलेख अगली सुनवाई पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन प्रतिवादियों द्वारा अगली सुनवाई तक जवाब दाखिल नहीं किया जाएगा, उनके संबंध में महाधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत जवाब को ही उनका जवाब माना जाएगा। याचिका में आरोप लगाया गया है कि महाधिवक्ता कार्यालय में विधि अधिकारियों की नियुक्तियां वर्ष 2013 की राजपत्र अधिसूचना और निर्धारित पात्रता मानकों के अनुरूप नहीं की गईं। याचिकाकर्ता का दावा है कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव रहा तथा पात्रता संबंधी नियमों की अनदेखी की गई।

## हाईकोर्ट के निर्देश पर अपील के लिए मिली निशुल्क कानूनी सहायता

*सजायाफ्ता बंदियों के लिए अभिनव प्रकल्प लाया रंग*

**जबलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस सेंट्रल जेल में निरुद्ध सजायाफ्ता बंदियों को उच्च न्यायालय में आपराधिक अपील दायर करने के लिए निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई। यह अभियान प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश व प्राधिकरण अध्यक्ष कृष्णमूर्ति मिश्र के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। जेल भ्रमण के दौरान जिला विधिक सहायता अधिकारी बीडी दीक्षित ने 21 सजायाफ्ता बंदियों से चर्चा कर उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। इनमें से पांच बंदियों ने निशुल्क कानूनी सहायता के माध्यम से अपील दायर करने की इच्छा जताई। आवश्यक दस्तावेज उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति को भेजे जाएंगे, जहां पैनल अधिवक्ता अपील तैयार करेंगे। यह पहल हाई कोर्ट के निर्देशानुसार सिजो चंदन बनाम राज्य शासन प्रकरण के तहत की गई है, ताकि कोई भी बंदी आर्थिक अभाव के कारण न्याय से वंचित न रहे। अभियान में जेल अधिकारियों, प्रहरी विवेकानंद शर्मा व पैरा लीगल वालंटियर्स ने भी सहयोग किया।

### मानूसन की बेवफाई से इतरा रहा पारा

**जबलपुर।** मानसून दगा दे रहा है। आ गया है लेकिन बरस नहीं रहा है। बादल छाते है दिनभर से निकल जाते है। बंगाल की खाड़ी में बनी द्रोणिक हिमालय की तराई में जा पहुंची है। मानसून की बेवफाई से पारा इतरा रहा है। मंगलवार का दिन उमस भरी गर्मी में बीता। पारा दिन और रात में भी औसत के करीब पहुंच गया। मौसम कार्यालय के मुताबिक मानसूनी बादल अभी बंगाल की खाड़ी में ही है फिलहाल जोरदार बारिश के आसार नहीं हैं। स्थानीय बादलों से जरूर छुटपुट वर्षा हो सकती है। मौसम कार्यालय के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 3 डिग्री अधिक न्यूनतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातःकाल 71 प्रतिशत और सायंकाल 53 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय प्रातः 5.34 बजे और सूर्यास्त शाम 6.59 बजे हुआ। पश्चिमी हवायें 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

## घंटाघर चौराहे पर बेकाबू कार ने मचाई तबाही

### ऑटो और बाइक को रौंदा, दिनदहाड़े मची अफरातफरी

**जबलपुर।** शहर की सड़कों पर बेलगाम रफ्तार एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। मंगलवार को शहर के सबसे व्यस्त घंटाघर चौराहे पर तेज रफ्तार कार ने ऐसा कहर बरपाया कि कुछ ही सेकंड में चीख-पुकार और भगदड़ मच गई। बेकाबू कार पहले सड़क किनारे खड़े एक ऑटो से जा टकराई, जिससे ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद भी चालक नहीं रुका और भागने के दौरान एक बाइक सवार को भी अपनी चपेट में ले लिया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो चालक सड़क किनारे सवारी का इंतजार कर रहा था। तभी तेज गति से लहराते हुए आई कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो चालक कई फीट दूर उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही ओमती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ऑटो चालक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं दुर्घटना के बाद भाग रहे कार चालक ने आगे जाकर एक मोटरसाइकिल सवार को भी टक्कर मार दी। दिनदहाड़े शहर के व्यस्त चौराहे पर हुई इस घटना ने यातायात व्यवस्था और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने शहर में तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### मोबाइल हैक कर उड़ाए 49.66 हजार रुपये

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक युवक के बैंक खाते से 49 हजार 660 रुपये पार कर दिए। पीड़ित को ठगी की जानकारी तब लगी, जब वह खरीदारी के दौरान ऑनलाइन भुगतान करने पहुंचा और खाते में राशि नहीं मिली। पुलिस के अनुसार रविदास नगर बड़ा पत्थर, रांझी निवासी 31 वर्षीय राजेंद्र चौधरी ने शिकायत दर्ज कराई है कि 28 जून की दोपहर करीब 2 बजे मोबाइल चलाते समय उसका फोन अचानक हैंग होकर बंद हो गया। लगभग 15 मिनट बाद मोबाइल दोबारा चालू हुआ। अगले दिन खरीदारी के दौरान ऑनलाइन भुगतान करने पर खाते में पैसे नहीं होने का पता चला। इसके बाद वह एसबीआई बैंक पहुंचा, जहां खाते की जांच में पता चला कि 28 जून को दोपहर करीब 2 बजे उसके खाते से 49 हजार 660 रुपये उत्तर प्रदेश के एक बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए गए थे। पीड़ित का आरोप है कि किसी अज्ञात साइबर ठग ने ऑनलाइन धोखाधड़ी कर उसके खाते से रकम निकाल ली। रांझी पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धारा 318(4) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साइबर पुलिस की मदद से ट्रांजैक्शन और संबंधित बैंक खाते की जानकारी जुटाई जा रही है।

## जबलपुर रेल मंडल में जल्द खुलेंगे 5 नए स्टेशन

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल में नई रेल लाइन परियोजनाओं का कार्य अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही पांच नए रेलवे स्टेशन शुरू करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इन स्टेशनों पर रेल संचालन प्रारंभ करने के लिए मंडल रेल प्रशासन ने इंजीनियरिंग, परिचालन और सिग्नल एवं दूरसंचार (एसएंडटी) विभाग के कर्मचारियों से पोस्टिंग के लिए विकल्प (ऑप्शन) मांगे हैं।

रेल सूत्रों के अनुसार सतना-खजुराहो रेलखंड पर कराही, बरेठिया, नागोद और फुलवारी तथा रीवा-सिंगरौली रेलखंड पर रामपुर नैकिन स्टेशन को जल्द शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इन स्टेशनों के लिए स्टेशन मास्टर, पॉइंट्समैन (कांटे वाले) सहित विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों की तैनाती की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### तैयारियां तेज : कर्मचारियों से मांगे गए विकल्प



### सीधी और पन्ना में बने नए एसएसई कार्यालय

नई रेल लाइन परियोजना के कई सेक्शनों में कार्य पूर्ण होने और रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) के निरीक्षण के बाद ट्रेनों के संचालन का मार्ग प्रशस्त होने लगा है। इसे देखते हुए इंजीनियरिंग विभाग ने सीधी और पन्ना में वरिष्ठ खंड अभियंता (रेलपथ) के नए कार्यालय (एसएसई डिपो) स्थापित किए हैं। इसके साथ ही नई रेल लाइन पर कार्य संचालन के लिए ट्रैकमैन संवर्ग के कर्मचारियों के स्थानांतरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पूरे जबलपुर रेल मंडल के इच्छुक ट्रैकमैन कर्मचारियों से नई पदस्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

### स्पा सेंटर में बुजुर्ग की मौत

**जबलपुर।** शहर के तैयाबली क्षेत्र स्थित विद्या स्पा में मंगलवार को एक बुजुर्ग की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 64 वर्षीय आर.बी. सिंह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, स्पा में मौजूद रहने के दौरान उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत हार्ट अटैक आने से हुई। घटना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शव को अपने साथ घर ले गए।

### भाजपा नेता उज्ज्वल पचौरी पर फर्जीवाड़े का आरोप, एसपी से एफआईआर की मांग

## 500 रुपये के स्टाम्प पर करोड़ों के कथित अनुबंध

**हरिभूमि, जबलपुर।**

करोड़ों रुपये के कथित टोल प्लाजा पार्टनरशिप एग्रीमेंट से जुड़ा मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। भाजपा नेता उज्ज्वल पचौरी पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता अमित द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक से उनके विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना और आपराधिक षड्यंत्र सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नियमों के विपरीत कथित तौर पर ऐसे एग्रीमेंट तैयार कराए गए, जिनके जरिए करोड़ों रुपये के लेन-देन और पार्टनरशिप का दावा किया गया।



#### एग्रीमेंट को वैध करार देने का भरोसा

कुख्यात जालसाज और जेल में बंद अमित खम्परिया का मैनेजर रहे शिकायतकर्ता अमित द्विवेदी ने शिकायत में आरोप लगाते हुए बताया कि महावीर डेयरी के समीप स्थित यू.वी. ऑनलाइन सेंटर में केवल 500-500 रुपये के स्टाम्प पर करोड़ों रुपये के कथित टोल प्लाजा पार्टनरशिप अनुबंध तैयार किए गए। उनका दावा है कि इन दस्तावेजों का मसौदा स्वयं उज्ज्वल पचौरी ने तैयार कराया और लोगों को यह भरोसा दिलाया गया कि इस प्रकार के एग्रीमेंट पूरी तरह वैध हैं। शिकायत के अनुसार कथित रूप से इस प्रक्रिया के बदले मोटी रकम भी वसूली गई।

#### विभागीय जांच में संबंधित विभागों ने माना फर्जीवाड़ा

अमित द्विवेदी का कहना है कि उन्होंने इससे पहले भी दो बार पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के दिल्ली मुख्यालय, रायबरेली और जबलपुर कार्यालय सहित विभिन्न विभागों से जानकारी प्राप्त की। शिकायतकर्ता का दावा है कि संबंधित विभागों ने ऐसे अनुबंधों को नियमों के अनुरूप नहीं माना।

#### बयानों में भी उज्ज्वल की भूमिका उजागर

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि मामले से जुड़े कथित गवाहों, उत्तर प्रदेश के कुछ कथित पीड़ितों और संबंधित नोटरी के बयानों में भी उज्ज्वल पचौरी की भूमिका का जिक्र किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पचौरी स्वयं को भाजपा का प्रभावशाली नेता बताते हुए लोगों को विश्वास दिलाते थे कि उन्हें ऐसे अनुबंध कराने का अधिकार है और अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी या अन्य औपचारिकताओं की आवश्यकता नहीं है।

#### रिपोर्टों में नियमों का उल्लंघन

आवेदन में यह भी दावा किया गया है कि जिला राजस्व विभाग की रिपोर्ट में कथित स्टाम्प संबंधी अनियमितताओं, शीर्षकों में बदलाव और नियमों के उल्लंघन का उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार रिपोर्ट में आवश्यक मुद्रांक शुल्क की वसूली की भी अनुशंसा की गई है।

#### नहीं तो जाएंगे हाईकोर्ट

अमित द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक से उपलब्ध दस्तावेजों और जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की शरण लेंगे।

#### कार्रवाई की जाएगी

भाजपा नेता उज्जवल पचौरी के खिलाफ टोल प्लाजा पार्टनरशिप एग्रीमेंट में फर्जीवाड़ा करने की शिकायत दी गई हैं। जिसकी तस्दीक की जा रही हैं। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सूर्यकांत शर्मा,** एएसपी मुख्यालय

## आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: निगम मजिस्ट्रेट

### शहर के प्रमुख होटल, डेयरी और खाद्य प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण, लिए सैंपल

**जबलपुर।** खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने और आम नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से निगम मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गोयल द्वारा सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित प्रमुख होटलों, डेयरी एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रामजी डेयरी, शंकर डेयरी, हनुमान डेयरी, लकी चिकन सेंटर, बॉबी मटन शॉप, मनमोहन होटल एवं गोपाल होटल सहित अन्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान कुछ स्थानों पर साफ-सफाई की कमी पाए जाने पर संचालकों को प्रतिष्ठान के अंदर और बाहर बेहतर स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।



जांच के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में पनीर, दही, सब्जी वाली ग्रेवी और आटे की गुणवत्ता को लेकर संदेह पाए जाने पर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। निगम मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गोयल ने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य व्यापारियों को परेशान करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि शहरवासियों को शुद्ध और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि जहां कमियां मिली हैं, वहां संचालकों को सुधार का अवसर दिया गया है। अत्यधिक गंदगी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों को सख्त चेतावनी दी गई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन सभी प्रतिष्ठानों का पुनः निरीक्षण किया जाएगा। स्वच्छता मानकों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# आंसू बहा रहा एसडीएम भवन, तीन साल से उद्घाटन का इंतजार

## 22 लाख की सरकारी इमारत अनुपयोगी, पनागर की जनता आज भी 17 किमी दूर जाने को मजबूर



**पनागर।** आम जनता को त्वरित प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग 22 लाख रुपये की लागत से बनाया गया एसडीएम भवन तीन साल बाद भी उपयोग में नहीं आ सका है। लोकार्पण के इंतजार में खड़ा यह भवन अब प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीक बनता जा रहा है।भवन का निर्माण इस उद्देश्य से किया गया था कि पनागर क्षेत्र के लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों, नामांतरण, बंटवारा, प्रमाण पत्र और अन्य मामलों के लिए जबलपुर स्थित एसडीएम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। योजना के अनुसार सप्ताह में दो दिन एसडीएम के पनागर में बैठने की व्यवस्था होनी थी, लेकिन यह व्यवस्था अब तक शुरू नहीं हो सकी।उपयोग के अभाव में भवन की स्थिति भी खराब होने लगी है। बरसात में छत से पानी टपकने, दीवारों का प्लास्टर उखड़ने और पेंट खराब होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों नहीं तो लाखों रुपये की लागत से बनी सरकारी संपत्ति देखरेख के अभाव में खराब हो रही है।

### गरीब और ग्रामीण सबसे अधिक परेशान

एसडीएम कार्यालय के लिए आज भी पनागर क्षेत्र के नागरिकों को करीब 17 किलोमीटर दूर जबलपुर जाना पड़ता है। इसका सबसे अधिक असर गरीब परिवारों, बुजुर्गों, महिलाओं और ग्रामीणों पर पड़ रहा है। कई बार एक ही प्रकरण में बार-बार कार्यालय पहुंचने से समय और धन दोनों की बर्बादी होती है।

### फाइलों का संग्रह स्थल बना भवन

प्रशासनिक कार्यों के लिए बनाए गए इस भवन का उपयोग वर्तमान में सीमित रूप से फाइलों के रखरखाव के लिए किया जा रहा है। जहां जनसुनवाई और राजस्व प्रकरणों का निराकरण होना था, वहां नियमित प्रशासनिक गतिविधियां शुरू नहीं हो पाई हैं।

### अधिवक्ता संघ ने उठाई मांग

अधिवक्ता संघ पनागर के राकेश पांडेय ने कहा कि भवन निर्माण का उद्देश्य आमजन और अधिवक्ताओं को सुविधा देना था। यदि एसडीएम सप्ताह में दो दिन भी पनागर में बैठते हैं तो हजारों लंबित प्रकरणों का स्थानीय स्तर पर निराकरण हो सकेगा और जनता को राहत मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि शीघ्र भवन का लोकार्पण कर नियमित रूप से एसडीएम कार्यालय का संचालन शुरू कराया जाए, ताकि जनता को इसका वास्तविक लाभ मिल सके।


### मुख्य बिंदु

- 22 लाख रुपये की लागत से बना एसडीएम भवन तीन साल से अनुपयोगी।
- लोकार्पण नहीं होने से सरकारी संपत्ति हो रही खराब।
- बरसात में छत टपकने और प्लास्टर उखड़ने की शिकायत।
- पनागर क्षेत्र के लोगों को अब भी जबलपुर जाना पड़ रहा।
- अधिवक्ता संघ ने सप्ताह में दो दिन एसडीएम की बैठक शुरू करने की मांग की।

# उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने किया शाला का औचक निरीक्षण



**सिहोरा।** उपनगर खितौला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी,पार्षद गौरा देवी विश्वकर्मा, पार्षद अंकुश नायक के साथ जनप्रतिनिधियों व गणमान्य जनों ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया तो विद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं की पोल खुल गई शाला परिसर में व्याप्त गंदगी सहित अन्य अनियमितता उजागर होने पर शाला प्रबंधन के कर्ताधर्ता भड़क उठे और पार्षद को ही नियमों का हवाला देने लगे और विद्यालय में निरीक्षण ना करने और कक्षाओं में प्रवेश पर भी रोकने का प्रयास किया गया जिस पर पार्षद तथा शाला प्रबंधन के बीच तीखी नोक झोक भी देखने मिली। वार्ड नं 12 स्थित शासकीय यशोदा बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययन कर रही एक बच्ची के माता पिता नही है। बच्ची अपने नाना नानी के पास रहकर अध्ययन कर रही है। जिससे शासन की बाल आर्शीवाद योजना अंतर्गत छात्रवृति के दस्तावेजों में प्राचार्य के हस्ताक्षर कराना था परंतु प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए जाने से बच्ची अत्याधिक परेशान थी और लगातार भटक रही थी परंतु प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए जा रहे थे साथ ही विद्यालय में चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा है। छात्राओं के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाला बुनियादी सुविधाएँ शौचालय, साफ सफाई, शुद्ध पेयजल, बाथरूम की सफाई, पंखे, विद्युत बोर्ड, सहित अनेक व्यवस्थाएँ ठप्प पड़ी थी साथ ही जर्जर व्यवस्था पर विद्यालय प्रबंधन लगातार अनदेखी कर रहा था। जिसको लेकर विद्यालय की छात्राओं के अभिभावकों द्वारा नगर पालिका उपाध्यक्ष व वार्ड पार्षद से शिकायत की थी निरीक्षण के दौरान उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने विद्यालय प्रबंधन द्वारा व्यवस्थाओं पर सुधार ना कराने पर उग्र ओदांलन की चेतावनी दी है।



# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण करें: निगमायुक्त

**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सीवेज, जल, उद्यान, लोककर्म, स्वास्थ्य और प्रकाश विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा की और शिकायतों का औपचारिक नहीं, बल्कि आवेदकों की संतुष्टि के साथ निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। निगमायुक्त ने मानसून को देखते हुए शहर की ड्रेनेज और सीवरेज व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र कौरव को दिए, ताकि जलभराव की स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने लोककर्म विभाग को सड़कों के गड्ढों की मरम्मत और आवश्यक कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे बारिश के दौरान नागरिकों को परेशानी न हो।बैठक में जल आपूर्ति व्यवस्था और उद्यानों के रखरखाव की भी समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। निगमायुक्त ने भवनों, अपार्टमेंटों और अन्य प्रतिष्ठानों में लगी पानी की टंकियों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। टंकियों में गंदगी मिलने या मच्छरों का लार्वा पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की स्वच्छता, स्वास्थ्य और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# 16 जुलाई को निकलेगी भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

**मझौली।** श्रद्धा, आस्था और सनातन परंपरा के अद्भुत संगम के रूप में 16 जुलाई गुरुवार को मझौली क्षेत्र भगवान श्री जगन्नाथ की भक्ति और उल्लास में सराबोर होगा। भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई भगवान बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा दोपहर 3 बजे शनी आश्रम मंदिर से प्रारंभ होगी। जयघोष, भजन-कीर्तन और शंखनाद के बीच भगवान का रथ नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भगवान विष्णु वाराह मंदिर पहुंचेगा, जहां भगवान का भव्य स्वागत किया जाएगा। मंदिर परिसर में परंपरानुसार भगवान श्री जगन्नाथ को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन होगा, जिसमें सैकड़ों भक्त शामिल होंगे।आयोजन समिति ने मझौली नगर सहित आसपास के ग्रामों के सभी महिला-पुरुष, युवाओं एवं मातृशक्ति से अधिकाधिक संख्या में रथयात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है। समिति ने बताया कि भगवान जगन्नाथ का रथ खींचना पुण्य लाभ प्रदान करने वाला माना जाता है। रथयात्रा को आकर्षक और मनमोहक बनाने के लिए श्रद्धालुओं से पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होने की अपील की गई है। पुरुषों से सफेद धोती-कुर्ता एवं महिलाओं से पीली साड़ी धारण कर भगवान की इस दिव्य यात्रा में सहभागी बनने का अनुरोध किया गया है।

# नगर निगम की जनसुनवाई में 104 आवेदनों का त्वरित निराकरण, नागरिकों को मिली राहत



**जबलपुर।** नगर निगम मुख्यालय एवं सभी संभागीय कार्यालयों में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 60 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें अतिक्रमण विभाग के 7, भवन शाखा के 12, स्वास्थ्य विभाग के 6, जल विभाग के 2, संपदा शाखा के 11, कॉलोनी सेल के 4, बाजार, राजस्व, लोककर्म, स्थापना, पेंशन, शासकीय योजना, उद्यान सहित अन्य विभागों से जुड़े आवेदन शामिल रहे। निगमायुक्त के निर्देश पर कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इसके साथ ही नगर निगम के संभागीय कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई, जहां नागरिकों ने 44 आवेदन प्रस्तुत किए। संभागीय अधिकारियों द्वारा सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त सौरभ मिश्रा, विद्यानंद बाजपेई, उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन, जनसुनवाई प्रभारी एवं सहायक आयुक्त वेद प्रकाश चौधरी, गुलाब इमवाती, सुनील दुबे, विष्णु, देवेंद्र पटेल, असद, सतीश मिश्रा एवं आशा चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# बेदखल किया तो भूखों मरने की नौबत आ जायेगी, जमीन से बेदखल करने का आरोप

**सिहोरा।** सिहोरा विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत अगरिया टिकरिया में निवासरत भूमीहीन आदिवासी ने सिहोरा अनुविभागीय अधिकारी के नाम का ज्ञापन सौपकर गुहार लगाई है की जिस भूमी पर वर्षों से खेती कर अपने परिवार का उदरपोषण करते आ रहे है अधिकारियों द्वारा उन्हे उसभूमी से बेदखल करने की धमकी दी जा रही है। ग्रामीण आदिवासी मुन्नालाल वल्द लटकन कोल,सुरेंद्र वल्द रामविशाल कोल,संतोष वल्द बिहारी कोल,राजू वल्द चन्नू कोल,वीरन वल्द सुहातात कोल ,कल्लू वल्द लक्ष्मन कोल ने बताया की सभी लोग भूमि हीन है तथा परिवार के पोषण का कोई अन्य साधन नहीं है। हम सब लोग लगभग 15 सालों से मोजा ग्राम बरने हार के खसरा नं 275 में किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते चले आ रहे है लेकिन कुछ समय से हम लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है।वन कर्मियों के द्वारा हमें डराया जाता है उक्त जमीन से भगाया जाता है जमीन खाली करने की धमकी दी जाती है सभी लोगों को उक्त जमीन से बेदखाल किया जा रहा है ।

# पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ ज्ञानोदय चिल्ड्रन एकेडमी की साइकिल रैली निकली



**जबलपुर।** पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार सुबह 8 बजे ज्ञानोदय चिल्ड्रन एकेडमी एवं वॉक एंड क्लीन परिवार के संयुक्त तत्वावधान में साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

रैली जीसीए स्कूल, पड़ा की मढ़िया से होकर गढ़ा बाजार, देवताल होते हुए शैलपर्ण उद्यान तक पहुंची। इसमें ज्ञानोदय चिल्ड्रन एकेडमी के छात्र-छात्राएं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान बच्चों द्वारा तैयार की गई विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों के बीजों से निर्मित सीड बॉल का उपयोग किया गया। बच्चों ने अपने द्वारा बनाए गए गुलेल के माध्यम से शैलपर्ण उद्यान की पहाड़ी पर सीड बॉल डाली, जिससे नए पौधों के विकास को बढ़ावा मिल सके। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित करना रहा। साथ ही सीड बॉल गतिविधि के माध्यम से बच्चों को प्रकृति से जोड़ना और पर्यावरण के महत्व को समझाना है।

# सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी

## वार्डवासियों ने नगर परिषद की व्यवस्था पर उठाए सवाल



**बरेला।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 स्थित सिलगोर रोड और कपिल पटेल की कुलिया में नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने से स्थानीय नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क से गुजरने वाले लोगों को मजबूरी में गंदे पानी के बीच से होकर निकलना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिक कपिल पटेल ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद में शिकायत की गई है तथा सीएम हेल्पलाइन में भी आवेदन दर्ज कराया गया है, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ है। उनका कहना है कि नाली निर्माण के बाद भी लीकेज के कारण गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। जानकारी के अनुसार, नगर परिषद द्वारा इस क्षेत्र में करीब 7 लाख रुपये की लागत से संप वेल निर्माण की योजना बनाई गई है, जिसका टेंडर भी हो चुका है, लेकिन अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। नागरिकों का आरोप है कि लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी जल निकासी की समस्या बनी हुई है। इस संबंध में वार्ड पार्षद राजकुमार गोटियां ने बताया कि गंदे पानी की निकासी के लिए कई बार नगर परिषद को अवगत कराया गया है, लेकिन अभी तक व्यवस्था नहीं की गई है। वार्डवासियों ने शीघ्र समाधान की मांग की है।

### सुरेश वाटिका में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

# सितंबर तक 2,500 पौधे निःशुल्क वितरित करने का रखा लक्ष्य

**पनागर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत जबलपुर की नवांकुर संस्था काशी ग्राम विकास समिति, महगवां द्वारा समिति की नवांकुर नर्सरी सुरेश वाटिका में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। 04 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित स्वैच्छिकता पर्व का उद्देश्य स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, सामाजिक समरसता एवं जनभागीदारी जैसे सामाजिक सरोकारों को जन-जन तक पहुंचाना है। समिति ने इस अभियान को पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।समिति अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि अभियान के तहत सितंबर माह तक आमजन को 2,500 पौधे निःशुल्क वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# चोरी-लूट की बढ़ती वारदातों से सहमे पान मसाला व्यापारी सुरक्षा की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** शहर में पान मसाला व्यापारियों के साथ लगातार हो रही चोरी, लूट और नकदी छिनैती की घटनाओं को लेकर जबलपुर पान मसाला व्यापारी संघ ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में संघ ने बताया कि पिछले कई वर्षों से पान मसाला व्यापारी लगातार चोरी और लूट की घटनाओं का सामना कर रहे हैं। इन घटनाओं के कारण व्यापारियों में भय का वातावरण बना हुआ है और उनके कारोबार पर भी इसका असर पड़ रहा है।व्यापारी इसलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि बीते पांच वर्षों से व्यापारी अपराधियों के निशाने पर हैं। उन्होंने कहा कि लगभग हर माह तीन से चार व्यापारी चोरी या लूट की घटनाओं से प्रभावित हो रहे हैं। शिकायत दर्ज होने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापारी शासन को राजस्व देने के साथ ईमानदारी से अपना व्यवसाय कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि बाजार क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित की जाए और अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। व्यापारी संघ ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित कर व्यापारियों की सुरक्षा के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने की मांग की है। संघ ने आशा जताई कि प्रशासन उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर व्यापारियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएगा।

# सुरेश वाटिका में आरंभ हुआ वृक्षारोपण

**सिहोरा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा चलाए जा रहे अभियान स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत नवांकुर संस्था काशी ग्राम विकास समिति महगवां के द्वारा समिति की नवांकुर नर्सरी सुरेश वाटिका में पौधारोपण किए गए 04 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित स्वैच्छिकता पर्व के माध्यम से स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण,नशामुक्ति, सामाजिक समरसता एवं जनभागीदारी के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने का यह अभियान परिषद द्वारा हम सभी के लिए प्रेरणादाई है। समिति के द्वारा सितंबर तक जन समूह को निःशुल्क ढाई हजार पौधे वितरित कर वृक्षारोपण का लक्ष्य है । समिति के अध्यक्ष सनिल यादव ने क्षेत्रीय जनों से इस पर्यावरण बचाने की मुहिम में लोगों से जुड़ने की अपील की। इस दौरान अनिल कोल,विष्णु कोल,सोनू,चंदन,गुलाब यादव,जागेश्वर, दिनेश कोल,जयकुमार,संतोष कोल आदि उपस्थित रहे।



**श्रीमती रामप्यारी साहू-** सिहोरा-काल भैरव चौक वार्ड क्रमांक 6 निवासी श्रीमती रामप्यारी साहू का 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज बुधवार को को सुबह 10 बजे गंजताल स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे मीसा बंदी परिवार के अशोक साहू, विनोद साहू, रामकुमार साहू, प्रदीप साहू, प्रकाश साहू की माता थी।

**श्रीमती शांति बाई दाहिया-** छापर विजयनगर रामपुर निवासी श्री राम प्रसाद दाहिया की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई दाहिया (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संगीता सोनकर-** भरतीपुर निवासी श्री अजय सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती इंदिरा सावलानी-** नेपियर टाउन डॉ. बटालिया के पास निवासी श्री ईश्वर दास सावलानी की धर्मपत्नी श्रीमती इंदिरा सावलानी




(78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सोनू कुमार यादव-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री पूरल लाल यादव के पुत्र श्री सोनू कुमार यादव (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गोमती बाई-** संजय नगर सदर बागड़ी मोहल्ला निवासी श्री नारायण प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती गोमती बाई (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लीला हथाले-** सिद्धार्थ नगर घोड़ा अस्पताल के पास ब्यौहारबाग निवासी श्री मोहन लाल हथाले की धर्मपत्नी श्रीमती लीला हथाले (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार विश्वकर्मा-** मड़ई व्हीकल निवासी श्री नारायण प्रसाद विश्वकर्मा के पुत्र श्री राजकुमार विश्वकर्मा (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकुमारी बाई बर्मन-** त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री बिहारी लाल बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी बाई बर्मन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती फूलवती जाट-** बिहारी महाराज का बाड़ा बेलबाग निवासी श्री रामदयाल जाट की धर्मपत्नी श्रीमती फूलवती जाट (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सोहन लाल विनोदिया-** भार्गव कम्पाउंड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री सोहन लाल विनोदिया (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती चंद्रवती बर्मन-** बगीचा नं. 71 सदर निवासी श्री गुलाटी बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रवती बर्मन (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अवधेश शर्मा-** एन 24, कचनार सिटी विजयनगर निवासी श्री अवधेश शर्मा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यूनतम साइज 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
न्यूनतम साइज 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
न्यूनतम साइज रंगीन 1100/-
संपर्क करें विज्ञापन विभाग

# अमेरिका में जन्मा एआई उसी पर पड़ रहा भारी, 6 माह में छीनी साढ़े चार लाख नौकरियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका से जन्मा एआई अब अमेरिका पर ही भारी पड़ने लगा है। इसकी वजह से लाखों लोग बेरोजगार होने लगे हैं। सामने आए डेटा के मुताबिक, अमेरिका में जनवरी से जून 2026 के बीच 4.43 लाख से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की गई है। सबसे ज्यादा असर टेक सेक्टर पर पड़ा है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब नौकरियां जाने की सबसे बड़ी वजह बनकर सामने आया है।

अमेरिकी आउटप्लेसमेंट फर्म चैलेंजर, ग्रे एंड क्रिसमस की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2026 की पहली छमाही में अमेरिका की कंपनियों ने अलग-अलग सेक्टरों में 4,43,600 कर्मचारियों की छंटनी की। हालांकि, यह आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 43 प्रतिशत कम है। 2025 में अमेरिकी संघीय कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर हुई छंटनी के कारण रिकॉर्ड स्तर देखने को मिला था।

## अमेरिका में जनवरी से जून के बीच 4.43 लाख से ज्यादा की छंटनी

### पिछले साल से 66 प्रतिशत ज्याद छंटनियां

रिपोर्ट के अनुसार, इस साल टेक सेक्टर सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। जनवरी से जून के बीच टेक कंपनियों ने 1,23,653 कर्मचारियों की नौकरी खत्म की, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 66 प्रतिशत अधिक है। लगातार तीन महीनों से टेक कंपनियां छंटनी की मुख्य वजह एआई को बता रही हैं। चैलेंजर, ग्रे एंड क्रिसमस के चीफ रेवेन्यू ऑफिसर एंडी चैलेंजर ने कहा कि, अब कंपनियां कर्मचारियों की छंटनी के लिए सबसे ज्यादा एआई का हवाला दे रही हैं और टेक इंडस्ट्री इसमें सबसे आगे है।




### मई 2026 रहा सबसे कठिन महीना

रिपोर्ट के मुताबिक, मई 2026 टेक कर्मचारियों के लिए सबसे कठिन महीना रहा। इस दौरान कुल 97,006 नौकरियां खत्म की गईं, जिनमें से 38,242 केवल टेक सेक्टर की थीं। इसी समय मेटा जैसी बड़ी कंपनियों ने भी एआई को अपनाने और संगठन में बदलाव का हवाला देते हुए हजारों कर्मचारियों की छंटनी की। रिपोर्ट बताती है कि, इस साल हुई कुल छंटनी में 22 प्रतिशत हिस्सेदारी एआई की रही, जिससे साफ है कि इसका सबसे ज्यादा असर व्हाइट-कॉलर नौकरियों पर पड़ रहा है।

### नई भर्तियां काफी कमजोर

कंपनियों का कहना है कि जैसे पहले स्प्रेडशीट और ईमेल ने काम करने का तरीका बदला था, वैसे ही एआई आगे चलकर उत्पादकता बढ़ाएगा, लेकिन फिलहाल इसकी वजह से हजारों लोग नौकरी गंवा रहे हैं। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने भी कर्मचारियों को भेजे संदेश में एआई को हमारे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण तकनीक बताया था। वहीं, छंटनी के बीच नई भर्तियां अब भी कमजोर बनी हुई हैं।

## खबर संक्षेप



### आदित्य बिड़ला समूह की इकाई स्प्रिंग एनर्जी को खरीदेगी

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज की इकाई आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एबीआरईएन) ने करीब 1.8 अरब डॉलर (लगभग 17,200 करोड़ रुपये) में शेल ओवरसीज इन्वेस्टमेंट बी वी से स्प्रिंग एनर्जी के अधिग्रहण पर सहमति जताई है। इस सौदे से देश के सबसे बड़े एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मंचों में से एक के गठन की राह खुलेगी। आदित्य बिड़ला समूह ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस अधिग्रहण से एबीआरईएन की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़कर करीब 9.3 गीगावाट-पीक (जीडब्ल्यूपी) हो जाएगी।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 13 जुलाई तक 16.40 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में 13 जुलाई तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.40 प्रतिशत बढ़कर 6.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।




इसमें कॉरपोरेट कर संग्रह में तेजी का अहम योगदान रहा है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 22 प्रतिशत बढ़कर 2.40 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं, गैर-कॉरपोरेट कर (एनसीटी) से राजस्व संग्रह, जिसमें व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) और फर्मों द्वारा चुकाए गए कर शामिल हैं, करीब 12 प्रतिशत बढ़कर 3.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

### उच्चतम न्यायालय में कोटक एएमसी की अपील खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बाजार नियामक सेबी द्वारा कोटक महिंद्रा एएमसी, कोटक महिंद्रा ट्रस्टी




कंपनी और उनके वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को बरकरार रखते हुए कहा कि प्रतिभूति नियमों का पालन अनिवार्य है, चाहे निवेशकों को लाभ हुआ हो या हानि। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्त और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कोटक एएमसी, कोटक ट्रस्टी और छह अधिकारियों की अपील खारिज कर दी।

### रुपया 62 पैसे टूटकर 96.30 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने और भू-राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ने के बीच रुपया मंगलवार को 62 पैसे टूटकर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 96.30 (अस्थायी) पर रहा।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि नए सिरे से बढ़े भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने से अमेरिकी डॉलर की मांग बढ़ी जिससे रुपये पर दबाव बना। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.95 प्रति डॉलर पर खुला और 96.30 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### बीएसएनएल का परिचालन राजस्व 10 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2026-27



की पहली तिमाही में अपने परिचालन राजस्व में ''बिना ऑडिट'' के लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए बीएसएनएल की समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए सिंधिया ने कहा कि बीएसएनएल के उद्यमी व्यवसाय खंड और उपभोक्ता 'मोबिलिटी' में वृद्धि देखी गई है, जबकि उपभोक्ता 'फिक्स्ड एक्सेस' खंड लगभग स्थिर रहा है।

## वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

# खाद्य वस्तुओं के दाम चढ़ने से जून में थोक महंगाई बढ़कर 9.87 प्रतिशत पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य व गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी से जून में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 9.87 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई में यह 9.68 प्रतिशत के स्तर पर थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) की गणना के लिए आधार वर्ष 2022-23 है। खाद्य वस्तुओं में मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 5.49 प्रतिशत हो गई जो मई में 3.60 प्रतिशत थी। गैर-खाद्य वस्तुओं में थोक महंगाई 11.07 प्रतिशत रही जबकि खनिज श्रेणी में यह 9.45 प्रतिशत दर्ज की गई।

- डब्ल्यूपीआई की गणना के लिए आधार वर्ष 2022-23 है

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि थोक मुद्रास्फीति के जून, 2026 के आंकड़े पर खनिज तेल (जिसमें पेट्रोलियम उत्पाद शामिल हैं), खाद्य वस्तुएं, विनिर्मित मूल धातु तथा विनिर्मित रसायन एवं रासायनिक उत्पादों की कीमतों का असर दिखा।

**खास बातें**

- खाद्य वस्तुओं में मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 5.49 फीसदी थी
- गैर-खाद्य वस्तुओं में थोक महंगाई 11.07 प्रतिशत रही



### महंगाई अपने उच्चतम स्तर के करीब

बार्कलेज ने कहा, '' हालांकि, पश्चिम एशिया में तनाव फिर बढ़ने से युद्धविराम समझौता एक बार फिर खतरे में पड़ गया है। ऐसे में हम थोक महंगाई और उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) के आगामी आंकड़ों पर करीबी नजर रखे हुए हैं। हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति के ये आंकड़े अब अपने उच्चतम स्तर के करीब हैं और आने वाले कुछ महीनों में इनमें नरमी आने की उम्मीद है।''

### वैश्विक स्तर पर जिंस व कच्चे तेल में कुछ नरमी रही

बार्कलेज ने बयान में कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद जून में वैश्विक स्तर पर जिंस और कच्चे तेल की कीमतों में कुछ नरमी आई। इसका असर ईंधन एवं बिजली श्रेणी की थोक महंगाई में कमी के रूप में दिखाई दिया।

### प्राथमिक वस्तुओं की कीमतों में तेजी रही

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च की निदेशक मेघा अरोड़ा ने कहा कि जून में कुल थोक मुद्रास्फीति में वृद्धि की मुख्य वजह प्राथमिक वस्तुओं की कीमतों में तेजी रही, जिसने ईंधन श्रेणी की मुद्रास्फीति में आई नरमी के असर को बेअसर कर दिया।

### थोक महंगाई के नरम पड़ने के आसार

बोफा ग्लोबल रिसर्च में भारत और आसियान आर्थिक अनुसंधान के प्रमुख राहुल बजोरिया ने कहा कि 2026 की तीसरी तिमाही में थोक मुद्रास्फीति के नरम पड़ने के आसार हैं। खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति भी जून में बढ़कर 17 महीने के उच्चस्तर 4.38 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, जबकि इससे पिछले महीने यह 3.93 प्रतिशत थी।

### आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तय करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। सरकार ने दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ कुल मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर बनाए रखने का दायित्व सौंपा है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति के अपने अनुमान को पिछले महीने 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया था।

# अदाणी प्रॉपर्टीज ने लगाई छलांग चौथे स्थान पर पहुंची : रिपोर्ट


## 2026 ग्रोहे-हुरुन इंडिया रियल एस्टेट 150' रिपोर्ट जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उद्योगपति गौतम अदाणी और उनके परिवार की रियल एस्टेट संपत्ति में 72 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि हुई है। यह वृद्धि ऐसे साल में हुई है जो इस क्षेत्र के लिए अच्छा नहीं रहा और जिसमें ज्यादातर कंपनियों के मूल्यांकन में गिरावट देखी गई। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

- रियल एस्टेट संपत्ति में 72 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि

अहमदाबाद स्थित अदाणी समूह की कंपनी अदाणी प्रॉपर्टीज का उल्लेख करते हुए '2026 ग्रोहे-हुरुन इंडिया रियल एस्टेट 150' रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत के सबसे




धनाढ्य व्यक्ति, गौतम अदाणी, देश का सबसे बड़ा रियल एस्टेट कारोबार खड़ा कर सकते हैं।'' अदाणी समूह कई साल से रियल एस्टेट कारोबार में है और कई शहरों में इसकी परियोजनाएं चल रही हैं। यह मुंबई में धारावी झुग्गी बस्ती इलाके का पुनर्विकास कर रहा है। इसमें महाराष्ट्र सरकार की एक छोटी भागीदारी है। इसके अलावा, मोतीलाल नगर जैसी अन्य बड़ी परियोजना पर भी काम जारी है।

### सूची में डीएलएफ सबसे ऊपर

यह सूची एक ऐसे साल की कहानी बताती है जिसमें तेजी कम हुई। नए आने वालों का प्रदर्शन दिखाता है कि क्षेत्र की रफ्तार किस तरफ बढ़ी है। इस सूची में डीएलएफ 1.46 लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ सबसे ऊपर है। उसके बाद लोढ़ा डेवलपर्स का स्थान है जिसका मूल्यांकन 93,700 करोड़ रुपये है।

### टाटा ग्रुप का होटल उद्यम तीसरे स्थान पर

टाटा ग्रुप का होटल उद्यम आईएचसीएल 93,300 करोड़ रुपये के मूल्य के साथ तीसरे स्थान पर है और गौतम अदाणी चौथे स्थान पर हैं। रितेश अग्रवाल की कंपनी 'प्रिज्म' या 'ओयो' शीर्ष-10 में शामिल होकर पांचवें नंबर पर आ गई है। इसका मूल्यांकन दोगुना से अधिक होकर 67,200 करोड़ रुपये हो गया है।

# सोने में 700 रुपए की गिरावट और चांदी 8,900 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये गिरकर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि कमजोर मांग के कारण घरेलू सराफा बाजार में चांदी 8,900 रुपये प्रति किलो टूट गई। घरेलू सराफा बाजार में मांग कमजोर रहने से कीमती धातुओं पर दबाव बना रहा।

- सोना गिरकर 1.46 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया
- चांदी लुढ़ककर 2,26,100 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई

अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये कमजोर होकर 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) पर आ गया। यह पिछले कारोबारी सत्र में 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने के मुकाबले चांदी में और भी तेज गिरावट दर्ज



की गई। इसकी कीमत 8,900 रुपये लुढ़ककर 2,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। इससे पहले सोमवार को चांदी 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कीमतें अपेक्षाकृत मजबूत रहने के बावजूद आभूषण विक्रेताओं और औद्योगिक उपभोक्ताओं की सुस्त मांग के चलते बाजार पर दबाव बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,020.13 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी करीब एक प्रतिशत बढ़कर 58.06 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

### कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से बाजार प्रभावित

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''सोमवार की तेज गिरावट के बाद सराफा बाजार में सुधार की कोशिश देखी गई, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, महंगाई की चिंताओं और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त मौद्रिक रुख की आशंकाओं के कारण तेजी सीमित रही।''

# एंथ्रोपिक के प्लान 'क्लॉड प्रो' की कीमत 2000 रुपए प्रति माह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी एंथ्रोपिक ने भारत में अपने एआई सहायक 'क्लॉड' के लिए रुपये में कीमतें तय करने की घोषणा की है, जिससे देश के उपयोगकर्ताओं के लिए भुगतान प्रक्रिया आसान हो जाएगी।एंथ्रोपिक के अधिक उपयोग, क्लॉड कोड और कोवर्क तक पहुंच वाले प्लान 'क्लॉड प्रो' की कीमत 2,000 रुपये प्रति माह रखी गई है, जबकि उच्च उपयोग सीमा और व्यस्त समय में प्राथमिकता पहुंच वाला 'मैक्स'

- एंथ्रोपिक ने भारत में क्लॉड के लिए रुपए में कीमतें तय की





प्लान 11,999 रुपये प्रति माह पर उपलब्ध है। भारतीय मुद्रा में तय यह मूल्य कंपनी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर दिख रहा है और फिलहाल कार्ड भुगतान का विकल्प भी दिया गया है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के मुताबिक, एंथ्रोपिक भारत में नए उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए क्लॉड प्रो, मैक्स और टीम प्लान की कीमतें स्थानीय मुद्रा में तय करने का परीक्षण कर रही है।

# सरकार ने सेवा सूचकांक किया जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को पहला उप-क्षेत्रवार आधारित सेवा उत्पादन परीक्षण सूचकांक जारी किया। इससे पता चलता है कि अप्रैल, 2026 में संगठित सेवा क्षेत्र के 19 में से 14 उप-क्षेत्रों में दहाई अंक में वृद्धि हुई है। इन उप-क्षेत्रों में थोक व्यापार, खुदरा, आवास और भोजन, सड़क परिवहन, हवाई परिवहन, दूरसंचार और बैंक शामिल हैं। ये सेवा क्षेत्र का लगभग 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं। परीक्षण के तौर पर जारी सेवा उत्पादन सूचकांक (आईएसपी) का आधार वर्ष 2024-25 है। इसके अनुसार, रेलवे

- अप्रैल में 14 उप-क्षेत्रों में दहाई अंक में वृद्धि



और हवाई परिवहन को छोड़कर, सभी श्रेणी में अप्रैल, 2026 में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा, ''सेवा उत्पादन सूचकांक भारत की सांख्यिकी प्रणाली को मजबूत करने और सेवा क्षेत्र के माप को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सेवा क्षेत्र का देश की आर्थिक गतिविधियों में हिस्सेदारी आधे से अधिक है।'' अप्रैल में हवाई परिवहन में 13.9 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं रेलवे परिवहन में 0.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। सूचकांक के अनुसार, अप्रैल में मजबूत वृद्धि वाले शीर्ष उप-क्षेत्र... आवास और भोजन (37.2 प्रतिशत), खुदरा व्यापार (30.8 प्रतिशत), प्रशासनिक और सहायता सेवाएं (28.7 प्रतिशत) और रियल एस्टेट (27.7 प्रतिशत) हैं।

### सेवा क्षेत्र में बदलावों का माप मिल सकेगा

सांख्यिकी मंत्रालय ने कहा कि उप-क्षेत्रीय सूचकांक जारी होने से पहली बार भारत के संगठित सेवा क्षेत्र में अल्पकालिक बदलावों का मासिक माप मिल सकेगा। इसमें लगभग 60 प्रतिशत क्षेत्र कवर होगा। अपने आंकड़ा स्रोत यानी जीएसटी और प्रशासनिक आंकड़ों के आधार पर सेवा उत्पादन सूचकांक केवल संगठित क्षेत्र की कंपनियों को ही कवर करेगा।

# एचडीएफसी ने 9.6 लाख लोगों को कौशल विकास से बनाया सशक्त

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल 'परिवर्तन' के तहत कौशल विकास और आजीविका बढ़ाने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से 9.6 लाख लोगों को सशक्त बनाया है। बैंक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विश्व युवा कौशल दिवस से एक दिन पहले बैंक ने बयान में कहा




कि 'एचडीएफसी बैंक परिवर्तन' का कौशल विकास मॉडल औपचारिक प्रमाणन आधारित प्रशिक्षण के साथ-साथ स्थानीय जरूरतों के अनुरूप आजीविका और उद्यमिता से जुड़े कार्यक्रमों पर केंद्रित है। बयान में कहा गया है कि 1.96 लाख से अधिक युवाओं को प्रमाणित कौशल प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# बीमा उत्पादों की बिक्री से बढ़ी सरकारी बैंकों की 'कमाई'

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के बीमा उत्पादों की बिक्री से मिलने वाला कमीशन में वित्त वर्ष 2025-26 में अच्छी वृद्धि देखने को मिली है। अधिकतर बैंकों ने इस कारोबार से प्राप्त आय में वृद्धि दर्ज की। हालांकि, म्यूचुअल फंड वितरण से होने वाली आय का रुख मिला-जुला रहा। कुछ बैंकों की इस मद से आय बढ़ी, जबकि कुछ में गिरावट दर्ज की गई। बैंकों की वार्षिक रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चला कि देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने इस क्षेत्र में अपना दबदबा बनाए रखा। वित्त वर्ष 2025-26 में बैंक का बीमा कमीशन 19.26 प्रतिशत बढ़कर 2,795.01 करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2024-25 में 2,345.36 करोड़

- मिलने वाले कमीशन में अच्छी वृद्धि देखी गई




रुपये था। एसबीआई का म्यूचुअल फंड वितरण से कमीशन 7.05 प्रतिशत बढ़कर 1,617.52 करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1,511.06 करोड़ रुपये था। एसबीआई की बीमा कमीशन से हुई कुल 2,795.01 करोड़ रुपये की आय में से 2,384.63 करोड़ रुपये (करीब 85 प्रतिशत) उसकी जीवन बीमा अनुषंगी एसबीआई लाइफ की पॉलिसियों के वितरण से प्राप्त हुई। इसी तरह, 22,000 से अधिक शाखाओं वाले देश के सबसे बड़े बैंक की म्यूचुअल फंड वितरण से कुल आय में लगभग तीन-चौथाई यानी 1,209.33 करोड़ रुपये का योगदान एसबीआई म्यूचुअल फंड का रहा।

### पीएनबी की दोनों श्रेणियों में आय में गिरावट

*म्यूचुअल फंड वितरण से कमीशन 8.41 प्रतिशत बढ़कर 72.84 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ऑफ बड़ौदा का बीमा कमीशन 3.76 प्रतिशत बढ़कर 368.93 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, म्यूचुअल फंड वितरण से कमीशन 0.82 प्रतिशत घटकर 142.52 करोड़ रुपये रह गया। दूसरी ओर, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की दोनों श्रेणियों से आय में गिरावट दर्ज की गई।*

## इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम बदलाव की तैयारी कर रही

# अब 10 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर लाने की तैयारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम रसोई गैस के इस्तेमाल को आसान और सुविधाजनक बनाने के लिए एक बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। सूत्रों ने बताया है कि सरकारी तेल कंपनियां 10 किलो के हल्के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर लाने की तैयारी कर रही हैं। मंजूरी मिलने के बाद ये सिलेंडर गैस एजेंसी और कुछ रिटेल दुकानों पर कमर्शियल रेट पर मिल सकते हैं। मिडिल ईस्ट में युद्ध के दौरान भारत के एलपीजी बाजार में कई बड़े

- छोटू पांच किलो वाले सिलेंडर की सफलता को देखते हुए उठाया जा रहा कदम



बदलाव देखने को मिले। इस दौरान सरकार ने पीएनजी नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया और बड़ी संख्या में लोगों ने एलपीजी की जगह पीएनजी कनेक्शन लिया। सप्लाई बनाए रखने के लिए कई कदम उठाए गए। घरेलू एलपीजी उत्पादन करीब 32 टीएमटी से बढ़ाकर 52 टीएमटी से ज्यादा कर दिया गया, यानी इसमें 60 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। इसी दौरान 5 किलो वाले 'छोटू' एलपीजी सिलेंडर की मांग भी तेजी से बढ़ी। अब इसी कड़ी में 10 किलो के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर लाने की तैयारी को एक और बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

### *कितनी हो सकती है 10 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत?*

*तेल कंपनियां 10 किलो के सिलेंडर को कमर्शियल एलपीजी की कीमत पर बेचने की तैयारी कर रही हैं। फिलहाल दिल्ली में 14.2 किलो का घरेलू एलपीजी सिलेंडर 942 रुपए का है। वहीं 19 किलो का कमर्शियल सिलेंडर 2,930 रुपए में मिलता है, जबकि 5 किलो का कमर्शियल सिलेंडर 808.50 रुपए का है। 10 किलो सिलेंडर की कीमत अभी तय नहीं हुई है।*

### क्या है 10 किलो कमर्शियल सिलेंडर का प्लान?

सूत्रों ने बताया है कि सरकारी तेल कंपनियां इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम 10 किलो के हल्के कंपोजिट एलपीजी सिलेंडर कमर्शियल ग्राहकों के लिए लाने पर विचार कर रही हैं। अगर इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तो ये सिलेंडर कमर्शियल रेट पर गैस एजेंसियों और कुछ रिटेल आउटलेट्स के जरिए बेचे जा सकेंगे।

### किन लोगों को सबसे ज्यादा फायदा होगा?

इसका सबसे ज्यादा फायदा छोटे कारोबारियों, चाय और खाने के स्टॉल चलाने वालों, कैफे, फूड कियोस्क, किराएदारों, छात्रों और दूसरे शहरों में काम करने वाले मजदूरों को होगा। जिन लोगों के पास 19 किलो का बड़ा सिलेंडर रखने की जगह नहीं होती या उसे उठाने में दिक्कत होती है, उनके लिए 10 किलो का सिलेंडर ज्यादा आसान रहेगा। फिलहाल कमर्शियल ग्राहकों के लिए 19 किलो, 5 किलो और 2 किलो के एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं। लंबे समय से छोटे कारोबारियों की मांग थी कि 5 किलो और 19 किलो के बीच का भी कोई विकल्प होना चाहिए।

चिंतन

# कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और अवसरों का सेतु भी है। भारत जैसे बहुभाषी देश में यह बात और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत लागू की गई त्रि-भाषा नीति (थ्री-लैंग्वेज फॉर्मूला) भी इसी सोच पर आधारित है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई की इस नीति पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता। अदालत की यह टिप्पणी शिक्षा के व्यापक उद्देश्य को रेखांकित करती है, लेकिन यह सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि क्या इस नीति को लागू करने के लिए देश का शिक्षा तंत्र पूरी तरह तैयार है? राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को बहुभाषी बनाना, भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना और शिक्षा को अधिक समावेशी बनाना है। नई व्यवस्था के अनुसार नौवीं और दसवीं कक्षा में तीन भाषाएं पढ़ना अनिवार्य होगा, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होंगी। इससे विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा और देश की भाषाई विविधता से जुड़ने का अवसर मिलेगा। यह कदम भारतीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। हालांकि, इस नीति को लेकर कई व्यावहारिक चिंताएं भी सामने आई हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया कि अनेक विद्यार्थी पिछले कई वर्षों से फ्रेंच, जर्मन या अन्य विदेशी भाषाएं पढ़ रहे हैं। ऐसे छात्रों के लिए अचानक नई भारतीय भाषा अपनाना आसान नहीं होगा। इससे उनकी पढ़ाई और परीक्षा दोनों प्रभावित हो सकती हैं। दूसरी ओर, कई स्कूलों में संबंधित भाषाओं के प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। अनेक भारतीय भाषाओं की पाठ्य पुस्तकें भी समय पर उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। इन व्यावहारिक कठिनाइयों को देखते हुए सीबीएसई ने अपनी प्रारंभिक व्यवस्था में संशोधन किया है। नई गाइडलाइन के अनुसार वर्तमान दसवीं, नौवीं, आठवीं और सातवीं के विद्यार्थियों को तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं देनी होगी। केवल वर्तमान छठी कक्षा के विद्यार्थी पहले ऐसे बैच होंगे, जिन पर यह नीति पूरी तरह लागू होगी। यह निर्णय बताता है कि सरकार भी चरणबद्ध तरीके से इस बदलाव को लागू करना चाहती है, ताकि विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव न पड़े। वहीं जो छात्र शैक्षणिक वर्ष 2027-28 में कक्षा 10वीं में प्रवेश करेंगे, उन्हें अपनी तीसरी भाषा (जिसे आर3 कहा गया है) का स्कूल-आधारित इंटरनल असेसमेंट पास करना ही होगा। इसके बिना उन्हें सेकेंडरी स्कूल एग्जामिनेशन पास सर्टिफिकेट नहीं दिया जाएगा। दरअसल, भाषा सीखने के अनेक लाभ हैं। शोध बताते हैं कि एक से अधिक भाषाओं का ज्ञान बच्चों की स्मरण शक्ति, तार्किक क्षमता और रचनात्मक सोच को विकसित करता है। भविष्य में रोजगार, उच्च शिक्षा और राष्ट्रीय स्तर पर संवाद के अवसर भी बढ़ते हैं। इसलिए नई भाषा सीखना कभी नुकसान का सौदा नहीं हो सकता। यदि पर्याप्त शिक्षक, गुणवत्तापूर्ण पाठ्यपुस्तकें, डिजिटल सामग्री और प्रशिक्षण उपलब्ध नहीं होगा तो अच्छी मंशा वाली नीति भी विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि भाषा नीति लागू करने से पहले सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों और विद्यार्थियों को बदलाव के लिए पर्याप्त समय मिले। बहुभाषी भारत में भारतीय भाषाओं को सम्मान मिलना समय की मांग भी है। यदि यही संतुलन बनाए रखा गया, तो सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी वास्तव में सार्थक सिद्ध होगी कि कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता।



आर्थिकी
ममता कुशवाहा

जून माह में खुदरा महंगाई बढ़कर लगभग 4.38 प्रतिशत तक पहुंचने के बाद यह स्पष्ट संकेत मिला कि महंगाई का दबाव फिर से बढ़ रहा है। लगातार कई महीनों की वृद्धि ने भारतीय रिजर्व बैंक, सरकार, उद्योग जगत और आम नागरिक-सभी की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसे समय में जब भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, महंगाई का यह बढ़ता दबाव केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि हर घर की रसोई, हर किसान की खेती, हर व्यापारी के कारोबार और हर युवा के भविष्य से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। यही कारण है कि बढ़ती महंगाई को केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और विकासात्मक चुनौती के रूप में भी देखा जा रहा है।

# महंगाई : अर्थव्यवस्था के सामने नई चुनौती

कुछ दिन पहले जारी हुए खुदरा महंगाई के ताज़ा आंकड़ों ने एक बार फिर देश में आर्थिक बहस को तेज कर दिया है। जून माह में खुदरा महंगाई बढ़कर लगभग 4.38 प्रतिशत तक पहुंचने के बाद यह स्पष्ट संकेत मिला कि महंगाई का दबाव फिर से बढ़ रहा है। लगातार कई महीनों की वृद्धि ने भारतीय रिजर्व बैंक, सरकार, उद्योग जगत और आम नागरिक-सभी की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ऐसे समय में जब भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, महंगाई का यह बढ़ता दबाव केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि हर घर की रसोई, हर किसान की खेती, हर व्यापारी के कारोबार और हर युवा के भविष्य से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। यही कारण है कि बढ़ती महंगाई को केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और विकासात्मक चुनौती के रूप में भी देखा जा रहा है।

महंगाई का सामान्य अर्थ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से है। जब किसी परिवार को पहले की तुलना में समान वस्तुएं खरीदने के लिए अधिक धन खर्च करना पड़ता है, तब उसकी क्रय शक्ति घटने लगती है। यदि आय उसी गति से नहीं बढ़ती, जिस गति से महंगाई बढ़ रही हो, तो जीवन स्तर पर सीधा प्रभाव पड़ता है। यही वजह है कि महंगाई का सबसे अधिक बोझ मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। इनके बजट का बड़ा हिस्सा भोजन, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आवश्यक जरूरतों पर खर्च होता है, इसलिए कीमतों में मामूली वृद्धि भी उनकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर देती है। वर्तमान समय में महंगाई बढ़ने का सबसे बड़ा कारण खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़े हैं। इन वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर हर परिवार की रसोई पर पड़ता है। भारत जैसे देश में जहां बड़ी आबादी सीमित आय पर निर्भर है, वहां खाद्य महंगाई केवल आर्थिक समस्या नहीं बल्कि सामाजिक चिंता का विषय बन जाती है। भोजन महंगा होने पर परिवार अपनी आवश्यकताओं में कटौती करने को मजबूर होते हैं, जिससे पोषण स्तर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। महंगाई को बढ़ाने वाले कारण केवल घरेलू नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भारत जैसे आयात-निर्भर देशों के लिए बड़ी चुनौती बन जाते हैं। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा होता है, तो परिवहन लागत बढ़ती है। इसका प्रभाव उद्योगों की उत्पादन लागत पर पड़ता है और अंततः उपभोक्ताओं को वस्तुएं महंगे दामों पर खरीदनी पड़ती हैं। इस प्रकार वैश्विक घटनाओं का असर सीधे भारतीय बाजार और आम नागरिक के जीवन पर दिखाई देता है। जलवायु परिवर्तन भी महंगाई का एक बड़ा कारण बनकर उभरा है। अनियमित मानसून, अत्यधिक वर्षा, सूखा और प्राकृतिक आपदाएं कृषि उत्पादन को प्रभावित करती हैं। यदि फसलें खराब होती हैं या उत्पादन कम होता है, तो बाजार में आपूर्ति घट जाती है और कीमतें बढ़ जाती हैं। भारत की बड़ी आबादी अभी भी कृषि पर निर्भर है, इसलिए मौसम की अनिश्चितता केवल किसानों की आय



ही नहीं, बल्कि पूरे देश की खाद्य सुरक्षा और मूल्य स्थिरता को प्रभावित करती है। आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और अधिक गंभीर हो सकते हैं, इसलिए कृषि क्षेत्र को अधिक सक्षम और तकनीक आधारित बनाने की आवश्यकता है। बढ़ती महंगाई का सबसे बड़ा प्रभाव देश की मौद्रिक नीति पर पड़ता है। भारतीय रिजर्व बैंक का प्रमुख उद्देश्य मूल्य स्थिरता बनाए रखना और आर्थिक विकास को संतुलित रखना है। यदि महंगाई लगातार लक्ष्य से ऊपर बनी रहती है, तो आरबीआई रेपो रेट बढ़ाने का निर्णय ले सकता है। रेपो रेट बढ़ने का अर्थ है कि बैंकों को धन महंगा मिलेगा, जिसका असर गृह ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण और उद्योगों को मिलने वाले कर्ज पर पड़ेगा। ब्याज दरें बढ़ने से लोग कम खर्च करते हैं और उद्योग भी निवेश में सावधानी बरतते हैं। इससे आर्थिक गतिविधियों की गति धीमी हो सकती है। इसलिए महंगाई पर नियंत्रण और विकास के बीच संतुलन बनाना केंद्रीय बैंक के लिए सबसे कठिन जिम्मेदारी होती है। महंगाई का प्रभाव केवल उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं रहता। उद्योगों के लिए कच्चा माल, बिजली, ईंधन और परिवहन महंगा होने से उत्पादन लागत बढ़ जाती है। यदि कंपनियां बढ़ी हुई लागत उपभोक्ताओं पर डालती हैं, तो वस्तुएं और महंगी हो जाती हैं। यदि वे कीमतें नहीं बढ़ातीं, तो उनका लाभ घटता है और निवेश प्रभावित होता है। इसका असर रोजगार सृजन पर भी पड़ सकता है। छोटे और मध्यम उद्योग, जिनकी आर्थिक क्षमता सीमित होती है, ऐसे समय में सबसे अधिक दबाव महसूस करते हैं। परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था की विकास दर पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सरकार के सामने भी इस समय अनेक चुनौतियां हैं। केवल ब्याज दरों के सहारे महंगाई पर स्थायी नियंत्रण संभव नहीं है। इसके लिए उत्पादन बढ़ाना, आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करना, जमाखोरी और कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण रखना तथा कृषि और परिवहन क्षेत्र में सुधार करना आवश्यक है। आवश्यक वस्तुओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना, भंडारण क्षमता बढ़ाना और किसानों को आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराना भी महंगाई नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। साथ ही ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देकर आयातित ईंधन पर निर्भरता कम की जा सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था आज पहले की तुलना में कहीं अधिक वैश्विक हो चुकी है। इसलिए दुनिया के किसी भी हिस्से में उत्पन्न आर्थिक या राजनीतिक संकट का प्रभाव भारतीय बाजार तक पहुंच जाता है। ऐसे में आर्थिक नीतियों को केवल वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि भविष्य के संभावित जोखिमों को देखते हुए तैयार करना होगा। मूल्य स्थिरता, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास को एक साथ लेकर चलना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सरकार, रिजर्व बैंक, उद्योग जगत और किसानों के बीच बेहतर समन्वय ही इस चुनौती का प्रभावी समाधान दे सकता है। वास्तव में बढ़ती महंगाई केवल कीमतों का प्रश्न नहीं, बल्कि देश की आर्थिक स्थिरता, सामाजिक संतुलन और विकास की दिशा से जुड़ा हुआ विषय है। यदि समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाएं, तो इस चुनौती को अवसर में भी बदला जा सकता है। मजबूत कृषि व्यवस्था, पारदर्शी बाजार, संतुलित मौद्रिक नीति, बेहतर आपूर्ति तंत्र और दूरदर्शी आर्थिक निर्णय ही भारत को महंगाई के दुष्प्रभावों से बचा सकते हैं। आज आवश्यकता आंकड़ों पर बहस करने से अधिक ठोस और समन्वित कार्रवाई की है, ताकि आर्थिक विकास की गति भी बनी रहे और आम नागरिक की थाली तथा जेब दोनों सुरक्षित रह सकें।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

संघर्ष
डॉ. घनश्याम बादल




# होर्मुज़ पर टैक्स की जंग समुद्र पर किसका अधिकार

युद्ध केवल मोर्चों पर नहीं लड़े जाते, वे समुद्रों, व्यापार मार्गों, अर्थव्यवस्था और कूटनीति पर भी लड़े जाते हैं। आज फारस की खाड़ी का प्रवेश द्वार, हार्मुज़ जलडमरूमध्य, इसी प्रकार के संघर्ष का केंद्र बन गया है। ईरान और अमेरिका एक-दूसरे पर युद्धविराम की शर्तें तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं। एक ओर ईरान अपने समुद्री क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों पर नियंत्रण और शुल्क लगाने की बात कर रहा है, तो दूसरी ओर अमेरिका भी समुद्री सुरक्षा के नाम पर जहाजों से 20 प्रतिशत शुल्क वसूलने की घोषणा कर चुका है। दोनों पक्ष अपने-अपने कदम को वैध ठहरा रहे हैं, किंतु प्रश्न यह है कि इसकी कीमत कौन चुकाएगा? उत्तर स्पष्ट है-दुनिया। ताज़ा घटनाक्रम में दोनों देश युद्धविराम के उल्लंघन के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि ईरान ने हार्मुज़ में जहाजों की आवाजाही बाधित कर समझौते की भावना का उल्लंघन किया, जबकि ईरान का कहना है कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई, नाकेबंदी और इज़राइल को समर्थन ने युद्धविराम को अर्थहीन बना दिया। स्वतंत्र रूप से इन दावों की पूरी पुष्टि संभव नहीं है, लेकिन इतना स्पष्ट है कि दोनों पक्ष युद्धविराम की अलग-अलग व्याख्या कर रहे हैं और यही टकराव का सबसे बड़ा कारण बन गया है। इस पूरे संकट में इज़राइल की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। ईरान का आरोप है कि इज़राइल की सैन्य गतिविधियों को अमेरिकी समर्थन प्राप्त है, जबकि अमेरिका इसे क्षेत्रीय सुरक्षा का प्रश्न बताता है। परिणाम यह है कि युद्ध केवल ईरान और अमेरिका के बीच सीमित नहीं रह गया, बल्कि पूरा पश्चिम एशिया उसकी चपेट में आ गया है। हार्मुज़ विश्व ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा है। सामान्य परिस्थितियों में विश्व के समुद्री तेल व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है। यदि इस मार्ग पर कोई भी पक्ष कर लगाए, जहाजों को रोकें या सैन्य नियंत्रण स्थापित करें, तो उसका प्रभाव केवल खाड़ी तक सीमित नहीं रहेगा। तेल की कीमतें बढ़ेंगी, समुद्री बीमा महंगा होगा, माल ढुलाई की लागत बढ़ेगी और अंततः पूरी दुनिया में महंगाई का दबाव बढ़ेगा। सबसे रोचक और विडंबनापूर्ण स्थिति यह है कि दोनों पक्ष लगभग एक जैसी नीति अपना रहे हैं। ईरान कहता है कि वह अपनी समुद्री सीमा और सुरक्षा के लिए शुल्क लेगा। अमेरिका कहता है कि वह समुद्री सुरक्षा उपलब्ध करा रहा है, इसलिए उसके लिए भी शुल्क लिया जाना चाहिए। नाम अलग-अलग हो सकते हैं-'टैक्स', 'टोल', 'सुरक्षा शुल्क' या 'प्रतिपूर्ति'-लेकिन अंततः भुगतान जहाज मालिकों को करना होगा और उसका भार दुनिया के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। यही इस पूरे विवाद की सबसे बड़ी विडंबना है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून का मूल सिद्धांत यह है कि अंतरराष्ट्रीय नौवहन मार्गों पर निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जाए। किसी एक देश द्वारा समुद्री मार्ग को आर्थिक या राजनीतिक दबाव का साधन बनाना वैश्विक व्यापार व्यवस्था की भावना के विरुद्ध माना जाता है। यही कारण है कि दोनों पक्षों के दावों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रश्न उठ रहे हैं। भारत के लिए यह संकट विशेष चिंता का विषय है।

भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा भाग आयात करता है और उसका महत्वपूर्ण हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। यदि हार्मुज़ में तनाव बढ़ता है तो कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेंगी, पेट्रोल और डीज़ल महंगे होंगे, परिवहन लागत बढ़ेगी, उर्वरकों की कीमत प्रभावित होगी और अंततः महंगाई का दबाव आम नागरिक तक पहुंचेगा। इसके अतिरिक्त खाड़ी देशों में कार्यरत लाखों भारतीयों की सुरक्षा और भारतीय निर्यात-आयात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। खाड़ी देशों की स्थिति भी कम कठिन नहीं है। वे एक ओर अमेरिका के सुरक्षा सहयोगी हैं, दूसरी ओर उनकी अर्थव्यवस्था समुद्री व्यापार और ऊर्जा निर्यात पर निर्भर है। इसलिए वे किसी भी ऐसे संघर्ष से बचना चाहते हैं जिससे व्यापार बाधित हो। लंबे समय तक तनाव बना रहा तो खाड़ी देशों की आर्थिक वृद्धि और निवेश दोनों प्रभावित होंगे। वास्तविकता यह है कि आधुनिक युद्धों में 'आर-पार की जीत' अब लगभग असंभव हो गई है। अमेरिका जैसी महाशक्ति भी ईरान जैसे क्षेत्रीय शक्ति-संपन्न देश को स्थायी रूप से झुका नहीं सकती, और ईरान भी अमेरिका को सैन्य रूप से पराजित करने की स्थिति में नहीं है। यह संघर्ष किसी एक क्षेत्र का नहीं, पूरी मानवता का प्रश्न बन चुका है। यदि अमेरिका और ईरान वास्तव में शांति चाहते हैं तो उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि प्रतिष्ठा की लड़ाई में आर्थिक स्थिरता और वैश्विक विश्वास को दांव पर नहीं लगाया जा सकता। आधुनिक विश्व में स्थायी विजय युद्ध से नहीं, संवाद और संतुलित कूटनीति से ही प्राप्त होती है।

## बुरे लोग ही दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित
दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

## झूठ बोलकर मिला ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित
प्रेरणा

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा, सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

सटाका




आज की पाती

### होर्मुज संकट : विश्व आर्थिकी के लिए बढ़ता खतरा

अमरीका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक चिंता का विषय बना दिया है। यदि यह समुद्री मार्ग लंबे समय तक बाधित रहता है, तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार व्यवस्था प्रभावित होगी। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय संघर्ष अब वैश्विक संकट का रूप ले सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। प्रतिदिन दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल और बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। जहाजों की आवाजाही अगर बाधित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आना स्वाभाविक है। *– कमलेश शर्मा, अंबाला*

ट्रेंड

**अदम्य कौशल की प्रतीक बनीं महिला क्रिकेट**



भारतीय महिला क्रिकेट के एक नए दौर की शुरुआत। इंग्लैंड के खिलाफ आज का टेस्ट मैच जीतने के लिए हमारी महिला क्रिकेट टीम को बधाई। यह भारतीय महिला क्रिकेट के अदम्य कौशल का प्रतीक है।
- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

**डबल-इंजन' सरकार**



भारत सरकार पश्चिम बंगाल के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। 'डबल-इंजन' सरकार कदम-से-कदम मिलाकर और कंधे-से-कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगी। पश्चिम बंगाल को तरक्की और विकास के मामले में देश में नंबर वन बनाने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी।
-**शिवराज सिंह चौहान**, केंद्रीय कृषि मंत्री

**शिक्षा व्यवस्था बनी वसूली का जरिया**



भ्रष्ट, अन्यायपूर्ण, पक्षपाती और बेईमान - ये चार शब्द मेरे नहीं हैं, बल्कि देश के छात्र आज भारत की शिक्षा व्यवस्था के लिए इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। सच तो यह है कि भारत की शिक्षा व्यवस्था अब जबरन वसूली का एक बेईमान ज़रिया बन गई है।
- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

**जंतर-मंतर पर प्रदर्शन को समर्थन**



सीजेपी का जंतर-मंतर पर कई दिनों से विरोध-प्रदर्शन चल रहा है। सोनम वांगचुक वहां कई दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। हम उनकी मांगों का समर्थन करते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

## यूरोप में भीषण गर्मी भौंरों के लिए साबित हो रही जानलेवा


संभव है कि गर्मियों के महीनों में आपको अपने आस-पास फुटपाथ पर मरे हुए भौंरे (बम्बलबीज) दिखाई दें। इसके पीछे कई कारण हैं जिनमें कुछ मौसमी और काफी हद तक इंसानी गतिविधियां हैं। भौंरे सामाजिक होते हैं और कॉलोनियों में रहते हैं। इन कॉलोनियों को बहुत सक्रिय मजदूर भौंरें चलाते हैं, जिनकी उम्र बहुत छोटी यानी चार से छह हफ्ते की होती है। इसका अभिप्राय है कि काफ़ी कम समय में ही बूढ़े होकर ये भौंरें मर जाते हैं और कॉलोनी में बीमारी फैलने से रोकने के लिए, स्वस्थ युवा मजदूर भौंरे मरे हुए भौंरों को बाहर निकालकर कॉलोनी से काफ़ी दूर ले जाते हैं। एक और वजह मौसम है। 2026 में इंग्लैंड में जून का महीना अब तक का सबसे गर्म रहा (और पूरे ब्रिटेन के लिए यह दूसरा सबसे गर्म महीना था) और इस गर्मी में तापमान के और भी ज्यादा रहने की आशंका है। इस तरह की अत्यधिक गर्मी से भौंरों में तनाव पैदा होता है। लंबे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने से उनके विकास पर असर पड़ता है और उनकी आबादी की लंबे समय की स्थिरता खतरे में पड़ जाती है। भीषण गर्मी का नकारात्मक असर इन भौंरों के प्रजनन, उड़ने और भोजन की तलाश करने की क्षमता पर भी पड़ता है।



ऑफ बीट

## साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी

साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं। लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं। हमारे पैरों को हर कदम पर एक बड़े दायरे में आगे बढ़ाना पड़ता है, हर कदम पर पैरों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर उठाना पड़ता है। सिर्फ इस क्रिया में ही शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। साइकिल पर, आपके पैर बहुत छोटी गोलाकार गति में घूमते हैं। हर क्रिया पर अपने पूरे पैर का वजन उठाने के बजाय, आप बस अपनी जांघों और पिंडलियों को एक संकुचित पैडल वाली साइकिल पर घुमाते हैं। इस वजह से शारीरिक ऊर्जा की बचत तुरंत महसूस होती है। लेकिन असली दक्षता यह है कि मानव ताकत ऐसी ऊर्जा में बदल जाती है जो साइकिल को आगे बढ़ाती है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# काउबॉय हैट लुक में नजर आए सलमान...

**मुंबई।** जल्द ही सलमान खान की अपकमिंग फिल्म मातृभूमि रिलीज होगी। इसी बीच उन्हें मुंबई के बांद्रा में एक डबिंग स्टूडियो के बाहर देखा गया। पैपराजी भाईजान की तस्वीरें और वीडियो लेने के लिए मौके पर नजर आए। एक वायरल वीडियो में सलमान खान काउबॉय हैट लुक में दिखाई दिए, जो उन पर खूब जंच रहा था। वायरल वीडियो में सलमान ने यूनीक काउबॉय हैट पहनी थी साथ ही उनके गले में एक पेंडेंट भी था, उस पर तीन नग लगे थे। यह पेंडेंट उनके लुक को और भी खास बना रहा था। सलमान खान 'मातृभूमि' नाम की एक देशभक्ति से भरी फिल्म कर रहे हैं।

लाइफ Style



# जैस्मिन

## लाइव कॉन्सर्ट में किया सगाई का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' ने जमकर तबाही मचाई थी। इसके सभी कलाकारों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। वहीं, इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के गानों को भी काफी पसंद किया गया है।

इन गानों को सिंगर जैस्मीन सैंडलस ने भी अपनी आवाज दी है, जो फिलहाल अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दिल्ली में उन्होंने अपने मंगेतर शेखर चौधरी से फैंस को रुबरु कराया है? 'धुरंधर' के साथ-साथ जैस्मीन सैंडलस की लोकप्रियता में भी गजब का इजाफा हो गया था। वो आज के वक्त की मशहूर और चर्चित सिंगर्स में से एक बन चुकी हैं। सिंगर ने हाल ही में दिल्ली में एक लाइव कॉन्सर्ट किया। इस दौरान उन्होंने फैंस को हैरान क दिया। स्टेज पर उन्होंने शेखर चौधरी को अपने फैंस से मिलवाया। स्टेज पर दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक रही। बीच कॉन्सर्ट में शेखर ने स्टेज पर एंट्री ली. जैस्मीन ने दौड़कर शेखर को गले लगा लिया और ऐलान किया कि शेखर के साथ उनकी सगाई हो चुकी है। जैस्मीन ने कहा, 'तू आ ही गया चौधरी साहब स्टेज ते, दिस इज माई मैन, एवरीबडी.' वहीं इसके अलावा उन्होंने कहा, 'ये वही इंसान हैं जिन्होंने मुझे रिंग पहनाई है, ये मेरे हैं।' शेखर चौधरी को लाइमलाइट से दूर रहना पसंद हैं। तभी तो सगाई के बाद लोगों को पता लग पाया है कि जैस्मीन और शेखर रिलेशनशिप मे हैं। बता दें कि जहां जैस्मीन म्यूजिक और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से ताल्लुक रखती हैं तो वहीं शेखर का इस फील्ड से कोई रिश्ता नहीं है।

हॉलीवुड मसाला



# 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**लॉस एंजिल्स।** जुरासिक पार्क फ्रैंचाइजी में डॉ. एलन ग्रांट का किरदार निभाने वाले न्यूजीलैंड के एक्टर सैम नील का सोमवार को निधन हो गया। वो 78 साल के थे। पांच दशकों से ज्यादा लंबे कॅरियर में नील ने 150 से ज्यादा फिल्मों और शो में काम किया। उनकी फिल्मों की लिस्ट में डेड काम, द हंट फॉर रेड अक्टूबर, द जंगल बुक, इन द माउथ ऑफ मैडनेस, इवेंट होराइजन, बाइसेंटेनियल मैन, द डिश, पीटर रैबिट और ताइका वाइटीटी की हंट फॉर द वाइल्डरपीपल शामिल हैं।



# माइकल ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'माइकल'24 अप्रैल को रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म किया और इसे दर्शकों से खूब प्यार मिला। अब फिल्म ने एक नया माइलस्टोन हासिल किया है। 'माइकल'ने दुनियाभर में 1 बिलियन डॉलर (करीब 100 करोड़) की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही यह दुनिया की पहली बायोपिक फिल्म बन गई है, जिसने यह मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने विदेशों में 629.8 मिलियन डॉलर (5,996.28 करोड़) और घरेलू बॉक्स ऑफिस (अमेरिका) में 371.8 मिलियन डॉलर की कमाई की है। इस तरह फिल्म की कुल कमाई 1.001 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। यह फिल्म अप्रैल में रिलीज हुई थी और तभी से लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है।



# हेमा की बायोपिक के लिए दीपिका पहली पसंद

**नई दिल्ली।** ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी की जिंदगी अगर कभी बड़े पर्दे पर उतरी, तो उनका किरदार कौन निभाएगा? ये सवाल सालों से फैंस के मन में घूम रहा था। अब खुद हेमा मालिनी ने इस सस्पेंस से पर्दा उठा दिया है। 60 साल के फिल्मी सफर का जश्न मना रहीं हेमा मालिनी ने साफ कर दिया कि अगर उनकी बायोपिक बनती है, तो वो उसमें दीपिका पादुकोण को देखना चाहेंगी। हेमा ने कहा कि अगर दीपिका चाहें तो वो उनका रोल कर सकती हैं। उन्होंने दीपिका की तारीफ करते हुए कहा कि वो खूबसूरत हैं, टैलेंटेड हैं और इस किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकती हैं। हेमा और दीपिका का रिश्ता नया नहीं है। साल 2017 में जब हेमा मालिनी की बायोग्राफी लॉन्च हुई थी, तब भी उन्होंने दीपिका को ही इसके लिए चुना था।



# सात साल बाद गोविंदा का कमबैक...

**नई दिल्ली।** हीरो नंबर 1 गोविंदा अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर कमबैक करने के लिए तैयार हैं। वो फिल्म रूपा में नजर आने वाले हैं। गोविंदा ने रूपा की अनाउंसमेंट कर दी है। इस फिल्म में वो नई एक्ट्रेस रानी स्वर्णकार संग दिखेंगे. फिल्म को गोविंदा प्रोड्यूस भी कर रहे हैं। गोविंदा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात की। फिल्म के बारे में उन्होंने कहा, 'अब मैं तैयार हूं। अब आगे आप पूरी कास्ट को देख पाएंगे. मुझे ऐसा लगता है कि ये अलग तरह की फिल्म होगी खासकर यंगस्टर्स के लिए। बहुत ही उम्मीदों के साथ यंगस्टर्स शुरुआत करते हैं, लेकिन वो कभी-कभार भटक जाते हैं। माया का जो हिस्सा हम दिखा सकते हैं वो मैं अब इस फिल्म में दिखाने जा रहा हूं। यंगस्टर्स भीड़ में खोए हुए व्यक्ति की तरह न लगे।'

टीवी मसाला



# आदर्श बाल विद्यालय का ट्रेलर आया सामने कॉमेडी और ह्यूमर से भरपूर दिखी कहानी

**नई दिल्ली।** हिमांक गौर के निर्देशन में बनी नई कॉमेडी-ड्रामा सीरीज आदर्श बाल विद्यालय का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। बच्चों की अतरंगी मस्ती से भरपूर सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय'का ट्रेलर सामने आ गया है। ट्रेलर में ज्ञानेश्वर त्रिपाठी (केके मेनन द्वारा अभिनीत) नाम का एक लापरवाह स्कूल प्रिंसिपल नजर आता है, जो कैम्ब्रिज में सरकार द्वारा प्रायोजित एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में अपने स्कूल के बच्चों को भेजना चाहता है। उनकी इसी इच्छा के कारण वे अपनी टीचर्स की टीम के साथ मिलकर स्कूल के बच्चों को सुधारने की कोशिश करते हैं, लेकिन बिगड़ेल बच्चों की हरकतों की वजह से उसे कैम्ब्रिज का सपना अधूरा लगने लगता है। इस बीच उसे कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ट्रेलर में हल्की-फुल्की कॉमेडी, बच्चों की मस्ती और मनोरंजन से भरपूर एक सीरीज की झलक देखने को मिलती है। 'आदर्श बाल विद्यालया' सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। इस सीरीज के कुल 7 एपिसोड आएंगे। सीरीज 24 जुलाई से भारत और दुनिया भर में हिंदी भाषा और अंग्रेजी सबटाइटल के साथ स्ट्रीम होगी।

## बिग बॉस को टक्कर देने आया भोजपुरी बवाल

**नई दिल्ली।** जब भोजपुरी मनोरंजन जगत के सबसे बड़े सुपरस्टार एक ही टेबल पर साथ बैठते हैं, तो नतीजा सिर्फ एक मुलाकात नहीं, बल्कि 'बवाल' होता है। 2 अगस्त को होने वाले प्रीमियर से पहले, जियोहॉटस्टार



और कलर्स ने 'भोजपुरी बवाल' की पहली झलक जारी की है, जो दर्शकों को आनेवाली बेबाक बातचीत, मस्ती, टकराव और जबरदस्त मनोरंजन की एक रोमांचक झलक दिखाती है। पवन सिंह, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', आम्रपाली दुबे, काजल राघवानी और तेज प्रताप यादव पहली बार भारत की पहली प्रीमियम सेलिब्रिटी-फॉलो रियलिटी सीरीज में बेबाक अंदाज में नजर आएंगे. वीडियो की शुरुआत डिनर टेबल पर बैठे कलाकारों से होती है, जहां वे इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि शो को दर्शकों के सामने कैसे पेश किया जाए. लेकिन कुछ ही पलों में बातचीत अप्रत्याशित मोड़ ले लेती है। हल्की-फुल्की नोकझोंक बहस में बदल जाती है, मजाक आरोपों का रूप ले लेता है और सभी सितारे एक-दूसरे से जुड़ी अफवाहों, विवादों और लोगों की धारणाओं पर खुलकर बात करने लगते हैं।

# कहानी ऐसी हो, जो सोचने पर मजबूर करे : जॉन अब्राहम

मुंबई। पिछले काफी वक्त से जॉन अब्राहम रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली मुंबई के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया की बायोपिक को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में जॉन अब्राहम ने राकेश मारिया का किरदार निभाने और असल जिंदगी के लोगों को पर्दे पर उतारने की जिम्मेदारी के बारे में बात की। साथ ही उनका मानना है कि सिनेमा का काम सिर्फ मनोरंजन करना नहीं है। इसे फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के जेहन में बने रहना चाहिए। एक बातचीत के दौरान जॉन ने कहा कि दमदार कहानी कहने का तरीका ऐसा होना चाहिए, जो मनोरंजन करे, सोचने पर मजबूर करे और फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के मन में बसी रहे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कहानी आपको कुछ न कुछ देकर जानी चाहिए। मनोरंजन जरूरी है, सिनेमा को हमेशा आपको जोड़े रखना चाहिए। लेकिन अगर कोई फिल्म थिएटर से निकलने या उसे देखने के बाद भी आपके साथ बनी रहती है, तो यह और भी अच्छी बात है। मैं प्रोजेक्ट्स इसलिए नहीं चुन रहा हूं कि वे कोई खास बात कहना चाहते हैं। मैं उन्हें इसलिए चुनता हूं क्योंकि मुझे लगता है कि वे ईमानदार हैं, अच्छी तरह से कही गई हैं और भावनात्मक रूप से जोड़ने वाली हैं। अगर उनसे बातचीत शुरू होती है, तो यह एक बोनस है।



## राकेश मारिया का निभाएंगे किरदार

इतने साल में एक प्रोड्यूसर के तौर पर मुझे एहसास हुआ है कि मैं ऐसी कहानी को सामने लाने में मदद कर सकता हूं जिसे देखा जाना चाहिए। आखिर में, कहानी ही सबसे अहम होती है। अगर वह मुझे प्रभावित करती है, तो मैं उसे सपोर्ट करूंगा। मुंबई के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया की बायोपिक को लेकर भी जॉन अब्राहम ने बात की। उन्होंने कहा कि राकेश मारिया का करियर हमारे देश के इतिहास की कुछ अहम घटनाओं से जुड़ा रहा है, इसलिए उन्हें पर्दे पर उतारने में एक बड़ी जिम्मेदारी का एहसास होता है। जब आप किसी असली इंसान का किरदार निभाते हैं, तो मकसद उनकी नकल करना नहीं होता, बल्कि उनकी पब्लिक इमेज के पीछे छिपे असली इंसान को समझना होता है।

# जापान में धुरंधर का बुरा हाल, बॉक्स ऑफिस पर साबित हुई डिजास्टर...

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह स्टारर और आदित्य धर निर्देशित धुरंधर ने देश और दुनियाभर में ब्लॉकबस्टर परफॉर्म किया था। वहीं, ये फिल्म 10 जुलाई को जापान में रिलीज की गई थी, लेकिन यहां ये फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकामयाब साबित हुई है। जापान में फिल्म की ओपनिंग काफी ठंडी रही है। बता दें कि जापान में 'धुरंधर' को एक बड़ा झटका लगा है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस बड़े बजट की एक्शन ड्रामा फिल्म को 10 जुलाई को देश भर में लगभग 80 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहले दिन 900 से भी कम दर्शकों ने यह फिल्म देखी। गौरतलब है कि इसे जापानी मार्केट में जोर-शोर से प्रमोट किया गया था बावजूद इसके ये जापानी बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन फुस्स साबित हुई है। इसी के साथ ये



जापान में किसी भारतीय फिल्म की सबसे कमजोर ओपनिंग में से एक बन गई है। हैरानी की बात ये है कि ये फिल्म जापान में अपने पहले दिन टॉप 25 फिल्मों में भी जगजह नहीं बना पाई।

## जापानी दर्शकों को पसंद आई फिल्म

रिलीज के स्केल को देखते हुए, ओपनिंग के आंकड़े ट्रेड के लिए एक बड़ा सरप्राइज रहे हैं। रिलीज से पहले फिल्म से अच्छी उम्मीदें थीं। हालांकि, जापानी दर्शकों को यह फिल्म पसंद नहीं आई, जिसके कारण ज्यादातर जगहों पर बहुत कम लोग फिल्म देखने पहुंचे। गौरतलब है कि जापान में आरआरआर और साहो जैसी कई भारतीय फिल्में सफल रही हैं और उन्होंने ओपनिंग डे पर बहुत ज्यादा दर्शक जुटाए थे। इसके उलट, 'धुरंधर' की शुरुआत पुष्पा 2 जैसी ही धीमी रही। दरअसल, पुष्पा 2 को भी रिलीज से पहले जबरदस्त चर्चा के बावजूद पहले दिन 900 से कम दर्शक मिले थे। यह ट्रेंड बताता है कि जापानी मार्केट में ग्लोबल पॉपुलैरिटी को बॉक्स ऑफिर पर सक्सेस में बदलना एक चुनौती है।

## तीसरी बेगम से रक्तांचल 3 तक, मनोरंजन की होगी बारिश

# इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

### मर्डर 101

नाम से ही साफ है कि यह एक मर्डर मिस्ट्री है। अमेरिका के दशकों पुराने अनसुलझे मर्डर केस पर आधारित यह इन्वेस्टिगेशन सीरीज सिर्फ अपने तीन एपिसोड के साथ फिलहाल रिलीज हो रही है। इसमें एलेक्स कैंपबेल लीड रोल में हैं। 13 जुलाई से यह सीरीज प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है।

### राइड और डाई

यह एक एक्शन-कॉमेडी सीरीज है। दो दोस्तों की जिंदगी पर बनी यह सीरीज इस वीक रिलीज होगी। इसे 15 जुलाई से अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकेगा। इसमें हन्ना वाडिंगहैम और ऑक्टेविया स्पेंसर लीड रोल में हैं।

**नई दिल्ली।** यह वीक सिनेमा प्रेमियों के लिए काफी खास है। हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' इसी वीक सिनेमाघरों में सजेगी। इसके अलावा रहूं मैं तेरे रूबरू और महाप्रभु जगन्नाथ भी रिलीज होने वाली हैं। थिएटर्स से अलग ओटीटी पर भी कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज रिलीज होंगी।




### तीसरी बेगम

यह फिल्म भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह वेब्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। इसके लिए दर्शकों को कोई शुल्क अदा नहीं करना होगा वेब्स पर यह मुफ्त में स्ट्रीम होगी। निर्माता, लेखक एवं निर्देशक के सी बोकाड़िया की यह फिल्म 18 जुलाई से स्ट्रीम होगी।

### रक्तांचल सीजन 3

इस वीक 'रक्तांचल सीजन 3' भी आ रही है। यह एमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। रितम श्रीवास्तव निर्देशित सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। दर्शक बिना किसी सब्सक्रिप्शन के मुफ्त में इस सीरीज को एंजॉय कर सकते हैं। इसकी कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी इस वेब सीरीज का पहला सीजन साल 2020 में और दूसरा सीजन 2022 में आया था।

### डिजायर

इस हफ्ते की ओटीटी लिस्ट में 'डिजायर' भी है। यह 17 जुलाई, 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में लुडविका पालेटा और जोस मारिया याजपिक जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म एक ऐसे परिवार की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक स्विमिंग कोच के आने से गहरा और खतरनाक भावनात्मक मोड़ आता है।

### 23,000 लाइव्स

यह जर्मन ड्रामा फिल्म है। 23,000 लाइव्स। 23,000 लाइव्स 17 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म 'जुगेंड रेटेट' नाम के युवाओं के एक ग्रुप की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिन्होंने क्राउडफंडिंग के जरिए एक पुराना जहाज खरीदा और भूमध्य सागर में 23,000 से ज्यादा लोगों की जान बचाई थी।

# नर्मदा तटों पर लगी आस्था की डुबकी

## हरियाली अमावस्या पर हुआ पूजन-पाठ, स्नान, ध्यान

**जबलपुर। हरियाली अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और नर्मदा में डुबकी लगाकर दान पुण्य किया। तड़के चार बजे से श्रद्धालुओं का नर्मदा तटों पर पहुंचना प्रारंभ हो गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर डुबकी लगाई।**



हरियाली अमावस्या को लेकर धर्मावलंबियों में खासा उत्साह रहा। पंडित पीएल गौतमाचार्य के अनुसार आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या पड़ने के कारण इसे हरियाली अमावस्या भी कहते हैं। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा और नर्मदा का स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। पीपल के पेड़ की 108 बार परिक्रमा करने का भी विधान है। महिलाओं ने पूरी आस्था के साथ इस विधान को पूरा किया। मान्यतानुसार पीपल के वृक्ष में 36 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। अमावस्या पर पूजन से सभी मन्नतें पूरी होती हैं। पंडितों का कहना है कि जिनका चंद्रमा कमजोर है, वह गाय को दही-चावल खिलाएं तो मानसिक शांति मिलेगी।

### क्या है महत्व

हरियाली अमावस्या का पुराणों में विशेष महात्म्य बतलाया गया है। हरियाली अमावस्या भी स्नान दान का पर्व है। पंडित पीएल गौतमाचार्य का कहना है कि हरियाली अमावस्या विशेष पुण्यकारी मानी जाती है। इस दिन स्नान तथा दीन-हीन, असहाय लोगों को दान देने से साधकों को पितृ दोष, कालसर्प दोष और शनि दोष से मुक्ति मिलती है। इस दिन व्रत रहकर स्नान-दान करने से सन्तान को सुख एवं परिवार में शांति व समृद्धि बनी रहती है। स्त्रियों को वैधव्य नहीं होता और चिरकाल तक सौभाग्य मिलता रहता है। अमावस्या पितृकार्य का दिन है और चन्द्रलोक ही पितृलोक का निवास स्थान है।



# स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की कथित अनियमितताओं के विरोध में धरना, जांच समिति गठन का आश्वासन

**जबलपुर**। स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के विरोध में समाजवादी पार्टी एवं पैरेंट्स एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश द्वारा घंटाघर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा एवं पैरेंट्स एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने किया।धरना स्थल पर जिला प्रशासन की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय के प्रतिनिधि नवीन कोठारी पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। उन्होंने ज्ञापन में उठाई गई मांगों पर गंभीरता से कार्रवाई करने का लिखित आश्वासन दिया।प्रदर्शनकारियों को बताया गया कि डॉ. आदर्श विश्नोई के विरुद्ध निलंबन संबंधी कार्रवाई के लिए जिला कलेक्टर को पत्र भेजा जाएगा। साथ ही शिकायतों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच के लिए नई जांच समिति गठित कर पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही गई।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाना नहीं, बल्कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग में पारदर्शिता, जवाबदेही और नियमों का पालन सुनिश्चित कराना है। उन्होंने प्रशासन से समयबद्ध कार्रवाई की अपेक्षा जताई और कहा कि आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई नहीं होने पर आगे की लोकतांत्रिक रणनीति पर विचार किया जाएगा।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी एवं पैरेंट्स एसोसिएशन ने जिला प्रशासन के आश्वासन पर आभार व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई।

# सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में 16-17 जुलाई को होगी रयान गोल्डन जुबली इंटर-स्कूल फुटसल चैंपियनशिप

**जबलपुर**। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, गुप्तेश्वर में 16 एवं 17 जुलाई को 'रयान गोल्डन जुबली इंटर-स्कूल फुटसल चैंपियनशिप-2026' का आयोजन किया जाएगा। रयान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के '50 वर्षों की उत्कृष्टता' समारोह के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में शहर के 16 प्रमुख स्कूलों की टीमें भाग लेंगी। चैंपियनशिप नॉकआउट प्रारूप में खेली जाएगी। प्रथम चरण के मुकाबले 16 जुलाई को होंगे, जिनमें जॉनसन हायर सेकेंडरी स्कूल-लिटिल वर्ल्ड स्कूल, सेंट एलॉयसियस सदर-कैंटोनमेंट स्कूल, सेंट ऑगस्टीन स्कूल-सेंट जेवियर्स गुप्तेश्वर, सनातन धर्म हायर सेकेंडरी स्कूल-सेंट थॉमस सदर, सेंट एलॉयसियस पोलीपाथर-स्मॉल वंडर स्कूल, रयान इंटरनेशनल स्कूल शांति नगर-सेंट जेवियर्स हाई स्कूल शांति नगर, ज्ञानोदय स्कूल-महर्षि विद्या मंदिर नर्मदा रोड तथा आर.एस. बेला सिंह स्कूल-ग्रीन वैली स्कूल के बीच मुकाबले होंगे। क्वार्टर फ़ाइनल भी 16 जुलाई को खेले जाएंगे, जबकि सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल 17 जुलाई को आयोजित होंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के दौरान योग्य रेफरी, मेडिकल सपोर्ट तथा बेहतर खेल सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और फेयर प्ले की भावना को बढ़ावा देना है। स्कूल प्रबंधन ने छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और खेल प्रेमियों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।



# दूसरे प्रवेश द्वार निर्माण पर रोक की मांग खटीक समाज ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर**। छोटी ओमती स्थित पुरानी आबकारी के समीप एक विशेष समाज के लिए प्रस्तावित दूसरे प्रवेश द्वार (गेट) के निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर मंगलवार को सोनकर खटीक समाज भारतीपुर के प्रतिनिधियों ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। महाकौशल विधि छात्र संघ के अध्यक्ष एड. अंकुश चौधरी ने बताया कि छोटी ओमती आबकारी के पास से अंदर जाने वाले मार्ग पर कुछ दिन पहले ही संबंधित बस्ती के लिए एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण हो चुका है। इसके बावजूद उसी मार्ग पर लगभग 100 मीटर की दूरी पर एक और द्वार का निर्माण कराया जा रहा है, जिसे समाज ने अनावश्यक बताते हुए इस पर आपत्ति जताई है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस मार्ग का उपयोग विभिन्न समाजों के लोग करते हैं और प्रस्तावित निर्माण से क्षेत्र में असंतोष एवं सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है। समाज ने निर्माण कार्य की जांच कराते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में एड. अंकुश चौधरी, एड. अनुशंकर सोनकर, सिद्धार्थ सोनकर, एड. संदीप चौधरी, एड. अमित चौधरी, राजीव सोनकर, एड. अभिलाष सोनकर, एड. शुभंकर सोनकर, शिवांश सोनकर, समर्थ सोनकर, दीपांशु सोनकर, आकाश सोनकर, विक्रमजीत सोनकर, निक्की सोनकर, अप्पू सोनकर, गप्पू सोनकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।





# मकान तोड़ने और हमले के प्रयास का आरोप, महिला ने एसपी से मांगी सुरक्षा

**जबलपुर**। अधारताल थाना क्षेत्र के संजय नगर, सुभाष वार्ड स्थित पानी की टंकी के पास रहने वाली संध्या राजपूत ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अपने और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने आरोप लगाया कि कन्हैया राजपूत, विष्णु राजपूत, केतन राजपूत एवं एक अन्य व्यक्ति ने पूर्व में उनके मकान को क्षति पहुंचाई थी और 12 जुलाई को दोबारा मकान तोड़ने का प्रयास किया। संध्या राजपूत के अनुसार, विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें मारपीट की धमकी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि विवाद के दौरान उनके पति अवधेश राजपूत के मौके पर पहुंचने पर आरोपियों ने तलवार से उनके पति और बेटे पर हमला करने का प्रयास किया। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद से परिवार भय के माहौल में रह रहा है।ज्ञापन में पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने तथा परिवार की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है।



# जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों ने वेतन भुगतान में देरी पर जताई नाराजगी

**जबलपुर**। जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों ने जुलाई माह का वेतन समय पर नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कर्मचारी संघ का आरोप है कि 14 जुलाई तक विभाग के कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं हुआ, जबकि अन्य विभागों के कर्मचारियों को वेतन मिल चुका है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि वेतन में देरी के कारण कर्मचारियों को बिजली बिल, ईएमआई और अन्य आवश्यक भुगतान करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिला सचिव मुकेश शुक्ला सहित कमलेश मिश्रा, जमना मिश्रा, राधेश्याम, सुरेश, सुदामा और सोनिया ने शीघ्र वेतन भुगतान की मांग की है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द वेतन जारी नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं, इस संबंध में विभागीय अधिकारियों का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है।

# पावर मैनेजमेंट कंपनी में मास कम्युनिकेशन विद्यार्थियों का सात दिवसीय कार्यानुभव प्रशिक्षण शुरू

**जबलपुर**। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के जनसंपर्क कार्यालय में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संचार अध्ययन एवं शोध विभाग के बीए मास कम्युनिकेशन द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों का सात दिवसीय कार्यानुभव प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ हुआ। उद्घाटन अवसर पर कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) एफ.के. मेश्राम ने कहा कि सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए आवश्यक एवं अनिवार्य है। उन्होंने निष्पक्ष, तथ्यपरक और जिम्मेदार पत्रकारिता के महत्व पर बल दिया। अतिरिक्त मुख्य अभियंता अनुराग नायक ने विद्यार्थियों से सत्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व को अपनाने का आह्वान किया। प्रबंधक (मानव संसाधन) पराग मिश्रा ने विद्युत कंपनियों में जनसंपर्क अधिकारी के रूप में रोजगार की संभावनाओं की जानकारी दी। जनसंपर्क अधिकारी पंकज स्वामी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान समाचार लेखन, फीचर लेखन, पत्र कतरन, विज्ञापन, सोशल मीडिया कंटेंट, फोटोग्राफी, ऑडियो-वीडियो माध्यम तथा शासकीय जनसंपर्क कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में आर्या शर्मा, प्राची शर्मा, नेहा दत्ता, मोनालिसा सोनकर, यशस्वी पांडे, संध्या विश्वकर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, अनंत शर्मा, हेमराज सिंह नाहर, सर्वेश कुमार सेन, सुंदर लाल बर्मन एवं सत्य दीप शाह सहभागी हैं। प्रशिक्षण का संयोजन एवं समन्वय विभागाध्यक्ष प्रो. धीरेन्द्र पाठक तथा अतिथि व्याख्याता डा. संजीव श्रीवास्तव द्वारा किया जा रहा है।



# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत ब्यौहारी स्टेशन पर हुई विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएं

**जबलपुर**। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जबलपुर मंडल के ब्यौहारी रेलवे स्टेशन पर विद्यालय स्तरीय चित्रकला, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में ब्यौहारी के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय रेल, स्टेशन पुनर्विकास, स्वच्छता, विरासत संरक्षण तथा राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों से जोड़ना था। प्रतिभागियों ने रेलवे विकास, स्वच्छ एवं सुरक्षित रेल परिसर तथा नागरिकों की भूमिका पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर शिक्षकों, रेलवे अधिकारियों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें अमृत भारत स्टेशन योजना और भारतीय रेल के विकास कार्यों से परिचित कराते हैं तथा समाज में रेलवे के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# भजन-कीर्तन के साथ निकली शोभायात्रा

## प्राचीन खेरमाई मंदिर में महाकाली, हनुमान व भैरव प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा

**जबलपुर**। न्यू चेरीताल स्थित प्राचीन खेरमाई मंदिर में आषाढ़ माह की हालहरणी अमावस्या के अवसर पर माता महाकाली, श्री हनुमानजी महाराज एवं श्री भैरव महाराज की प्रतिमाओं की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इससे पूर्व भक्तों ने भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। आयोजक रामस्वरूप रजक ने बताया कि शोभायात्रा प्राचीन खेरमाई मंदिर से प्रारंभ होकर परिजात बिल्डिंग, वसुंधरा कॉलोनी और संगम कॉलोनी होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। पिछले तीन दिनों से वैदिक आचार्यों द्वारा पूजन, अभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे थे। मंगलवार को विशेष पूजन, हवन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में रमेश रजक, दिनेश पटेल, राज मिस्त्री, राजू पटेल, पप्पू श्रीवास सहित क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# अजाक्स संघ नगर निगम अध्यक्ष ने फर्जी शिकायतों की जांच की मांग की

**जबलपुर**। अजाक्स संघ नगर निगम अध्यक्ष अमित मेहरा ने उनके विरुद्ध की जा रही कथित फर्जी शिकायतों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रशासन को लिखित आवेदन सौंपा है। अमित मेहरा का दावा है कि पूर्व में उनके खिलाफ की गई एक शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा वापस ले ली गई थी। उनका आरोप है कि बाद में इसी तरह की शिकायत इंदौर निवासी टीटू यादव के नाम से कमिश्नर कार्यालय में प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल फोन बंद मिला, जिसके बाद शिकायत की सत्यता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आवेदन में कथित फर्जी शिकायतों के पीछे जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान कर निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई है। हालांकि, इस मामले में संबंधित शिकायतकर्ता अथवा प्रशासन का पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका है।

# जनेकृविवि में स्नातक प्रवेश के लिए दस्तावेज सत्यापन जारी

## 28 जुलाई से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

**जबलपुर**। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि) में कृषि आधारित स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दस्तावेजों का सत्यापन कार्य जारी है। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा एवं कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. अल्पना सिंह के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय तथा राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के अधीन संचालित पाठ्यक्रमों में मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया संपन्न की जा रही है। प्रवेश समिति के सदस्य वीरेन्द्र पटेल ने बताया कि 14 से 19 जुलाई तक बीएससी कृषि की 1043, उद्यानिकी (हॉर्टिकल्चर) की 224, वानिकी की 34 तथा बीटेक की 92 सीटों के लिए अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची 20 जुलाई को ऑनलाइन जारी होगी, जबकि 28 से 31 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी।



विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर के साथ रीवा और टीकमगढ़ में भी दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जा रही है। सत्यापन समिति में डॉ. अल्पना सिंह, डॉ. एच.के. राय, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह नरवरिया, डॉ. परवेज राजन, डॉ. आराधना कुमारी, डॉ. प्रशांत, डॉ. कैलाश चौकीकर, डॉ. पारूल उपाध्याय, राजेश श्रोती, वीरेन्द्र पटेल, श्रीराम प्रकाश पटेल, विजेन्द्र कुशवाहा और लक्ष्मी नारायण पटेल सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

**नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, REKHA PANDYA is legally MOTHER of ARMY NO- 17026166X, Rank- NK, Name- PRAFULL PANDYA presently residing at Vill- MIG 5, INDRA NAGAR, POST- DEWAS GATE, UJJAIN Teh- UJJAIN, Distt – UJJAIN, State- M.P., PIN- 456001 कथन करती हूं कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि RAKHA PANDYA /20/10/1969 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम एंव जन्मतिथि REKHA PANDYA/15/10/1975 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । मेरे द्वारा शपथ पत्र न. BY 629724 दिनांक 13-07-26 नोटरी जबलपुर म.प्र. ।

गलत नाम एंव जन्मतिथि
RAKHA PANDYA /20/10/1969
सही नाम एंव जन्मतिथि
REKHA PANDYA /15/10/1975

**बेदखलीनामा**

मैं, मोहम्मद रिजवान पिता मोहम्मद सफदर उम्र लगभग 54 वर्ष निवासी-कुदवारी तालाब के पीछे, वार्ड क्रमांक 74 जिला जबलपुर निवासी हूँ। यह कि मेरी दो संताने है जिनमें पुत्र जिसका नाम मोहम्मद शाहिद शाह उम्र 28 वर्ष है एवं दूसरी संतान पुत्री जिसका नाम तसनीम जिसकी उम्र लगभग 22 वर्ष है। यह कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद शाहिद शाह को अपनी संपत्ति व अपने व्यापार/व्यवसाय से पूर्णरूप से बेदखलनामा के माध्यम से बेदखल कर रहा हूँ। यह कि आज दिनांक 13/07/2026 मेरा एवं मेरे परिवार वालो का मेरे पुत्र मोहम्मद शाहिद शाह से किसी भी प्रकार का कोई रिश्ता-नाता नही है एवं मेरा पुत्र मोहम्मद शाहिद शाह अगर भविष्य में किसी भी घटना को कारित करता है तो उससे मेरा एवं मेरे परिवार वालो को कोई लेना-देना नही होगा और न ही किसी प्रकार की कोई जवाबदारी रहेगी। लिहाजा यह बेदखलनामा मैने पूरे होश हवास में पढ़, लिखकर, समझकर, बिना डर व दबाव के सक्षम गवाहो के समक्ष निष्पादित कर दिया है। ताकि सनद रहे व जरूरत पर काम आवें।

भवदीय
मोहम्मद रिजवान
निवासी-कुदवारी तालाब के पीछे
वार्ड क्रमांक 74 जिला जबलपुर